सेंसेक्स 84,391.98 ● निफ्टी 25,758.81 ● डॉलर 89.93 ₹ ●सोना 1,31,815 ₹ ● चांदी 1,90,000 ₹

पेज 06 हिंदू विकास दरः भारत के साथ...   पेज 08 जिला स्वास्थ्य समिति व जिला ..

पेज 12




पारा आपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 23.00 | 09.00 |

सूर्यास्त (आज) ▸ 17.03

सूर्योदय (कल) ▸ 06.19


बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी, संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, गुरुवार 11 दिसंबर 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 08 अंक : 158 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com



झारखंड दर्शन के पाठकों व शुभेच्छुओं से आग्रह है कि किसी भी प्रकार के विज्ञापन देने के लिए आप फोन नंबर 9262578999 या 7979814155 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही अगर आप तक हमारे अखबार की प्रति नहीं पहुंच रही है तो भी उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रबंधक

आवश्यकता

हमारे हिंदी दैनिक झारखंड दर्शन को अपने लेखा विभाग के लिए एक योग्य और अनुभवी अकाउंटेंट और व मार्केटिंग के लिए व्यक्ति की आवश्यकता है।

इच्छुक व्यक्ति अपना रिज्यूमे इस ईमेल एवं फोन नंबर पर भेज सकते हैं।

email - jharkhanddarshan405@gmail.com

Phone - 91025 69636, 92625 78999


### मुख्यमंत्री ने सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक पर्षद की चतुर्थ बैठक की अध्यक्षता की

# किसानों की समृद्धि ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड विधानसभा में सिद्धोझकान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड) के निदेशक मण्डल की चतुर्थ बैठक आयोजित हुई। बैठक में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण, किसानों की आय वृद्धि, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा प्रशिक्षण एवं विपणन तंत्र को सशक्त बनाने से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और कई प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र में अत्यधिक संभावनाएं हैं। किसानों को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को खेती के प्रत्येक चरण–उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण से लेकर विपणन तक–पूर्ण सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई की बेहतर सुविधा और बाजार तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों को उनकी फसलों के उचित मूल्य का भुगतान समय पर मिलना चाहिए, ताकि उनका मनोबल बढ़े, वे आर्थिक रूप से सशक्त हों और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए किसानों की समृद्धि ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने जलस्रोतों के संरक्षण और चेक डैमों की मरम्मत एवं देखरेख की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि इन जल संरचनाओं की देखरेख की जिम्मेदारी किसानों के समूहों या जलसहिया समितियों को सौंपी जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर स्वामित्व और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित हो सकें। इस पहल से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण आजीविका को भी स्थायी आधार प्राप्त होगा।

किसान पाठशाला और वीडियो आधारित प्रशिक्षण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई दिशा



### मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए स्पेशल मोबाइल ऐप एवं कृषि पोर्टल विकसित करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के हित में एक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया जाए। इस एप के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों के किसान अपनी फसलों, आवश्यक कृषि सामग्रियों, विपणन स्थिति और बाजार संबंधी जानकारी को सीधे डिजिटल माध्यम से साझा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डिजिटल पहल से किसानों को न केवल अपने उत्पादों के बेहतर मूल्य निर्धारण में सहायता मिलेगी, बल्कि उन्हें बाजार की वास्तविक स्थिति की अद्यतन जानकारी भी प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कृषि विभाग का एक स्थानीय पोर्टल विकसित किया जाए, जिसके माध्यम से उपभोक्ता सीधे किसानों से जुड़कर कृषि उत्पादों की खरीद कर सकें। इस व्यवस्था से किसानों और उपभोक्ताओं के बीच एक पारदर्शी एवं लाभकारी संपर्क स्थापित होगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका घटेगी और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य में लाह, इमली, कोदो, कुटकी, चिरौंजी, महुआ, करंज, रेशम और तसर जैसे झारखंड के विशिष्ट वनोपजों के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि राज्य के किसानों और वनोपज संग्राहकों को इसका सीधा आर्थिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कृषि एवं वनोपज आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें।

### किसान पाठशाला और वीडियो आधारित प्रशिक्षण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई दिशा

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के वनोपज उत्पादों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए ठोस एवं निर्णायक पहल कर रही है। सरकार का उद्देश्य न केवल इन उत्पादों के विपणन और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना है, बल्कि राज्य के किसानों, विशेषकर ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के कृषकों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेतिहर समुदाय को वैकल्पिक कृषि, प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और विपणन के बेहतर अवसर उपलब्ध करा रही है, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और गति दी जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को ज्ञान और तकनीक के माध्यम से समृद्ध बनाने के लिए किसान पाठशाला जैसी पहल को सुदृढ़ किया जाए। किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, संरक्षण तकनीकों तथा नवाचारों से जोड़ने के लिए वीडियो आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए जाएँ, ताकि वे संबंधित मूल्य संवर्धन की तकनीकों को व्यवहारिक रूप से अपना सकें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इन पहलों के माध्यम से ग्रामीण एवं जनजातीय समुदायों को उनकी परंपरागत आजीविका से जोड़ते हुए आधुनिक आर्थिक तंत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि झारखंड के किसान वर्ग को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो और राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो। इस बैठक में कृषि मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, सचिव श्री अबु बकर सिद्दीक, श्री प्रशांत कुमार, श्री कृपानंद झा, श्री अरवा राजकमल सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारीगण एवं आमंत्रित सदस्यगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विदेश सचिव ने की अमेरिकी उप व्यापार प्रतिनिधि से मुलाकात

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने आज अमेरिकी उप व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने व्यापार वार्ता सहित आर्थिक और प्रौद्योगिकी भागीदारी पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को बताया कि चर्चाओं में भारत-अमेरिका की मजबूत आर्थिक और प्रौद्योगिकी साझेदारी, चल रही व्यापार वार्ता और दोतरफा व्यापार और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने के अवसरों पर बात हुई। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2025 में अमेरिका ने भारत की व्यापार बाधाओं और रूसी तेल खरीद का हवाला देते हुए अधिकांश भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था।

### डीजीसीए का इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को समन

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के हालिया संकट के बाद अब नागर विमानन महानिदेशालय ने कंपनी के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। डीजीसीए ने इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ पीटर एल्बर्स को गुरुवार दोपहर 3 बजे पेश होने के लिए तलब किया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने बुधवार को जारी एक आदेश में एयरलाइन के सीईओ पीटर एल्बर्स को 11 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तक विस्तृत रिपोर्ट के साथ पेश होने का निर्देश दिया है। इंडिगो के सीईओ ने इससे पहले डीजीसीए से एक दिन का अतिरिक्त वक्त मांगा था, जिसे मंजूर करते हुए डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि अब किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### महाराष्ट्र में 82 लाख के 11 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बुधवार को 11 नक्सलियों पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला की मौजूदगी में आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें डिवीजनल कमेटी के सदस्य, प्लाटून कमेटी के सदस्य, एरिया कमेटी के सदस्य जैसे उच्च पदस्थ नक्सली शामिल थे और इन सभी पर 82 लाख रुपये का इनाम था। इनमें से चार माओवादी हथियारों के साथ और पूरी वर्दी में मौजूद थे। कार्यक्रम में कड़ी सुरक्षा रखी गई थी। नक्सलवादियों के आत्मसमर्पण के लिए पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला की अध्यक्षता में एकलव्य हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

# विधानसभाः झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक-2025 पास

▸▸ वापस लिए गए इन सभी विधेयकों को सरकार अब नई प्रक्रिया के अनुरूप फिर से तैयार करना चाहती है

### निजी विश्वविद्यालयों के चार पुराने विधेयक वापस



वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को दोपहर की कार्यवाही महत्वपूर्ण रही। सदन ने चार निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित पुराने विधेयक वापस लिए और बहुचर्चित झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक-2025 को बहस के बाद पास कर दिया। सदन को बताया गया कि निजी विश्वविद्यालय स्थापना मापदंडों और प्रक्रियाओं में हुए व्यापक बदलाव की पृष्ठभूमि में यह फैसला लिया गया है।

राज्य सरकार की ओर से वापस लिए गए विधेयकों में दो अगस्त 2023 को विधानसभा की ओर से पारित सी.वी. रमण ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और आरोग्यम इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 हैं। इसके अलावे 21 मार्च 2023 को पारित जैन विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और 20 दिसंबर 2023 को पारित शाईन नेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 के नाम शामिल हैं।

वापस लिए गए इन सभी विधेयकों को सरकार अब नई प्रक्रिया के अनुरूप फिर से तैयार करना चाहती है। विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने बताया कि पांच दिसंबर से अबतक बारह निवेदन स्वीकृत हुए हैं, जिन्हें संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। इससे पहले विधानसभा की कार्यवाही दूसरी पाली में दोपहर 2:09 बजे जैसे शुरू हुई, पर्यटन संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों के विधायकों ने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के भटिंडा फॉल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले वहां शूटिंग होती थी। बड़ी संख्या लोगों की आवाजाही थी। सूर्योदय और सूर्यास्त देखने के लिए लोग यहां जमा होते थे। यहां पर्यटन की परंपरा संभावनाएं हैं, लेकिन आज उसकी बदहाली से लोग रोज डूब रहे हैं।

उन्होंने स्थानीय गोताखोरों को सहयोग और बंद खदानों के सौंदर्यीकरण की मांग की और कहा कि संशोधन विधेयक को प्रवर समिति में भेजना चाहिए।

विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि जिस क्षेत्र में पर्यटन स्थल है, उस विधानसभा क्षेत्र के विधायक को समिति में नामित किया जाए, ताकि प्रबंधन और विकास योजनाओं को जमीन पर बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। इसी बीच विधायक जयराम महतो ने भी सदन में संशोधन मंतव्य रखा। उन्होंने कहा कि संबंधित पर्यटन क्षेत्र यदि दो जिला क्षेत्रों में आता है, तो ऐसी बातों को देखते हुए संशोधन आवश्यक है।

विधायकों के सभी सुझावों को सुनने के बाद विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रभारी मंत्री सुदीप्या कुमार ने स्पष्ट किया कि सरकार का मानना है कि एक छोटी और सक्षम समिति के साथ पर्यटन प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा और झारखंड के पर्यटन उद्योग को एक नई दिशा मिलेगी। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए, यह विधेयक लाया गया है, जिसमें एक पर्यटन प्राधिकरण का गठन किया गया है, जो मुख्य रूप से प्रबंधन के लिए बनाए गए पर्यटन क्षेत्र के रखरखाव और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाएगा।

उन्होंने कहा कि जिले के उप आयुक्त अध्यक्ष होंगे और जिला आयुक्त आयुक्त होंगे। प्रस्तावित संशोधन के तहत, पर्यटन स्थलों में एक विशेष प्रशासनिक इकाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले वाहनों से कर वसूलेगी, जिससे राजस्व बढ़ाने में मदद मिलेगी। वे पर्यटन क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने और पार्किंग सुविधाओं का विकास करने सहित अन्य जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। नियमों के उल्लंघन पर आर्थिक दंड का भी प्रावधान है। इसलिए, इस मामले को चयन समिति के पास भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने सदन पटल से विधेयक पास किया और सदन की कार्यवाही 2:40 बजे दोपहर को अगले दिन 11 दिसंबर 2025 सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### मेहुल चोकसी को झटका : प्रत्यर्पण विरोधी अपील खारिज

# भारत वापसी का रास्ता साफ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम की सुप्रीम कोर्ट से बड़ा कानूनी झटका लगा है। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपितों में शामिल चोकसी की वो अपील, जिसमें उसने भारत प्रत्यर्पण के फैसले को चुनौती दी थी, बेल्जियम की सर्वोच्च अदालत कोर्ट ऑफ कैसशन ने खारिज कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, इस फैसले के बाद भारत की एजेंसियों की उम्मीदें और मजबूत हो गई हैं कि चोकसी को जल्द ही भारत लाया जा सकेगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा निचली अदालत का निर्णय**

बेल्जियम अदालत के अधिकारी हेनरी वेंडरलिंडन ने जानकारी दी कि कोर्ट ऑफ कैसशन ने मेहुल चोकसी की अपील खारिज करते हुए साफ कहा है कि कोर्ट ऑफ अपील का निर्णय वैध रहेगा। इससे पहले एंटवर्प की कोर्ट ऑफ अपील ने भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध को सही ठहराया था और इसे लागू करने योग्य माना था। 29 नवंबर 2024 को प्री-ट्रायल चैम्बर ने भी भारत की ओर से जारी 2018 और 2021 के गिरफ्तारी वारंट को उचित माना था। इस कानूनी पुष्टि के बाद चोकसी को भारत लाने का रास्ता लगभग साफ हो गया था, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट ने भी अंतिम रूप दे दिया है।



**भारत की दलीलें हुई स्वीकार, राजनीतिक प्रताड़ना का दावा खारिज**

प्रत्यर्पण प्रक्रिया के दौरान भारतीय एजेंसियों ने बेल्जियम कोर्ट को मुंबई की आर्थर रोड जेल की तस्वीरें और सुविधाओं का विस्तृत विवरण दिया था। भारत ने आश्वासन दिया कि चोकसी को सभी मानवीय अधिकारों के अनुरूप रखा जाएगा और उसे निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया मिलेगी। चोकसी ने अदालत में दावा किया था कि भारत में उसे राजनीतिक प्रताड़ना और अमानवीय व्यवहार का खतरा है, लेकिन कोर्ट ने कहा कि ऐसे आरोपों को साबित करने वाला कोई भी ठोस सबूत पेश नहीं किया गया। इसलिए भारत को उसे वापस लाने से रोकने का कोई आधार नहीं बनता।

बतादें कि पीएनबी में कथित 13,000 करोड़ रुपये के घोटाले में फरार चोकसी का प्रत्यर्पण भारत के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब भारत सरकार और जांच एजेंसियां चोकसी को देश वापस लाने की औपचारिक तैयारियों में तेजी ला सकती हैं।

### मप्रः बांदरी और मालथौन के बीच भीषण सड़क हादस

# बम स्क्वॉड के 4 जवानों की गई जान, एक अन्य गंभीर

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में मंगलवार तड़के करीब 4 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर बांदरी और मालथौन के बीच भीषण सड़क हादसे में मुरैना बम डिस्पोजल एवं डॉग स्क्वॉड के चार जवानों की जान चली गई। एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल है, जिसका भोपाल में इलाज जारी है। दुर्घटना में पुलिस वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मुरैना से विशेष ड्यूटी पर निकली बम डिस्पोजल एवं डॉग स्क्वॉड की टीम का वाहन सागर की ओर जा रहा था। तड़के घना अंधेरा और हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों की



आवाजाही के बीच यह पुलिस वाहन सामने से आ रहे एक कंटेनर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस वाहन के परखच्चे उड़ गए और चार जवानों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर घायल जवान को वाहन से निकालकर तत्काल उपचार के लिए भेजा।

वार्ता | भारत–ब्राजील नौसेनाओं के बीच क्षमता निर्माण क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

# नौसेना प्रमुख ने वार्ता में कई अहम मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया

- **भारत और ब्राजील के बीच समुद्री साझेदारी मजबूत होने से ग्लोबल मैरीटाइम कॉमन्स ग्लोबल साउथ में स्थिरता लाने में मिलेगी**
- **एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी 12 दिसंबर तक ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर हैं**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्राजील के चार दिवसीय दौरे पर गए नौसेना प्रमुख



एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने बुधवार को ब्राजीलियन नेवी के कमांडर एडमिरल मार्कोस सैम्पाइओ ओल्सन से मुलाकात की। भारत-ब्राजील के बीच बढ़ते नौसैनिक सहयोग को मजबूत करने के मकसद से बातचीत हुई, जिसमें ऑपरेशनल जुड़ाव, ट्रेनिंग का आदान-प्रदान, हाइड्रोग्राफिक सहयोग, जानकारी शेयर करने और समुद्री डोमेन के बारे में जागरुकता बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

नौसेना के मुताबिक रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी विकास, नवाचार, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान और दोनों नौसेनाओं के बीच क्षमता निर्माण क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के मुद्दों पर भी बातचीत हुई। भारत और ब्राजील के बीच समुद्री साझेदारी मजबूत होने से ग्लोबल मैरीटाइम कॉमन्स ग्लोबल साउथ में स्थिरता लाने में मिलेगी। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय नौसेना और ब्राजील की नौसेना के बीच मजबूत और बढ़ती समुद्री साझेदारी को सुदृढ़ करना है। यह भारत-ब्राजील व्यापक सामरिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी 12 दिसंबर तक ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यात्रा के दौरान वे ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो, ब्राजील सशस्त्र बलों के संयुक्त स्टाफ प्रमुख एडमिरल रेनाटो रोड्रिग्स डी अगुइर फ्रेयर के साथ विचार-विमर्श करेंगे।

उनकी यह यात्रा द्विपक्षीय समुद्री सहयोग की समीक्षा करने, परिचालन-स्तरीय संबंधों को बढ़ाने और दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने का मौका प्रदान करेगी। इस यात्रा में परिचालन कमांडों के साथ बैठकें, नौसैनिक अड्डों और ब्राजील की नौसेना के शिपयार्डों का दौरा भी होगा।

बातचीत के दौरान साझा समुद्री प्राथमिकताओं, नौसैनिक अंतर-संचालन, क्षमता निर्माण और व्यापक दक्षिण-दक्षिण सहयोग सहित बहुपक्षीय ढांचे के भीतर सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। नौसेना प्रमुख की यह यात्रा समुद्री सुरक्षा, व्यावसायिक आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में ब्राजील की नौसेना के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। इससे वैश्विक समुद्री क्षेत्र में स्थिरता लाने में योगदान मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### स्व.नकुल बेसरा की 73वीं जयंती समारोह में शामिल हुए सुबोधकांत , फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ





**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय बुधवार को ईचागढ़ प्रखंड के टिकर परगना मैदान में सामाजिक कार्यकर्ता स्व.नकुल बेसरा की 73 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित फुटबॉल टूनामेंट में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय बेसरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि स्व.बेसरा जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता थे। खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के प्रति सतत प्रयासरत रहा करते थे। उनकी स्मृति में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय है। इस मौके पर ईचागढ़ प्रखंड के खेल प्रेमी सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# केंद्रांश की राशि नहीं मिलने से अधूरी हैं नल-जल की कई योजनाएं : पेयजल मंत्री

### झारखंड में नल-जल योजना की 40 प्रतिशत से अधिक परियोजनाएं अधूरी

संवाददाता



**रांची।** झारखंड में नल-जल योजना का कार्य धन की कमी के कारण प्रभावित हो रहा है। केंद्रांश की पर्याप्त राशि समय पर नहीं मिलने से कई जिलों में परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। यह बातें राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कही।

मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में इस योजना के तहत 97,535 परियोजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें से 56,386 पूरी हो चुकी हैं। बाकी योजनाएं निमार्णाधीन हैं और संसाधनों की कमी के चलते उनके कार्यों में देरी हो रही है।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि केंद्र से अपेक्षित धन उपलब्ध नहीं होने के बावजूद राज्य सरकार अपने हिस्से की 1231 करोड़ रुपये की राशि से परियोजनाओं को गति देने का प्रयास कर रही है।

इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक हेमलाल मुर्मू ने संथाल परगना क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजनाओं की खराब स्थिति पर सवाल उठाया।उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में योजनाएं चालू होते हुए भी लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है, जबकि अधूरे कार्यों के बावजूद एजेंसियों को भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने यह भी पूछा कि लिट्टिपाड़ा और डिप्टी पाड़ा प्रखंडों में गंगा नदी से जलापूर्ति की कोई योजना लागू की जा रही है या नहीं।

जवाब में मंत्री ने कहा कि गंगा नदी से प्रस्तावित जलापूर्ति योजनाओं की सूची वे संबंधित विधायक को उपलब्ध करा देंगे। मुर्मू ने आगे बताया कि इन दोनों प्रखंडों में 40 प्रतिशत से अधिक कार्य अधूरे पड़े हैं। इस पर मंत्री ने स्वीकार किया कि धन की कमी के कारण काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा-आर) के विधायक जनार्दन पासवान ने आरोप लगाया कि चतरा जिले में नल-जल योजना के तहत कोई काम नहीं हुआ है और यहां ह्लसिर्फ लूटह्व हुई है। उन्होंने मामले की जांच कराने की मांग की।

### अबुआ आवास योजनाः झारखंड सरकार लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर करेगी विचार

संवाददाता

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार 'अबुआ आवास योजना' के तहत लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर विचार कर रही है। यह जानकारी राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में दी। मंत्री भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शत्रुघ्न महतो के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रही थीं।

विधानसभा में विधायक ने बताया कि हजारों लाभुकों को योजना की पहली किस्त मिल गई है, लेकिन दूसरी किस्त जारी नहीं होने से आवास निर्माण अधूरा है। इसके कारण लोग कड़ाके की ठंड में खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक बार फंड मिला था, लेकिन उसके बाद धनराशि नहीं मिली। इसी वजह से राज्य सरकार अबुआ आवास की दूसरी किस्त जारी करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार को 24 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और तीन हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिसमें से 12 अरब रुपये जिलों को वितरित किए जा चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुझाव दिया कि लाभुकों को दो किस्तों में राशि दी जाए, ताकि उनका घर समय पर पूरा हो सके। उन्होंने इंदिरा आवास योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि कई किस्तों में भुगतान की शिकायतें पहले भी रही हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार इस सुझाव पर गंभीरता से विचार करेगी।

## विधायक नीरा यादव ने गीत गाकर सरकार को याद दिलाए वादे, सत्ता पक्ष ने किया पलटवार

वरीय संवाददाता





**रांची।** शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष ने सरकार को जनता से किए गए वादों को याद दिलाने के लिए अनोखे ढंग से विरोध जताया। विधानसभा पोर्टिको में हाथों में तख्ती लेकर सरकार विरोधी नारे लगाए। साथ ही भाजपा विधायकों ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए वादों को पूरा करने की अपील की।

इस दौरान भाजपा विधायक नीरा यादव 'क्या हुआ तेरा वादा' गीत गाकर सरकार को कोसती नजर आईं। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे भाजपा विधायक रसोई गैस सिलेंडर 450 रुपया में देने, किसानों के धान का एमएसपी 3200 रुपया का वादा और लंबित छात्रवृत्ति को लेकर सरकार को कोसते नजर आए।

इस दौरान भाजपा विधायक उज्ज्वल दास ने कहा कि सरकार चुनाव के वक्त जो जनता से वादा किया था, उसे पूरा करने में फेल साबित हो रही है।

**सरकार का वादा धोखा साबित हो रहा हैः उज्ज्वल दास**

विधायक उज्ज्वल दास ने कहा कि इस सरकार में युवा, किसान और आम लोग सभी त्रस्त हैं। ऐसे में जो जनता से वादा किया गया था, वह सिर्फ धोखा ही धोखा साबित हो रहा है। इन सबके बीच मंगलवार को सदन में बोलने का समय नहीं मिलने से नाराज भाजपा विधायक नीरा यादव सदन की कार्यवाही से अलग रहकर पोर्टिको में काफी देर तक बैठी रही।

इस दौरान मंत्री इरफान अंसारी उन्हें मनाने पहुंचे। बावजूद वो सदन में नहीं गईं। बाद में स्पीकर के हस्तक्षेप पर लुईस मरांडी और पूर्णिमा दास नीरा यादव को मनाने में सफल रहीं।

## संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन ने किया जागरूकता रैली का आयोजन





संवाददाता

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन में बी. एड़ एवं डी.एल.एड संकाय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर के निकटवर्ती ग्रामों में जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया।

छात्रों दद्वारा विभिन्न प्रकार के तख्ती युक्त स्लोगन दवारा ग्रामीणों को मानव अधिकार का संदेश दिया। यह कार्यक्रम ग्रामीणों के मध्य मानव के अधिकारों से अवगत कराने के उद्देश्य से संचालित किया गया था।

## डॉ प्रदीप वर्मा ने राज्यसभा में झारखंड के पैक्स एवं सहकारिता सुदृढ़ीकरण का मुद्दा उठाया

वरीय संवाददाता

**रांची/ नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को राज्यसभा में अनुपूरक प्रश्न के माध्यम से झारखंड में प्राथमिक कृषि साख समितियों को मजबूत किए जाने हेतु किए जा रहे कार्यों तथा राज्य में किसानों एवं नए उद्यमियों के लिए अनुकूल सहकारी इकोसिस्टम के निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने उठाया।डॉ. वर्मा ने केंद्र सरकार से यह जानना चाहा कि झारखंड में पैक्स के आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण, उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने तथा किसानों और युवाओं को सहकारिता से जोड़ने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि राज्य में कृषि, रोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके।



इस प्रश्न के उत्तर में माननीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सदन को अवगत कराया कि केंद्र सरकार झारखंड सहित पूरे देश में पैक्स को बहुउद्देशीय, तकनीक-सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि किसानों और नए उद्यमियों के लिए लक्षित सहकारी समितियों के गठन, प्रशिक्षण, डिजिटल प्लेटफॉर्म, वित्तीय सहयोग एवं नीति-स्तरीय सुधारों के माध्यम से एक मजबूत सहकारी ढांचा तैयार किया जा रहा है। डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र को नई नीतियों, तकनीकों और नवाचारों से सशक्त कर रही है। सहकार से समृद्धि के मूल मंत्र को धरातल पर उतारने का यह प्रयास किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और समग्र आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से झारखंड में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा मिलेगी तथा राज्य के किसान, युवा और उद्यमी आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे, जिससे प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती प्राप्त होगी।

### एसीबी जांच में उजागर शराब घोटाला पहुंचा 136 करोड़ रुपए के पार

## खुद को बचाने के लिए नए अधिकारी को बलि देने की तैयारी में हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

वरीय संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में हुए शराब घोटाले पर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि अब एक बार फिर से किसी सरकारी अधिकारी की बलि देकर खुद को बचाने की योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बना रहे हैं।

लेकिन जिस तरह इनके घोटालों की संख्या बढ़ रही है, सरकारी अधिकारियों की गिनती इनके सामने कम पड़ जाएगी। कहा कि शराब घोटाले में पहले 38 करोड़,



फिर 70 करोड़ और अब 136 करोड़ का नुकसान सामने आया है। कहा कि जांच की आंच से बचने के लिए हेमंत सोरेन ने शराब घोटाले में बहुत सावधानी बरतने की कोशिश की, लेकिन एक गलती कर बैठे, अवैध कमाई की जल्दबाजी में अखबार में टेंडर जारी करने से पहले ही निर्धारित कंपनी को शराब आपूर्ति का काम सौंप दिया।

कहा कि नियम के अनुसार शराब आपूर्ति करने वाली कंपनी को शराब आपूर्ति करने से पहले खरइउछ के साथ एग्रीमेंट करना था, लेकिन बिना किसी एग्रीमेंट के कंपनी को शराब आपूर्ति का काम दे दिया गया था। कहा कि एसीबी की जांच के अनुसार शराब घोटाले में इस कंपनी ने सरकार को 136 करोड़ का नुकसान पहुंचाया। सारे नियम-कानून को ताक पर रखकर इस कंपनी को बिना एग्रीमेंट और टेंडर के काम देना किसके कहने पर हुआ, यह बताने की जरूरत नहीं है। इतने बड़े घोटालेबाज तो पूरे राज्य में केवल एक ही हैं, वे कहते हैं कि करोड़ों की कमाई के लिए अगर जेल भी जाना पड़े तो क्या हर्ज है? जितना और जहां हो सके लूट लो, यही इस सरकार का मंत्र है। कहा कि एसीबी का शिकंजा असल गुनाहगारों तक पहुंचे या नहीं, केंद्र की एजेंसियों द्वारा इस मामले की स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने साहेबगंज अवैध पत्थर उत्खनन मामले की सीबीआई जांच को माना सही : मरांडी

वरीय संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने साहिबगंज अवैध पत्थर उत्खनन मामले में सीबीआई जांच को जारी रखने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। श्री मरांडी ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा साहिबगंज में करीब 1500 करोड़ रुपए से भी ज्यादा के अवैध पत्थर खनन मामले में सीबीआई जांच का विरोध किए जाने के बावजूद माननीय उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई जांच को जारी रखने का स्पष्ट निर्देश दिया है और सरकार द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने की प्रवृत्ति पर कड़ी आपत्ति भी दर्ज की है।

### सीबीआई जांच रोकने संबंधी राज्य सरकार की अपील को किया खारिज

### उच्चतम न्यायालय का निर्णय हेमंत सरकार की ताबूत में अंतिम कील साबित होगाः बाबूलाल मरांडी

कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट रांची द्वारा दिये गये सीबीआई जॉंच के आदेश को सही मानते हुए इसके विरुद्ध राज्य सराकर द्वारा सीबीआई जांच नहीं होने देने के लिये दायर एसलपी को खारिज कर दिया।

कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने चहेते पंकज मिश्रा, विष्णु यादव, राजेश यादव, बच्चू यादव, संजय यादव और सुभाष मंडल जैसे अपराधियों को बचाने की लाख कोशिश की।

याचिकाकर्ता पर दबाव डालकर शिकायत वापस लेने का प्रयास भी किया गया, आम लोगों को डराया धमकाया गया। लेकिन मुख्यमंत्री यह भूल गए कि कोर्ट में उनकी धूर्तता नहीं चलने वाली। कहा कि माननीय न्यायालय का यह निर्णय भ्रष्टाचारी हेमंत सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा और लोकतांत्रिक संस्थाओं में आम जनता का विश्वास भी मजबूत करेगा।

### खूंटी में देर रात क्रशर ऑफिस पर फायरिंग, आजाद सरकार ने ली जिम्मेदारी

**रांची।** खूंटी जिला के रानिया थाना क्षेत्र के डोडमा स्थित एक क्रशर प्लांट के कार्यालय में बीती देर रात करीब 11:20 बजे फायरिंग की गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन देर रात हुई गोलीबारी से इलाके में दहशत फैल गई। सूत्रों के अनुसार, घटना के कुछ घंटे बाद राहुल सिंह गैंग के आजाद सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रेस रिलीज जारी कर वारदात की जिम्मेदारी ली। संदेश में व्यापारियों, ठेकेदारों और कोयला परिवहन से जुड़े लोगों को धमकियां भी दी गई हैं। पुलिस ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया है और धमकी भरे संदेश की जांच कर रही है।

### शोध की नई समझ

## सीबीपी के दसवें दिन कुलपति और प्रतिभागियों के बीच हुआ प्रभावी संवाद

संवाददाता

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग तथा अर्थशास्त्र एवं विकास अध्ययन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सामाजिक विज्ञानों में मात्रात्मक एवं गुणात्मक शोध विधियाँ विषयक दो-सप्ताहिक आईसीएसएसआर-प्रायोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम के दसवें दिन की शुरूआत एक मननपूर्ण प्रार्थना और आज के विचार के साथ हुई। इसके बाद पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. तपन कुमार बसंतिया और डॉ संहिता सुचरिता ने दिन के विशेषज्ञ वक्ताओं का सम्मान किया और दिनभर की शैक्षणिक गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय देकर सत्रों की औपचारिक शुरूआत की। दिन के दो सत्र डॉ. पूर्णचंद्र पाधन, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, एक्सएलआरआई, जमशेदपुर, द्वारा संचालित किए गए। उनका विषय था।

**मात्रात्मक शोध में डेटा विश्लेषणः** पैरामीट्रिक और नॉन-पैरामीट्रिक सांख्यिकी की भूमिका। डॉ. पाधन ने शोध में सांख्यिकीय निर्णय लेने की मूलभूत अवधारणाएँ सरल रूप से समझाईं।

उन्होंने मात्रात्मक और गुणात्मक चर, सतत और असतत डेटा के अंतर तथा उपयुक्त सांख्यिकीय परीक्षणों के चयन पर इनके प्रभाव को स्पष्ट किया। उन्होंने परिकल्पना निर्माण, परिकल्पनाओं के प्रकार और परिकल्पना परीक्षण की तार्किक प्रक्रिया को दोबारा समझाया। आगे बढ़ते हुए उन्होंने पैरामीट्रिक और नॉन-पैरामीट्रिक सांख्यिकी के वैचारिक और व्यावहारिक अंतर बताए और यह



समझाया कि शोधकर्ता को किस परिस्थिति में कौन-सा परीक्षण अपनाना चाहिए। डॉ. पाधन ने नॉर्मलाइजेशन और स्टैंडर्डाइजेशन जैसी डेटा तैयारी तकनीकों को भी समझाया, जो डेटा की तुलनात्मकता बढ़ाने और आगे के सांख्यिकीय विश्लेषण को सार्थक बनाने में आवश्यक हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को ग्रॅल्ल जैसे नॉन-पैरामीट्रिक परीक्षणों से परिचित कराया और बताया कि सामान्यता की शर्तें पूरी न होने पर ये तरीके कैसे अधिक उपयुक्त और विश्वसनीय साबित होते हैं।

उनकी व्याख्याओं ने प्रतिभागियों को यह समझने में मदद की कि छोटे सैंपल, क्रमबद्ध डेटा या तिरछे वितरण वाले डेटा के लिए नॉन-पैरामीट्रिक परीक्षण कितने उपयोगी हैं। समग्र रूप से, उनके सत्रों ने प्रतिभागियों की सांख्यिकीय समझ को मजबूत किया और शोध डिजाइन, डेटा की प्रकृति तथा परीक्षण चयन के बीच संबंध को स्पष्ट किया। दूसरे सत्र में झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने प्रतिभागियों से संवाद किया। कुलपति प्रतिभागियों से परिचित हुए एवं कार्यक्रम में पूरे देश के विभिन्न विषयों, संस्थानों और राज्यों से आए प्रतिनिधित्व की सराहना की।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शैक्षणिक उत्कृष्टता बढ़ाते हैं क्योंकि ये अंतर्विषयक संवाद और समाज की वास्तविकताओं को समझने के अवसर प्रदान करते हैं। प्रतिभागियों से उन्होंने कहा कि ह्लआप यहाँ क्षमता निर्माण के लिए आए.ह्व उन्होंने कहा कि एक शिक्षक के लिए पेशेवर आचरण, छात्र-केंद्रितता और आत्म-विकास की निरंतरता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षक की भूमिका को एक दीपक से तुलना करते हुए समझाया–जैसे दीपक स्वयं जलकर आसपास प्रकाश फैलाता है, वैसे ही एक शिक्षक अपने परिश्रम और समर्पण से दूसरों के जीवन में ज्ञान का उजाला करता है। उन्होंने यह भी कहा कि वास्तविक शोध पीएच.डी. के बाद शुरू होता है, क्योंकि आज के छात्र तथ्य जाँचते हैं और सवाल उठाते हैं। की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि यह ढाँचा रोजगारपरकता, नैतिकता और भारतीय सांस्कृतिक आधार को मजबूत करता है। मीडिया और संचार की प्राचीन भारतीय परंपरा को बताते हुए उन्होंने नारद मुनि को पहले संदेशवाहक और महाभारत के संजय को पहले लाइव कमेंटेटर के रूप में उल्लेखित किया।

## झारखंड बार काउंसिल चुनाव में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण

### हाईकोर्ट ने दी राह- अब 7 से 8 सीटें होंगी महिला अधिवक्ताओं के नाम

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के आगामी चुनावों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का रास्ता साफ हो गया है। झारखंड हाईकोर्ट ने मौजूदा सदस्यों की सेवा अवधि बढ़ाने संबंधी याचिका को खारिज कर दिया है। इससे सुप्रीम कोर्ट के 4 दिसंबर के आदेश का तत्काल क्रियान्वयन सुनिश्चित हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की सभी राज्य बार काउंसिलों में कम से कम 30% महिला आरक्षण लागू करने का निर्देश दिया था। जहां मतदाता सूची में महिलाओं की संख्या कम है, वहां 20% सीटें सीधे चुनाव से और 10% सीटें को-ऑप्शन के जरिए भरी जाएंगी। झारखंड बार काउंसिल में कुल 25 निर्वाचित सदस्य होते हैं।

नए नियम के अनुसार अब 7 से 8 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वर्तमान परिषद में एक भी महिला सदस्य नहीं है। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के सामने सेवा विस्तार का कोई आधार नहीं बनता। महिला अधिवक्ताओं ने इस फैसले का स्वागत किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने कहा यह लैंगिक समानता की दिशा में क्रांतिकारी कदम है।

अब बार काउंसिल में महिलाओं की आवाज और प्रतिनिधित्व मजबूत होगा। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सभी राज्य परिषदों को 15 दिसंबर तक नई व्यवस्था के अनुसार चुनाव कार्यक्रम घोषित करने का निर्देश दिया है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 11 दिसंबर 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### कड़ाके की ठंड में जिला प्रशासन ने गरीबों के लिए की अलाव की व्यवस्था



**बोकारो।** बढ़ती ठंड को देखते हुए बोकारो जिला प्रशासन ने जिले भर में अलाव जलाने की व्यापक व्यवस्था की है, ताकि गरीब, बेसहारा एवं रात में काम करने वाले जरूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके। उपायुक्त अजय नाथ झा ने इस मानवीय पहल के संदर्भ में सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि ठंड से किसी भी आम नागरिक को परेशानी न हो। जिला प्रशासन ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के प्रमुख चौक-चौराहों, प्रखंड मुख्यालयों, पंचायत भवनों, हाट-बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलाव की व्यवस्था की है। इसके लिए लकड़ी और कोयला की आपूर्ति भी सुनिश्चित की गई है, ताकि अलाव की यह व्यवस्था बिना किसी बाधा के लगातार जारी रह सके। उपायुक्त श्री झा ने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया है, जिससे हर जरूरतमंद तक यह सुविधा पहुंच सके।

### पत्रकारों ने स्व. रीना पांडेय को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**बोकारो।** बोकारो परिसदन में बुधवार को स्थानीय पत्रकारों ने एक शोकसभा आयोजित कर पत्रकार दिनेश पांडेय की दिवंगत पत्नी स्व. रीना पांडे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिले के सभी कोनों से जुटे पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में उपस्थित पत्रकारों ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे सभी पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिनेश पांडेय और उनके परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। गौरतलब है कि रीना पांडेय का निधन तीन दिन पहले ब्रेन हेमरेज से हो गया था।

### बीएसएल संपदा न्यायालय के अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ नगर सेवा भवन पर प्रदर्शन 22 को



**बोकारो।** बोकारो इस्पात प्रबंधन के संपदा न्यायालय के अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक बुधवार को स्थानीय सिटी सेंटर सेक्टर चार में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 22 दिसंबर को बोकारो इस्पात नगर सेवा भवन के समक्ष प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष संजय रजक ने की। बैठक में प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। इसके तहत बोकारो इस्पात नगर के सभी झुग्गी कॉलोनी निवासियों और फुटपाथ दुकानदारों के साथ बैठक कर संगठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने कहा कि सेल प्रबंधन के संपदा न्यायालय द्वारा हवाई अड्डा और सिटी सेंटर सेक्टर चार सहित पूरे बोकारो में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत लगभग 250 दुकानों और झुग्गियों को तोड़ दिया गया है। इससे रोजगार विहीन हुए दुकानदार और गरीब झुग्गीवासी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। बैठक में महासंघ के सह सचिव आजाद कुमार, कोषाध्यक्ष शंभु पासवान, उपाध्यक्ष गोविंद जायसवाल, अशोक कुमार, बिनोद सत्यार्थी, छोटेलाल, रामजी प्रसाद, सुमन सिंह मिट्ठू, अंसित सिंह, राजू, सुधीर कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रितेश तिवारी ने दिया ईमानदारी का परिचय, सड़क पर मिला पर्स, मालिक को लौटाया



**बेरमो/ बोकारो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार निवासी सह समाजसेवी रितेश तिवारी ने पुराना बीडीओ ऑफिस के समीप मुख्य सड़क पर गिरे पर्स को ईमानदारी का परिचय देते हुए नावाडीह थाना के ग्राम पलामू निवासी सह पारा शिक्षक कुलेश्वर महतो को लौटाया। समाजसेवी रितेश तिवारी ने बताया कि पुराना बीडीओ ऑफिस के समीप मुख्य सड़क पर गिरा एक पर्स मिला। जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, चार एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड सहित अन्य आईडी और आवश्यक दस्तावेज मौजूद थे। बताया कि आईडी कार्ड और टेलर रसीद के आधार पर मालिक का फोन नंबर निकाला और उनसे संपर्क कर पर्स खोने की सूचना दी। कुलेश्वर महतो के आने पर उनका खोया हुआ पर्स वापस लौटा दिया। पर्स मिलने पर पर्स मालिक सह वर्तमान बोकारो थर्मल स्थित एचएमटी -32 सी निवासी कुलेश्वर महतो ने रितेश तिवारी सहित अन्य लोगो का दिल से आभार व्यक्त किया। पर्स में कई जरूरी दस्तावेज थे, जिन्हें बनाने में उन्हें बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता। मौके पर मोहन दास, बापी दास, गुड़न सिंह, बलराम कुमार, रवि कुमार, दिनेश कुमार, रवि कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया

**बेरमो/ बोकारो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र की ओर से कौटिल्य भवन करगली बाजार में बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें डॉ० रुखसाना ने 68 मरीज का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाई दी गई। कौटिल्य महापरिवार के संस्थापक अनिल चंद्र झा व अध्यक्ष अजय कुमार झा ने कहा कि इस तरह के शिविर का समय-समय पर आयोजन होने से समाज को काफी लाभ मिलेगा। शिविर के आयोजन के लिए महाप्रबंधक ढ़ोरी एवं सीएमओ के प्रति लोगों ने आभार व्यक्त किया।

### सीआईएसएफ ने छापेमारी कर दो मोटरसाईकिल, दो साईकिल एवं दस टन अवैध कोयला किया जब्त

**फुसरो/ बोकारो।** सीआईएसएफ ने ढोरी क्षेत्र के अमलो व कारीपानी में बुधवार को छापेमारी कर दो मोटरसाइकिल, दो साईकिल एवं लगभग 6.440 टन अवैध कच्चा कोयला जब्त किया। जब्त कोयला को सीसीएल प्रबंधन व जब्त किए गए मोटरसाईकिल व साईकिल को बेरमो थाना को सुपूर्द किया गया। साथ ही बीएंडके क्षेत्र के कारो एक्सकैवेशन के पीछे जंगल एवं खासमहल एरिया में छापेमारी कर 3.165 टन अवैध कोयला को जब्त कर सीसीएल प्रबंधन को सुपूर्द किया गया।

# मांझी बाबा के बिना किसी भी संथाल गांव की परिकल्पना हो ही नहीं सकती : डीसी

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने एक विशेष समीक्षा बैठक के दौरान यह स्पष्ट किया कि मांझी बाबा के बिना किसी भी संथाल गांव की परिकल्पना हो ही नहीं सकती है। उन्होंने संथाल आदिवासियों की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था और उनके सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन में इन प्रमुख व्यक्तियों के महत्व को रेखांकित किया।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में संथाल आदिवासियों के लगभग 125 गांव हैं, जिनमें संथाल जनजाति के लोग निवास करते हैं। यद्यपि ये गांव पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत आते हैं और प्रत्येक पंचायत में एक मुखिया होता है, संथाल पारंपरिक गांव में एक मांझी बाबा भी होते हैं। मांझी बाबा गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यों का निष्पादन करते हैं और सामुदायिक अनुशासन को बढ़ावा देते हैं तथा उसका संरक्षण करते हैं। मांझी बाबा के नेतृत्व में, प्रत्येक गांव में एक 'जोग मांझी' भी होते हैं, जो घर-घर जाकर सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कृत्यों से जुड़ी सूचनाएं देते हैं। इसके अतिरिक्त, गांव में एक नायके होते हैं, जो पूजा-पाठ और धार्मिक कार्यों का निष्पादन करते हैं, जबकि भगलोन प्रवक्ता के रूप में सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन तथा सामुदायिक अनुशासन से संबंधित निर्णयों से सभी को अवगत कराते हैं। उपायुक्त ने ललपनिया के विभिन्न संथाल गांवों का उदाहरण भी दिया, जहां फेनीराम सोरेन, मंझला मुर्मू, सुंदर लाल मरांडी, मटुक कुमार हांसदा, बाबूचंद मांझी आदि लोग मांझी बाबा के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। बैठक में उपायुक्त ने कल्याण विभाग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आदि को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प के आलोक में मानकी, मुंडा, ग्राम प्रधान, डाकुवा आदि को सम्मान राशि दिए जाने के विषय में पूर्व में भेजा गया शून्य प्रतिवेदन गलत है।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी संथाल गांवों का तत्काल सर्वे कराकर, संबंधित गांव के मांझी बाबा, जोग मांझी, भगलोन, गुड़ैत आदि को चिन्हित किया जाए और यह समेकित प्रतिवेदन जिला को समर्पित किया जाए। अपर समाहर्ता को यह भी निर्देश दिया गया कि सर्वे प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद पूर्व में भेजे गए शून्य प्रतिवेदन को संशोधित कर यथाशीघ्र राज्य सरकार को भेजना सुनिश्चित करें, ताकि पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से जुड़े इन प्रमुख व्यक्तियों को सम्मान राशि संबंधी लाभ मिल सके।

## बोकारो की सड़कों पर फिर उतरेगी खुशहाली, 14 से सजेगी हैप्पी स्ट्रीट

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** शहरवासियों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के लिए बोकारो स्टील प्लांट एक बार फिर हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन करने जा रहा है।

आगामी 14 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे बीएसएल के वरीय अधिकारियों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में इस भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन होगा। एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो की थीम पर आधारित इस आयोजन के लिए बीएसएल प्रबंधन ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस अनूठी पहल में विभिन्न विद्यालय, शिक्षण संस्थान, बोकारो महिला समिति, संगीत कला अकादमी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ समेत रोटरी और लायंस क्लब जैसे सामाजिक संगठन शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और खेल गतिविधियां होंगी, जहां विशेषज्ञ लोगों को सेहतमंद रहने के गुर सिखाएंगे। आयोजन के दौरान सुरक्षा और सुचारू संचालन के लिए गांधी चौक से बोकारो मॉल मोड़ तक सड़क की दोनों लेन को सुबह 7 से 10 बजे तक यातायात के लिए बंद रखा जाएगा। यह व्यवस्था 14 दिसंबर और उसके बाद के तीन रविवारों तक प्रभावी रहेगी, ताकि नगरवासी बिना किसी बाधा के योगा, जुम्बा, साइकिलिंग और अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आनंद उठा सकें।

उक्त जानकारी देते हुए बोकारो स्टील प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां पत्रकारों को बताया कि हैप्पी स्ट्रीट का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन में बोकारो के विभिन्न विद्यालय, शिक्षण संस्थान, बोकारो महिला समिति, संगीत कला अकादमी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स, पोस्टल फिलाटेली ग्रुप, एक्स सर्विसमैन एसोसिएशन तथा अन्य सामाजिक संस्थाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी। इसके अतिरिक्त, समस्त नगरवासी भी इस उत्साहपूर्ण आयोजन का हिस्सा बन सकेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों से जुड़े विशेषज्ञ अपने प्रदर्शन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ, सक्रिय और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करेंगे।

## भाकपा नेता की मौत मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल के नूरी नगर निवासी भाकपा नेता और स्थानीय मस्जिद कमिटी के सदर मो. मनीरुद्दीन की कथित दुर्घटना में हुई मौत ने एक गंभीर मोड़ ले लिया है। इस मामले में मृतक की पत्नी जमीला खातून के लिखित आवेदन पर स्थानीय थाने में हत्या का मामला (कांड संख्या 96/2025) दर्ज किया गया है। यह घटना डीवीसी के ऐश पौंड में हुई थी, जहां मो. मनीरुद्दीन की मौत एक हाईवा की टक्कर से हुई बताई गई थी। हत्या के इस मामले में तीन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है, जिसमें छाई ढुलाई के कार्य में लगी कंपनी के साइट इंचार्ज बेरमो निवासी मुकेश पांडेय, धक्का मारने वाले हाईवा (नंबर-जेएच 02 बीपी-4606) के मालिक बरवाबेड़ा निवासी मो. तौफिक और हाईवा चालक के नाम शामिल हैं।

**साजिश के तहत घटना को अंजाम देने का आरोप**

मृतक की पत्नी जमीला खातून ने अपने आवेदन में स्पष्ट रूप से लिखा है कि इन सभी अभियुक्तों ने सोची समझी साजिश के तहत इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके पति लगातार ऐश पौंड में कार्यरत 54 मजदूरों की मांगों को लेकर किये गये कार्य बंद को फिर से शुरू करवाने के लिए कंपनी पर दबाव बना रहे थे। यह दबाव साइट इंचार्ज और कंपनी के अन्य लोगों को नागवार गुजरा था, जिसके परिणामस्वरूप मंगलवार को उन्हें अपनी जान देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ी। आवेदन में चुरामन यादव, साकिर हुसैन, मुमताज अंसारी समेत कुछ अन्य मजदूरों को घटना के वक्त ऐश पौंड में मौजूद गवाहों के रूप में भी नामजद किया गया है।



**पार्टी ने लाल झंडा ओढ़ाकर दी श्रद्धांजलि**

बुधवार की शाम को दिवंगत भाकपा नेता मो. मनीरुद्दीन का मिट्टी मंजिल (अंतिम संस्कार से संबंधित कार्यक्रम) स्थानीय लाल चौक के समीप कब्रिस्तान में किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग उमड़े। इसमें सभी समुदायों के लोगों की भारी जुटान हुई, जो उनकी लोकप्रियता और जन-सरोकार को दशार्ता है। इस अवसर पर भाकपा नेता सुजीत घोष, इफतेखार महमूद, रामेश्वर साव, ब्रज किशोर सिंह, मो. शाहजहां, बाबूलाल गिरी, खिरोधर महतो, नवीन पाठक, जानकी महतो, अशोक सिंह, मो. सुजायत, मंजूर आलम, रिजवान अहमद, अलीमुद्दीन, कलीमुद्दीन, मो. रशीद आदि मौजूद रहे और सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए मिट्टी दी। मिट्टी मंजिल के पूर्व बुधवार को नूरी नगर स्थित उनके आवास पर भाकपा बेरमो अंचल ने उन्हें पार्टी का लाल झंडा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कई पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

## तेजी से बढ़ रही है महिलाओं के साथ डिजिटल हिंसा : थाना प्रभारी

### कसमार में डिजिटल हिंसा पर दिवसीय जागरूकता अभियान



झारखंड दर्शन संवाददाता

**कसमार।** बुधवार को सहयोगिनी संस्था द्वारा महिलाओं और किशोरियों के लिए डिजिटल हिंसा से सुरक्षा के उपायों पर कसमार स्थित पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कसमार थाना प्रभारी कुंदन कुमार, जिप सदस्य अमरदीप महाराज, प्राचार्य फारुख अंसारी, सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर मुख्य रूप से मौजूद थे। 16 दिवसीय महिला हिंसा के खिलाफ जारी जागरूकता अभियान के तहत इब्तिदा झारखंड तथा क्रिया के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कसमार थाना प्रभारी कुंदन कुमार कहा कि महिलाओं पर हिंसा की समस्या पुरानी है, लेकिन अब डिजिटल हिंसा तेजी से बढ़ रही है। महिलाओं व लड़कियों के साथ शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और यौनिक हिंसा के साथ-साथ अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी हिंसा भयावह रूप ले रही है। यह हिंसा व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, फोन कॉल सहित कई सोशल मीडिया माध्यमों से की जाती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल हिंसा को ही आम तौर पर साइबर क्राइम कहा जाता है। किसी भी प्रकार की साइबर हिंसा का शिकार होने पर तुरंत साइबर थाना में शिकायत दर्ज करनी चाहिए।

## फुसरो वेस्ट मैनेजमेंट सफाई कर्मियों व चालकों का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** नगर परिषद फुसरो अंतर्गत फुसरो वेस्ट मैनेजमेंट के अधीन कार्यरत सफाई कर्मी व चालक बकाया राशि तथा एरियर सहित सात सूत्री मांग को लेकर बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सफाई कर्मी नगर परिषद कार्यालय के समीप धरना पर बैठ गए हैं। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान को पूर्ण रूप से धरातल पर उतारने को लेकर कर्मी दिन रात क्षेत्र की गंदगी की सफाई में लगे रहते हैं।

इसके बावजूद अधिकारियों व कंपनी के द्वारा कर्मचारियों का बकाया राशि व एरियर का भुगतान नहीं किया गया। बकाया राशि नहीं मिलने से सभी के समक्ष आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। विभाग की ओर से पिछले एक माह से बकाया राशि व एरियर भुगतान का लगातार आश्वासन दिया जा रहा था।

परंतु बकाया राशि भुगतान नहीं होने के कारण सफाई कर्मचारियों को मजबूरन हड़ताल पर जाने को विवश होना पडा। कर्मचारी सेवक राम तथा सन्नी घांसी ने कहा कि हम सभी कर्मचारी फुसरो वेस्ट मैनेजमेंट के अधीन कार्यरत हैं। विभाग द्वारा हमलोगों के काम के एवज में अबतक बकाया राशि भुगतान नहीं किया गया है। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्यपात है। नगर प्रशासक एवं कंपनी इंचार्ज के बीच पूर्व में हुई बैठक में पांच दिसंबर तक बकाया राशि भुगतान करने का आश्वासन दिया गया था। परंतु इस पर कोई पहल नहीं किया गया। कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल जारी रहेगा।

### डॉ. जयदीप सरकार को साई ने बनाया चीफ कोच

## भारतीय वॉलीबॉल को मिलेगी नई उड़ान, एशियाई खेलों में लहराया था परचम

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** भारतीय वॉलीबॉल जगत और झारखंड के लिए एक गौरवपूर्ण समाचार बुधवार को सामने आया। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई- साई) ने बोकारो, झारखंड के डॉ. जयदीप सरकार को मुख्य प्रशिक्षक (चीफ कोच) के प्रतिष्ठित पद पर चयनित किया है। वर्तमान में भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत डॉ. जयदीप को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भारतीय खेल प्राधिकरण के उप निदेशक (मानव संसाधन) आकाश पुंडीर द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से दी गई है।

डॉ. जयदीप सरकार का चयन ऐसे समय में हुआ है जब उनके मार्गदर्शन में भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने पिछले 19वें हांगझोऊ एशियाई गेम्स 2023 में धमाकेदार प्रदर्शन किया था। टीम ने न केवल शानदार खेल दिखाया, बल्कि विश्व रैंकिंग में ऐतिहासिक छह पायदानों की छलांग लगाकर भारतीय वॉलीबॉल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। डॉ. जयदीप सरकार का योगदान केवल राष्ट्रीय टीम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने बोकारो शहर के खेल परिदृश्य को बदलने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बोकारो को देश का पहला 'ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी' बनाने में उनकी प्रमुख भूमिका रही है। इसके तहत 'हैप्पी स्ट्रीट' जैसे जन-भागीदारी वाले अहम आयोजनों में भी उनका नेतृत्व सर्वोपरि रहा है, जिसने बोकारो को एक सक्रिय और स्वस्थ शहर के रूप में अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई। डॉ. जयदीप सरकार की पेशेवर प्रोफाइल अत्यंत बहुआयामी है।

**समीक्षा** जिला समाज कल्याण विभाग के विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा

# संवेदनशील होकर दायित्वों का निर्वहन करें अधिकारी : उपायुक्त

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को संवेदनशील होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने और योजनाओं की प्रगति की प्रतिदिन निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि विभागीय प्रदर्शन में सुधार आ सके।

इस समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ० सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक पीयूष आदि उपस्थित थे। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पर विशेष जोर देते हुए उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की कि जिले में लगभग 17,835 आवेदन सत्यापन के लिए लंबित हैं। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि इस राज्य सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना के सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन आगामी 20 दिसंबर तक हर हाल में कर दिया जाए।

इसके लिए बीईईओ, बीआरपी, सीआरपी आदि को लगाने को कहा गया। साथ ही, सभी स्वीकृत लाभुकों को समयबद्ध तरीके से राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को हर 15 दिनों में तथा सीडीपीओ को प्रखंड स्तर पर नियमित समीक्षा करने को कहा, ताकि कोई भी पात्र किशोरी वंचित न रहे।

**आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए दिए महत्वपूर्ण निर्देश**

उपायुक्त ने बताया कि जिले के लगभग 1329 आंगनबाड़ी केंद्र अभी भी बिजली आपूर्ति से वंचित हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि केंद्र को उपलब्ध रख-रखाव मद की राशि का उपयोग कर बिजली कनेक्शन लिया जाए। चास एवं बेरमो के कार्यपालक अभियंताओं को सभी परियोजनाओं में बिजली कनेक्शन के लिए शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया।जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों के संबंध में निर्देश दिया गया कि शिक्षा विभाग के समन्वय से सर्वे कार्य में तेजी लाई जाए और उपयोग योग्य न रहे केंद्रों को निकट स्थित सरकारी स्कूलों के साथ को-लोकेट किया जाए। यह कार्य 15 दिसंबर तक हर हाल में पूरा करने को कहा गया। जिले में कुल 944 जर्जर केंद्रों में से शेष 531 का को-लोकेशन होना बाकी है।उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं पर्यवेक्षकों को केंद्रों का नियमित व ससमय संचालन सुनिश्चित करने तथा पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभुकों के डाटा की नियमित अपडेटिंग करने का निर्देश दिया। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों को चिन्हित कर कार्रवाई और स्पष्टीकरण प्राप्त करने को कहा गया। उन्होंने डीएसडब्ल्यूओ, सीडीपीओ एवं एलएस को नियमित क्षेत्र भ्रमण करने, दूर प्रोग्राम बनाकर रिपोर्ट करने और आईसीडीएस की मूल भावना (मातृ एवं शिशु पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा की बेहतरी) को धरातल पर लागू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं की दक्षता वृद्धि हेतु नियमित प्रशिक्षण देने और बच्चों के आधार निर्माण, आपार आईडी निर्माण तथा आधार सीडिंग के लिए समयबद्ध कैलेंडर जारी करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका तैयार करने और निरीक्षण के दौरान सेल्फी लेकर विभागीय व्हाट्सएप समूह में साझा करने के निर्देश भी दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध खनन पर उपायुक्त की कड़ी नाराजगी

**गिरिडीह।** जिले में अवैध खनन के बढ़ते मामलों ने जिला प्रशासन को कठोर कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिला खनन पदाधिकारी सत्यजीत सिंह को लापरवाही, उदासीनता तथा अवैध खनन माफियाओं से मिलीभगत के संदेह में शो कॉज नोटिस जारी कर दिया है। बताया जा रहा है कि बीते कई महीनों से बालू, कोयला और पत्थर के अवैध उत्खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन विभागीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं दिख रही थी, जिसके चलते प्रशासन की सख्त नाराजगी सामने आई है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा में डीएमओ द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो उनके खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा राज्य सरकार को भेजी जाएगी। प्रशासनिक सूत्र बता रहे हैं कि डीसी इस मामले को लेकर बेहद सख्त रुख में हैं और किसी भी प्रकार की ढिलाई को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अवैध खनन से जिले में राजस्व हानि हो रही है और साथ ही परिवहन मार्गों पर दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि यदि खनन विभाग ईमानदारी से काम करे तो अवैध कारोबार पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। इस नोटिस के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और खनिकर्म से जुड़े कई लोगों में बेचैनी देखी जा रही है।

### चोरी की टेंपो बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा सदर पुलिस ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में चोरी के एक महत्वपूर्ण मामले का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में एसडीपीओ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। घटना बीते 3 दिसंबर की रात की है, जब गिरी गांव निवासी नितेश कुमार यादव प्रतापपुर से चतरा लौट रहे थे। संघारी घाटी के पास तीन से चार मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने उनका टेंपो तथा दो मोबाइल फोन लूट लिए और फरार हो गए। घटना की प्राथमिकी थाना कांड संख्या 389/25 दिनांक 06.12.2025 के रूप में दर्ज की गई थी। घटना की लगातार जांच और छापेमारी के बीच 9 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि अपराधी लूटे गए टेंपो को बेचने या कहीं छिपाने की नीयत से हंटरगंज की ओर आ रहे हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस अवर निरीक्षक राहुल सिंह, थाना प्रभारी विपिन कुमार तथा सशस्त्र बलों के साथ टीम भुइयांडीह पहुंची, जहां से विशाल पांडे, कमलेश कुमार और चंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया।

### अग्निवीर प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए रविरंजन, गांव में उल्लास, फूल वर्षा कर किया गया सम्मान

**हंटरगंज।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत कनौदी गांव निवासी रविरंजन कुमार का भारतीय सेना के अग्निवीर भर्ती में चयन होने पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। रविरंजन को ट्रेनिंग के लिए दानापुर रेजिमेंट रवाना किए जाने के अवसर पर पंचायत मुखिया दीपा भारती, जीरो टू सक्सेस एकेडमी के संचालक एवं प्रशिक्षक दीपक कुमार तथा ग्रामीणों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया और फूलों की वर्षा कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। रविरंजन के माता-पिता इस अवसर पर भावुक हो उठे। परिजनों ने बताया कि रविरंजन की माता विकलांग हैं, लेकिन तमाम कठिनाइयों के बीच पिता ने बेटे को प्रोत्साहन देते हुए हमेशा कहा कि जिंदगी एक जंग की तरह है और इससे जीतने के लिए साहस व संकल्प जरूरी है। इसी प्रेरणा के साथ रविरंजन बचपन से ही सेना में शामिल होने का सपना देखते रहे और कठिन मेहनत तथा निरंतर अभ्यास से उन्होंने यह सफलता हासिल की। रवाना होने से पहले रविरंजन ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए जुनून और हौसला जरूरी है। असफलता से घबराने की बजाय लगातार परिश्रम करते रहने से सफलता एक दिन कदम चूमती है।

### औरु महुआटांड टोला में रास्ते को लेकर वर्षों पुराना विवाद आखिरकार सुलझा

हंटरगंज। हंटरगंज थाना क्षेत्र के औरु गांव के महुआटांड टोला में सार्वजनिक रास्ते को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद का समाधान आखिरकार बुधवार को दोनों पक्षों की सहमति से हो गया। पिछले कई दिनों से यहां तनाव की स्थिति बनी हुई थी। एक पक्ष का आरोप था कि दूसरे पक्ष द्वारा सार्वजनिक रास्ता काटकर आवागमन बाधित किया जा रहा है। इस मामले में थाने से लेकर अंचल कार्यालय तक शिकायतें दर्ज की गई थीं। दूसरे पक्ष रामजतन वर्मा ने स्पष्ट किया कि विवादित रास्ता सार्वजनिक नहीं, बल्कि उनकी निजी जमीन पर बना वह रास्ता है, जिसे उन्होंने ट्रैक्टर आवागमन के लिए विकसित किया था। उन्होंने कहा कि लोग इसे गलती से सार्वजनिक रास्ता मानने लगे हैं, जबकि वह किसी भी सार्वजनिक स्थल या घर की ओर नहीं जाता। वहीं कुछ ग्रामीणों ने दावा किया कि वह मार्ग वर्षों से सार्वजनिक उपयोग में रहा है। स्थिति को गंभीर होता देख पंचायत प्रतिनिधि प्रभु दयाल यादव तथा क्षेत्रीय बुद्धिजीवियों ने पहल कर दोनों पक्षों को बातचीत के लिए बुलाया। लंबी वार्ता के बाद विवाद का समाधान निकालते हुए वैकल्पिक मार्ग प्रदान करने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों से विधिवत एकरनामा भी तैयार कराया गया, जिससे भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो। समाधान होने के बाद गांव के लोगों ने राहत की सांस ली।

### चतरा उत्पाद विभाग की सख्त कार्रवाई, जजलो बाजार से अवैध शराब की भारी खेप बरामद

चतरा। जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्पाद विभाग ने हंटरगंज थाना क्षेत्र के जजलो बाजार स्थित खुशी होटल में बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त कीर्ति श्री के निर्देश पर मिली गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने होटल में छापामारी की, जहां से विभिन्न ब्रांडों की कुल 1678 बोतल और कैन बरामद की गईं। बरामद शराब का कुल बाजार मूल्य लगभग पांच लाख रुपये आंका गया है। छापामारी के दौरान होटल संचालक राकेश यादव मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बरामद शराब में 511.815 लीटर विदेशी शराब तथा 300.050 लीटर बीयर शामिल है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई सख्ती के साथ जारी रहेगी। छापामारी दल में अवर निरीक्षक आशीष कुमार पांडे, अवर निरीक्षक अभिषेक आनंद, उत्पाद आरक्षी तथा गृह रक्षक बल के जवान शामिल थे।

### सेंधमारी कर दुकान से छह लाख के जेवरात की चोरी

**दुगदा।** दुगदा थाना क्षेत्र के टी मोड़ स्थित कृष्णा ज्वेलर्स एवं वर्तन स्टोर में मंगलवार की रात्रि अज्ञात चोर दुकान के पीछे से सेंधमारी कर छह लाख रुपए के जेवरात चोरी कर चंपत हो गए। घटना की सुचना मिलते ही दुगदा थाना प्रभारी मनीष कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। छानबीन की और कहा कि चोरी की घटना में शामिल चोरों को बहुत जल्द पकड़ लिया जाएगा। भुक्तभोगी ज्वेलर्स मालिक कृष्ण देव प्रसाद ने दुगदा थाना को दिए आवेदन में बताया है कि चोरी की सूचना मकान मालिक धीरन रविदास ने बुधवार की सुबह लगभग सात बजे दी।

# शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में लिए गए कई बड़े फैसले, निजी विद्यालयों पर सख्त रुख

झारखंड दर्शन संवाददाता




**चतरा।** जिला प्रशासन ने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कीर्ति श्री की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि, सभी बीईईओ, बीआरपी, सीआरपी तथा शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में शिक्षा तंत्र की कार्यप्रणाली, विद्यालय प्रबंधन, डेटा अद्यतन, छात्र हितों से जुड़ी योजनाएं, नामांकन, शिक्षक उपस्थिति तथा निजी विद्यालयों की जांच रिपोर्टों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत में पिरामल फाउंडेशन द्वारा निजी विद्यालयों की संयुक्त जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसके आधार पर कई विद्यालयों में आरटीई संबद्धता से संबंधित गंभीर कमियां उजागर हुईं। उपायुक्त ने पांच ऐसे विद्यालयों की संचिकाएं तत्काल जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिनकी संबद्धता की प्रक्रिया लंबित है।

वहीं मानकों पर खरे न उतरने वाले तेरह निजी विद्यालयों को बंद करने की प्रक्रिया तेज करने का आदेश दिया गया, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित न हो। ई-विद्यावाहिनी पोर्टल और मध्यान्ह भोजन योजना के डेटा की समीक्षा में कई विद्यालयों में दर्ज छात्र संख्या और वास्तविक उपस्थिति के बीच अंतर पाया गया। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने और पिरामल फाउंडेशन को रैंडम निरीक्षण कर सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डेटा की विश्वसनीयता ही किसी भी सरकारी योजना के सफल संचालन की आधारशिला है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर भी कड़ा रुख अपनाया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि बिना अनुमति अवकाश पर रहने वाले शिक्षकों के वेतन से अवकाश काटा जाएगा और लगातार लापरवाही करने वालों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। कम नामांकन वाले विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षकों को अन्य विद्यालयों में प्रतिनियुक्त करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि पूरे जिले में शिक्षण कार्य संतुलित रूप से संचालित हो सके।

बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने हेतु यह अहम निर्णय लिया गया कि अब कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों की जिला रेल परीक्षा प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी। राज्य रेल परीक्षा की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड नहीं किए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी गई।

बैठक में छात्राओं के जन्म प्रमाण पत्र, आधार निर्माण और बैंक खाता खुलवाने से जुड़े मामलों की भी समीक्षा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन छात्राओं के जन्म प्रमाण-पत्र तैयार हो चुके हैं, उन्हें अभिभावकों तक शीघ्र पहुंचाया जाए और उनके आधार व बैंक खाते जल्द खुलवाए जाएं ताकि वे सरकारी छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ ले सकें। बैठक के अंत में 20 दिसंबर को आयोजित कस्तूरबा गांधी बालिका अंतर-विद्यालय समागम की तैयारी पर भी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

## प्रेम-प्रसंग में युवक पर जानलेवा हमला, कुएं में फेंका गया विनोद, आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है

झारखंड दर्शन संवाददाता



**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बंगारी गांव में सोमवार देर रात प्रेम-प्रसंग को लेकर एक निर्मम और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

जानकारी के अनुसार बंगारी निवासी विनोद कुमार अपनी प्रेमिका से मिलने गया था, इसी दौरान प्रेमिका के परिजनों ने उसे पकड़ लिया। आरोप है कि विनोद के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, उसे लाठी-डंडों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया गया और बाद में गंभीर अवस्था में गांव के किनारे स्थित एक कुएं में फेंक दिया गया।

रात भर कुएं के भीतर घायल अवस्था में पड़े विनोद की कराह सुनकर सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो विनोद बदहवास, लहूलुहान और दर्द से तड़पता हुआ मिला। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आईसीयू में भर्ती कर लिया। परिजन बताते हैं कि विनोद सोमवार शाम घर से निकला था और वापस नहीं लौटा, जिसके बाद घरवाले चिंतित हो गए थे। इसी बीच घटना की जानकारी मिलने पर पूरे परिवार में कोहराम मच गया। बेंगाबाद थाना प्रभारी जीतेंद्र कुमार ने बताया कि अब तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन शिकायत मिलते ही त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और लोग इस निर्मम कांड को लेकर आक्रोशित हैं। पूरे क्षेत्र में भय का वातावरण फैला हुआ है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

### क्षत-विक्षत शव देखकर गांव में पसरा सन्नाटा, पत्नी और दो बच्चे बेसहारा

झारखंड दर्शन संवाददाता



**गिरिडीह।** पचम्बा थाना क्षेत्र के हरिचक गांव में मंगलवार को तड़के एक हृदय विदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। सुबह ग्रामीणों ने जब रेलवे ट्रैक के समीप एक युवक का क्षत-विक्षत शव देखा तो पूरे गांव में दहशत फैल गई। मृतक की पहचान हरिचक निवासी टुपलाल दास के पुत्र 30 वर्षीय प्रकाश दास के रूप में हुई है। प्रकाश रोज की तरह सुबह घर से निकले थे, लेकिन कुछ ही समय बाद उनका शव ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और हर कोई इस डरावने दृश्य को देखकर दहल उठा। लोगों ने तुरंत पचम्बा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, ट्रैक का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक प्रकाश दास शांत और सरल स्वभाव के युवक थे, जो पेंटिंग का काम कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी मौत ने पूरे परिवार को उजाड़ कर रखा दिया है। घर में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं, जो अभी यह समझ भी नहीं पा रहे कि उनके जीवन का सहारा अब उनके बीच नहीं रहा। गांव में मातम पसरा हुआ है और हर कोई परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से घटना की गहन जांच कर यह स्पष्ट करने की मांग की है कि यह दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई और कारण छिपा हुआ है। परिवार न्याय की उम्मीद लगाए हुए है और गांव का माहौल बेहद दुखद है।

## खोरी महुआ में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई अवैध खनन पर रातभर चली छापेमारी



### तीन ओवरलोड वाहनों की जब्ती ने मचा दिया हड़कंप

झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** खोरी महुआ अनुमण्डल क्षेत्र में अवैध खनन और अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने एक बड़ा अभियान चलाया। सोमवार की रात अनुमण्डल पदाधिकारी अनिमेष रंजन के नेतृत्व में धनवार प्रखंड के कई इलाकों में सघन छापेमारी और गश्ती अभियान चलाया गया। रातभर चले इस अभियान के दौरान कई वाहनों को रोका गया और उनकी जांच की गई। जांच में तीन वाहन जे एच 11 पी 5820, जे एच 11 ए टी 6983 और जे एच 11 पी 6860 ओवरलोड बोल्डर और पत्थरों से भरे पाए गए और इनके पास किसी प्रकार का वैध चालान भी नहीं था। तीनों वाहनों को मौके पर जब्त कर घोड़थम्बा ओपी भेज दिया गया है। प्रशासन ने इन वाहनों के संचालकों पर खनन एवं परिवहन अधिनियमों के तहत कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। एसडीओ अनिमेष रंजन ने साफ कहा कि अवैध खनन से सरकारी राजस्व को भारी नुकसान होता है और ओवरलोड वाहन सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनते हैं। उन्होंने दो टूक कह दिया कि ऐसे अवैध कार्यों में शामिल कोई भी व्यक्ति बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन लगातार छापेमारी जारी रखेगा और किसी भी तरह की अवैध खनन गतिविधि को सख्ती से रोका जाएगा। इस अभियान के बाद अवैध खनन से जुड़े लोगों में भय और बेचैनी का माहौल है, जबकि आम जनता प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना कर रही है। यह कदम जिले में अवैध खनन पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## ढोरी खास परियोजना प्रबंधन के साथ बीएमएस की हुई परिचयात्मक बैठक

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र की ढोरी खास परियोजना के परियोजना पदाधिकारी रंजीत कुमार के साथ बुधवार को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के सदस्यों की परिचयात्मक बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी रंजीत कुमार व संचालन कार्मिक पदाधिकारी सीताराम यूईके ने किया। वहीं ट्रेड यूनियन की ओर से ढोरी खास परियोजना के अध्यक्ष निरंजन वर्मा द्वारा बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन सचिव हीरालाल रविदास के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के कार्यसमिति सह पेंशन सेल के सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा ढोरी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री कुलदीप तथा क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत महासंघ के पेंशन सेल सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा को स्वागत करते हुए की गई तथा श्रमिक प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रबंधन व ट्रेड यूनियन एक दूसरे के पूरक होते हैं। संगठन व प्रबंधन के सामंजस्य से कोल इंडिया आज कोयला उत्पादन कर देश में ऊर्जा के श्रोत में अग्रणी भूमिका निभा रही है। वहीं रवींद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि आज की परिचयात्मक बैठक में कामगारों के विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर संगठन की ओर से प्रबंधन को मजदूर समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षित कराया गया है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रबंधन लगातार रविवारीय ड्यूटी में कोल कर्मियों की कटौती कर रही है। शुद्ध पेयजल, कामगारों के आवास मरम्मत, सैप से कर्मचारियों के वेतन विसंगतियों, सुरक्षा में अनियमितताओं आदि ज्वलंत समस्याओं से संगठन ने प्रबंधन को अवगत कराया है, जिस पर प्रबंधन की ओर से सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रबंधन की ओर से राकेश मीना, भोला नाथ सिंह, लोकेश्वर साव, नीरज सिंह, अरविंद शर्मा अनूप कुमार वर्णवाल, संतोष यादव आदि उपस्थित थे।

## कदहे गांव से 6 माह का शिशु गायब, मानव तस्करी नेटवर्क की आशंका से दहशत

झारखंड दर्शन संवाददाता

**चतरा।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में बच्चा चोर गैंग के सक्रिय होने की आशंका ने पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल बना दिया है। कदहे गांव में बीते मंगलवार की रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक मां के दो जुड़वा दूधमुंहे बच्चों में से एक को अज्ञात चोर घर में घुसकर उठा ले गए। पीड़ित परिवार आदिवासी गंझू समुदाय से है, और यह घटना न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सदमे और चिंता का विषय बन चुकी है।

घटना उस समय हुई जब सरोज देवी, पति दीपू गंझू, अपने छह माह के जुड़वा बच्चों के साथ घर में सो रही थीं। रात के अंधेरे में अज्ञात चोर उनके एक शिशु को चुपके से चुरा ले गए, जबकि दूसरा बच्चा सोता रह गया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल फैल गया है, क्योंकि यह इलाका घोर नक्सल प्रभावित माना जाता है और यहां पहले कभी बच्चों की चोरी जैसी घटनाएं सामने नहीं आई थीं। अब स्थिति और भी खतरनाक मोड़ लेती नजर आ रही है।

मां सरोज देवी ने लावालौंग थाना में आवेदन देकर अपने लापता बच्चे को खोजने की गुहार लगाई है। आवेदन मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई है। थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि बच्चे की चोरी की शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में बच्चा चोरी गैंग या मानव तस्करी नेटवर्क की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।पुलिस टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या घटना किसी संगठित गैंग की सोची-समझी साजिश का हिस्सा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण छिपा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तेजी से हर पहलू पर काम कर रही है ताकि लापता शिशु को जल्द से जल्द सुरक्षित बरामद किया जा सके।

## सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना से ही हो सकता है मानवाधिकार की रक्षा : अनुप कुमार

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जरीडीह बाजार में हुई बैठक

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बेरमो।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनूप कुमार साव द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जरीडीह बाजार में एक बैठक कर महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। अनूप कुमार बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड के जरीडीह बाजार निवासी है। एमबीए करने के उपरांत मुंबई शहर में इन्होंने 10 साल कॉरपोरेट अनुभव कई बड़ी कंपनियों के माध्यम से प्राप्त किया है। वर्तमान में विधि विशेषज्ञ के रूप में अभ्यास कर रहे है। बेरमो के प्रचलित समाज सेवी एवं सामाजिक सेवा तथा मानवाधिकार के क्षेत्र में विशिष्ट कार्यों में प्रदर्शन के कारण इन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार अधिवेशन में सम्मानित किया जा चुका है।

ये एक आरटीआई एक्टिविस्ट एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुखबिर के रूप में अपनी छवि को कायम करने में कामयाब रहे है। इन्होंने कहा कि मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक पर उन्हें कई अधिकार प्राप्त हैं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकार आयोग की स्थापना विश्व के कई देशों में किया। भारत में भी 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना हुई जिसका मुख्य उद्देश्य मानवाधिकार की रक्षा करना है। संयुक्त राष्ट्र संघ के सार्वभौमिक घोषणा पत्र में उल्लेखित उन 30 मानव अधिकारों से भी भारतीय संस्कृति में वसुधैव कुटुंबकम सर्वे भवंतु सुखेनः की परिकल्पना सर्वोच्च है। पिछले कुछ दिनों से दुनिया के अलग-अलग देशों में मानव अधिकारों के उल्लंघन के बढ़ते मामलों ने पूरी दुनिया को इनके प्रासंगिकता और संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर सवालिया निशान लगा दिया है। दुनिया के साथ ही भारत में भी इस साल कई बार मानव अधिकारों का खुलेआम माखौल बनाया गया है। इसलिए मौजूदा समय में मानवाधिकार की रक्षा करना सभी के लिए चुनौती का विषय बन गया है। मानवाधिकार की रक्षा तभी हो पाएगी, जब आप मानवाधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी रखेंगे और उसका प्रचार-प्रसार समाज के अंतिम व्यक्ति तक सही तरीके से हो सके साथ ही मानवीय कर्तव्यों का निर्वहन कर सके। छात्रों के पाठ्यक्रम में मानवाधिकार को महत्वपूर्ण विषय के रूप में शामिल करने की जरूरत है। ताकि हर व्यक्ति मानवाधिकार के प्रति जागृत हो सके। मानवीय कर्तव्य का अर्थ साफ शब्दों में यह है कि हमे संस्कार युक्त होते हुए संवेदनशील होना होगा। साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी करने की जरूरत है। असल मानवाधिकार की रक्षा तभी संभव हो सकेगी जब हम सभी के बीच सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना का प्रसार हो और अंतर्मन से संवेदनशील हो कर कर्तव्यों का निर्वहन करें। इनकी संस्था नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, बतौर भारत की एक जिम्मेदार गैर सरकारी मानवाधिकार संस्था होने के नाते मानवधिकार की सतत रक्षा के प्रचार प्रसार हेतु सतत प्रयासरत है। संस्था के 25 हजार से भी अधिक साथियों के सहयोग एवं समर्पण से पिछले 8 वर्षों में लाखों पीड़ितों, शोषितों, वंचितों एवं मानवाधिकार हनन पीड़ितों को न्याय मिली है। समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता लाने के लिए संस्था ने व्यापक पहल किए हैं। संस्था की पहुंच महानगरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह बीहड़ पिछड़े इलाके के गांव तक भी है। हजारों साथियों की मजबूत उपस्थिति ने एनएचआरसीसीबी को आज भारत के अग्रणी संस्था के रूप में स्थापित कर दिया है। उन्होंने सभी देशवासियों को मानवाधिकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा समस्त देशवासियों से अपील की कि आइए आप सब भी मुहीम से जुड़कर उत्कृष्ट समाज निर्माण एवं अपराध मुक्त समाज का हिस्सा बनें।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक रागिनी सिंह ने विधानसभा में हर घर जल योजना की धीमी प्रगति पर जताई गहरी नाराजगी

**झरिया।** झरिया से विधायक रागिनी सिंह ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान हर घर जल योजना की धरातल पर नाकामी को लेकर सरकार से कड़े सवाल किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के समय करोड़ों रुपये की लागत से शुरू की गई यह योजना आज भी अपने अधूरे रूप में पड़ी हुई है। झरिया की जनता अब भी पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित है, जबकि यह योजना उनके जीवन में बुनियादी सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। रागिनी सिंह ने सदन में पूछा कि आखिर इस योजना का कार्य अब तक पूरा क्यों नहीं हो पाया और वह फंड कहाँ गया, जो इसके लिए जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि यह देरी न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दशार्ती है, बल्कि यह कई गंभीर संदेहों को भी जन्म देती है। क्षेत्र की जनता वर्षों से पानी की समस्या से जूझ रही है, और उनका यह अधिकार है कि उन्हें समय पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। विधायक ने कहा कि वह पारदर्शिता और जनहित के सवालों को लेकर लगातार आवाज उठाती रही हैं और भविष्य में भी जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेंगी। उन्होंने कहा कि झरिया की जनता को उनका हक दिलाना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए वह हर मंच पर संघर्ष जारी रखेंगी।

### आकाश किनारी खदान से प्रभावित मोहल्लों की समस्याओं का जल्द समाधान होगा



**धनबाद।** वार्ड नंबर 2 के समाजसेवी और भावी पार्षद मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी ने बुधवार को गोविंदपुर एरिया-3 के महाप्रबंधक पियूष किशोर से मुलाकात कर आकाश किनारी ओपन कास्ट खदान से प्रभावित मोहल्लों की गंभीर समस्याओं को विस्तार से रखा। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों के समाधान के लिए जल्द कदम उठाए जाएंगे। आकाश किनारी क्षेत्र में एस टी जी देखो कंपनी द्वारा संचालित खदान के कारण आसपास के घरों, मस्जिदों और मंदिरों में लगातार हो रही ब्लास्टिंग से दरारें पड़ गई हैं, जबकि बढ़ते प्रदूषण के कारण लोग टीबी एवं अन्य श्वसन संबंधी रोगों से जूझ रहे हैं। मोहम्मद शहाबुद्दीन ने बताया कि वर्षों से छाताबाद हदहदिया से समरसेबल पंप के माध्यम से जलापूर्ति होती रही है, परंतु पिछले एक वर्ष से यह पंप बंद है, जिसके कारण क्षेत्र में गंदा पानी ही सप्लाई हो रहा है। उन्होंने क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत और नई पाइपलाइन बिछाकर स्वच्छ पानी की सप्लाई बहाल करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि ब्लास्टिंग केवल डीजीएमएस द्वारा स्वीकृत मानक प्रक्रिया के तहत होनी चाहिए, ताकि जान-माल की क्षति का खतरा कम हो। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि दस दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो क्षेत्र की जनता आंदोलन करने पर मजबूर होगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी कोलियरी प्रबंधन की होगी।

### प्रेस बोर्ड लगी स्विफ्ट कार से गाय और दो बछड़े बरामद

**धनबाद।** सोमवार की सुबह बैंक मोड़ पुलिस ने एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार को जब्त किया, जिसमें एक गाय और दो बछड़े लदे हुए थे। आश्चर्य की बात यह थी कि वाहन पर प्रेस का बोर्ड लगा हुआ था। कार धनसार की ओर से तेज गति से आ रही थी और चालक लापरवाहीपूर्ण ढंग से वाहन चला रहा था। जब पुलिस ने उसे रोकने का संकेत दिया तो चालक चकमा देकर और तेज गति से वाहन को भगाने लगा। भागने के क्रम में कार श्रीराम प्लाजा के पास डिवाइडर से टकरा गई, जिसके बाद उसमें सवार तीन व्यक्ति मौके से फरार हो गए। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें पशु लदे हुए मिले। इसके बाद वाहन को बैंक मोड़ थाना लाया गया, जहां मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस ने गोवंश की अवैध ढुलाई की आशंका में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है और फरार आरोपियों की तलाश में अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वाहन पर प्रेस का बोर्ड लगाकर अपराधियों द्वारा पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया, जिसकी जांच भी की जा रही है।

### चर्चित पुलिस इंस्पेक्टर गणेश सिंह निलंबित, झारखंड के पुलिस महकमे में हड़कंप



**धनबाद।** झारखंड में पुलिसकर्मियों के निलंबन की खबरें अक्सर आती रहती हैं, लेकिन इस बार एक ऐसे इंस्पेक्टर के निलंबन ने पूरे पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है, जिनकी चर्चा राज्य के सभी 24 जिलों में हो रही है। पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता के कार्यकाल में एनजीओ प्रभारी रहे इंस्पेक्टर गणेश सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो के एडीजी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वह वर्तमान में एसीबी में पदस्थापित थे। उनका तबादला हजारीबाग एसीबी कार्यालय में किया गया था, लेकिन उन्होंने वहां कार्यभार ग्रहण नहीं किया। इसी आधार पर उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। यह भी चर्चा है कि नवंबर माह में उनके विरुद्ध आईआर दर्ज की गई थी, जिसमें भ्रष्टाचार से संबंधित कुछ आरोपों की प्रारंभिक पुष्टि होने की बात सामने आई थी। इस रिपोर्ट की पुष्टि के बाद आगे की कार्रवाई की तैयारी चल रही है, जिसके कारण मामला और अधिक चर्चा में आ गया है। इंस्पेक्टर गणेश सिंह का कार्यकाल पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता के साथ जुड़ा होने के कारण यह मामला और संवेदनशील माना जा रहा है। पुलिस विभाग में यह भी चचाएं हैं कि उनके विरुद्ध होने वाली आगामी कार्रवाई की जद में कई जिलों के पुलिस अधिकारी भी आ सकते हैं।

## सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति की बैठक सम्पन्न

# 18 जनवरी को धनबाद में 101 जोड़ों का नि:शुल्क विवाह समारोह आयोजित होगा

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** हिरापुर स्थित वेडिंग विल्स विवाह भवन में सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति की महत्वपूर्ण बैठक समिति के अध्यक्ष मनजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लगातार बारहवें वर्ष 18 जनवरी 2026 को गोल्फ मैदान, धनबाद



में विभिन्न धर्मों से जुड़े 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह पूरी तरह नि:शुल्क कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 50 जोड़ों ने पंजीकरण फार्म प्राप्त कर लिए हैं और शेष फार्म भी शीघ्र ले लिए जाएंगे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जोड़े को विवाह उपरांत नया घर बसाने के लिए आवश्यक घरेलू सामग्री समिति की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बारात और सरात के भोजन हेतु लगभग दस हजार लोगों के लिए भोजन की व्यापक व्यवस्था की जाएगी, ताकि समारोह भव्य और सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके। समिति के उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद तिवारी ने बताया कि विवाह समारोह प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे विदाई के साथ सम्पन्न होगा। महिला प्रकोष्ठ की जया सिंह ने कहा कि सभी दुल्हनों की सजावट, श्रृंगार और मंच तक पहुंचने की संपूर्ण व्यवस्था समिति की ओर से सुनिश्चित की जा रही है। पंजीकरण फार्म तीन स्थानों पर पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध हैं। जिसमें बेकारबांध स्थित पंडित डेकोरेटर, चिरागोड़ा स्थित होटल वुड लैंड के समीप तथा मनईटांड़ स्थित व्यूटी डेकोरेटर शामिल है। बैठक में भरत भगत, दिलीप कुमार सिंह, तारक नाथ दास, नीरज कुमार शहा, संजय कुमार तिवारी, रंजन श्रीवास्तव, समीरन सरकार, गुड्डु साव, नवीन कुमार, संगीता जायसवाल, सरिता सिंह, प्रिया सिंह, अर्चना, पुष्पा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।
समिति ने कहा कि यह आयोजन समाज में सद्भाव, एकता और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।

## धनबाद महानगर भाजपा ने सक्रिय सदस्यों की अंतिम सूची जारी की

### झारखंड में प्रथम स्थान पर रहा धनबाद जिला




**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद महानगर भाजपा ने सक्रिय सदस्यता की अंतिम अद्यतन सूची जारी की, जिसे जिला कार्यालय में औपचारिक रूप से सार्वजनिक किया गया। जिला अध्यक्ष श्रवण राय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा स्वीकृत कुल 967 सक्रिय सदस्य धनबाद महानगर में दर्ज किए गए हैं। यह संख्या पूरे झारखंड में सबसे अधिक है, जिस पर अध्यक्ष ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की मेहनत और जनता से निरंतर जुड़े रहने के कारण संभव हुई है। उन्होंने कहा कि धनबाद जिला प्रदेश में सक्रिय सदस्यता के मामले में प्रथम स्थान पर रहा है। यह उपलब्धि संगठनात्मक ढांचे की दृढ़ता और कार्यकताओं के समर्पण की स्पष्ट तस्वीर पेश करती है। धनबाद महानगर में शामिल सभी 17 मंडलों ने सक्रिय सदस्यता के सभी मापदंडों को पूरा कर लिया है और इस आधार पर सभी मंडलों को आगामी संगठनात्मक चुनावों के लिए पूर्णतः योग्य घोषित किया गया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि कुल 1377 सदस्यों ने सक्रिय सदस्यता शुल्क जमा किया था, जिनमें से 967 सदस्यों को प्रदेश द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि यह संख्या भाजपा की जनता में बढ़ती स्वीकार्यता और संगठन की जमीनी सक्रियता का द्योतक है। इस अवसर पर जिला महामंत्री मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, उपाध्यक्ष शेखर सिंह, विष्णु त्रिपाठी, बिरेन्द्र हांसदा, अजय निषाद, जिला मंत्री अभिमन्यु कुमार, राजकिशोर जैना, प्रियंका देवी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष पुरुषोत्तम रंजन, किसान मोर्चा अध्यक्ष अनिल सिन्हा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा और सोशल मीडिया प्रभारी शिवांश श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा—रेल ट्रैफिक रोके बिना देश का बदल रहा स्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** भारतीय रेलवे दुनिया के सबसे व्यस्त रेल नेटवर्कों में से एक है, जहां हर दिन लाखों यात्री यात्रा करते हैं। ऐसे में बड़े पैमाने पर स्टेशन पुनर्विकास का कार्य बिना रेल सेवाओं में व्यवधान के पूरा करना किसी चुनौती से कम नहीं है। लेकिन भारत ने इसे संभव कर दिखाया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात पर जोर दिया कि विश्व के कई देशों में स्टेशन पुनर्निर्माण के दौरान ट्रैफिक को तीन से चार वर्ष तक बंद कर दिया जाता है, जबकि भारत में ऐसा संभव नहीं है। देश की विशाल जनसंख्या और दैनिक यात्रियों की संख्या को देखते हुए स्टेशन बंद करना किसी भी रूप में विकल्प नहीं हो सकता। रेल मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार देश अपने स्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर में इतने बड़े पैमाने पर बदलाव देख रहा है। यह बदलाव न केवल आधुनिकता की ओर एक कदम है, बल्कि भारत की इंजीनियरिंग क्षमता, समन्वय और योजना की सटीकता का प्रमाण भी है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,300 से अधिक स्टेशनों का भविष्य के मानकों के अनुसार पुनर्विकास किया जा रहा है, जिन पर 60,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च हो रही है। इनमें से 160 स्टेशन पूरी तरह नवीनीकृत किए जा चुके हैं।
रेल मंत्री ने बताया कि इन




स्टेशनों को आधुनिक डिजाइन, बेहतर सकुर्लेशन क्षेत्र, टिकाऊ निर्माण तकनीक और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट से लैस किया जा रहा है, ताकि भारतीय रेलवे यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान कर सके। इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर से 103 अमृत भारत स्टेशनों के एक और बड़े चरण की शुरूआत की, जो रेल आधारभूत ढांचे के विकास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने यह भी कहा कि यह योजना भारत की उस क्षमता का प्रतीक है, जिसमें देश तेज गति से जटिल और बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित कर सकता है, और फिर भी रोजाना की ट्रेन सेवाएं बिना किसी रुकावट के संचालित होती रहती हैं।

## इंफ्रा कंपनी और ग्रामीणों के बीच वार्ता सफल, चौथी मांग भी मानी गई



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया-3 के महेशपुर कोलियरी में संचालित श्री इंफ्रा आउटसोर्सिंग कंपनी का विरोध कर रहे ग्रामीणों और बीसीसीएल प्रबंधन के बीच मंगलवार को हुई वार्ता सकारात्मक रही। ग्रामीणों द्वारा रखी गई चौथी मांग को भी बीसीसीएल प्रबंधक ने स्वीकार कर लिया, जिससे आंदोलनरत ग्रामीणों में संतोष देखा गया। इससे एक दिन पहले ही प्रबंधन ने तीन मांगों पर सहमति जता दी थी। ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधक के समक्ष अपनी मांग रखते हुए कहा था कि जिस प्रकार उनके क्वार्टरों को खाली करवाया जा रहा है, उसी तरह सिनिडीह नदी किनारे स्थित गौरचंद सेंटर को भी नोटिस देकर खाली कराया जाना चाहिए। मुखिया प्रतिनिधि बिदू चौहान ने बताया कि केवल कुछ विशेष लोगों के दबाव में ग्रामीणों को टारगेट करना अन्याय है और इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए। ज्ञात हो कि बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा मुआवजा, नियोजन और विस्थापन नीति की मांग उठाने पर सिनिडीह पंचायत की मुखिया सुमन देवी सहित 150 ग्रामीणों के घरों की बिजली और पानी की आपूर्ति रविवार देर रात काट दी गई थी, जिसके बाद सोमवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। मुखिया सुमन देवी और प्रतिनिधि बिट्टू चौहान के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण महेशपुर कोलियरी कार्यालय के पास जमा हुए और बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी करते हुए कार्यालय को पांच घंटे तक घेरकर रखा। इस दौरान प्रबंधन की ओर से प्रोजेक्ट ऑफिसर वी. विजय कुमार और एजीएम उपस्थित रहे, जबकि ग्रामीणों की ओर से मुखिया सुमन देवी, मुखिया प्रतिनिधि बिट्टू चौहान, आजसू प्रखंड अध्यक्ष राकेश गयाली, शंभु कुमार तथा अजय कुमार ने वार्ता में हिस्सा लिया।

## टाशरा माइनिंग क्षेत्र में श्रमिक शोषण और अनियंत्रित कोयला परिवहन के खिलाफ झामुमो का बड़ा आंदोलन तेज

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** सेल टाशरा माइनिंग क्षेत्र में ठेका कंपनी केटीएम पील द्वारा कथित श्रमिक शोषण, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के उल्लंघन और अनियंत्रित कोयला ढुलाई से उत्पन्न संकट को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को झामुमो धनबाद महानगर समिति के सचिव रामू मंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपते हुए कंपनी और प्रशासन दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मांग पत्र में कहा गया है कि वासरी और टाशरा प्रोजेक्ट क्षेत्र में मजदूरों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। श्रमिकों को न तो न्यूनतम मजदूरी मिल रही है और न ही उन्हें सुरक्षा उपकरण, स्वास्थ्य सुविधा और ईपीएफ ईएसआई जैसे बुनियादी वैधानिक लाभ उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मजदूरों के बीच लगातार असंतोष बढ़ रहा है, लेकिन कंपनी प्रबंधन शिकायतों पर ध्यान देने के बजाय उन्हें अनदेखा कर रहा है। स्थानीय



लोगों ने बताया कि गौशाला टाशरा मार्ग से अनियंत्रित भारी वाहनों की आवाजाही ने पूरे क्षेत्र की व्यवस्था चरमरा दी है। सुबह से लेकर देर रात तक लगातार चलने वाले कोयला लदे ट्रकों ने सड़क को पूरी तरह जर्जर कर दिया है। धूल प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि लोगों का खुले में चलना मुश्किल हो गया है, वहीं बच्चे, बुजुर्ग और मरीज गंभीर स्वास्थ्य जोखिम से जूझ रहे हैं। कई बार दुर्घटना की आशंका के चलते ग्रामीण डर के माहौल में जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कोयला परिवहन के कारण बाजार क्षेत्र, स्कूलों के आसपास और घनी आबादी वाले इलाकों में आवागमन बाधित होता है। छोटे दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है और लगातार उठने वाली धूल से सब्जी, खाद्य सामग्री और पानी तक दूषित हो रहा है। जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है, लेकिन कंपनी प्रबंधन व्यवस्था सुधारने के बजाय मनमानी कर रहा है। झामुमो ने प्रशासन से मांग की है कि मजदूरों को सभी वैधानिक मजदूरी व सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराई जाएं, श्रम सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, श्रमिक उत्पीड़न की शिकायतों की स्वतंत्र जांच कराई जाए और गौशालाझटाशरा मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल नियंत्रण लगाया जाए। साथ ही, सेल प्रबंधन द्वारा वैकल्पिक परिवहन मार्ग निर्माण की प्रक्रिया अविलंब शुरू करने की भी मांग रखी गई है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। रामू मंडल ने चेतावनी देते हुए कहा कि झारखंड के मेहनतकश मजदूरों का खून पसीना निचोड़कर कोई भी कंपनी विकास का दिखावा नहीं कर सकती। जनता के अधिकारों से खिलवाड़ बंद होना चाहिए। यदि प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता, तो झामुमो उग्र जन आंदोलन के लिए मजबूर होगा, और इसकी पूरी जिम्मेदारी कंपनी तथा प्रशासन पर होगी।
उन्होंने कहा कि झामुमो हमेशा से जनसरोकार की लड़ाई लड़ता रहा है और टाशरा माइनिंग क्षेत्र के मजदूरों व आम जनता के हितों की रक्षा के लिए आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

**लोकार्पण** मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा कैंसर जागरूकता पुस्तिका का लोकार्पण

# कैंसर की रोकथाम में जागरूकता ही सबसे बड़ा उपचार : डॉ. ओपी अग्रवाल

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**झरिया।** मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रारम्भिक लक्षणों की पहचान एवं स्वास्थ्य-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार की गई तीन कदम प्रारम्भिक पहचान की ओर शीर्षक पुस्तिका का लोकार्पण लाइफ लाइन अस्पताल परिसर में एक गरिमामय समारोह के बीच किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ० ओ० पी० अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष डॉ० मनीष शर्मा, पुस्तिका के संकलन कर्ता एवं पूर्व अध्यक्ष



असीम अग्रवाल तथा सह कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से पुस्तिका का अनावरण किया और इसके प्रकाशन को समाज हित में महत्वपूर्ण कदम बताया। डॉ० ओ० पी० अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्तन कैंसर सहित कई प्रकार के कैंसर की रोकथाम में जागरूकता ही सबसे प्रभावी और बड़ा उपचार है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, स्वयं परीक्षण और विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह का पालन करके कैंसर के जोखिम को काफी कम किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि तीन कदम प्रारम्भिक पहचान की ओर जैसी सरल, वैज्ञानिक और उपयोगी पुस्तिका महिलाओं को सटीक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सचेत बनाएगी। पुस्तिका के संकलन कर्ता असीम अग्रवाल ने बताया कि यह पुस्तक महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान, स्वयं परीक्षण की विधियां और चिकित्सकीय जांच के महत्व को बेहद सरल भाषा में समझाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तिका अनेक परिवारों के लिए मार्गदर्शक के रूप में लाभकारी सिद्ध होगी। शाखा अध्यक्ष डॉ० मनीष शर्मा ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच स्वास्थ्य-जागरूकता, सामाजिक सेवा और मानव हित के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सदैव सक्रिय रहता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को बीमारियों से बचाव के लिए पहले से जागरूक करना है। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि इस पुस्तिका के माध्यम से कैंसर के प्रति जागरूकता अभियान को व्यापक स्तर पर फैलाया जाएगा और महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## विधायक राज सिन्हा ने विधानसभा में उठाया भटिंडा फॉल के सौंदर्यीकरण और स्थानीय गोताखोरों के सशक्तिकरण का मुद्दा

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के चल रहे सत्र में धनबाद विधायक और पार्टी के सचेतक राज सिन्हा ने अपने क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं को सरकार के सामने मजबूती से रखा। उन्होंने कहा कि धनबाद जिले के विकास से संबंधित निर्णयों और संशोधनों में स्थानीय विधायकों को शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं की जानकारी उसी जनप्रतिनिधि को होती है, जो रोजाना जनता के बीच रहकर समस्याओं का सामना करता है। विधायक ने सदन में धनबाद के प्रसिद्ध प्राकृतिक पर्यटन स्थल भटिंडा फॉल के तत्काल सौंदर्यीकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र न केवल प्राकृतिक रूप से सुंदर है, बल्कि इसे व्यवस्थित और आधुनिक तरीके से विकसित किया जाए तो यह राज्य का एक बड़ा पर्यटन केंद्र बन सकता है। पर्यटन विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और सरकार को भी राजस्व में वृद्धि होगी।
उन्होंने बताया कि भटिंडा फॉल और इसके आसपास के गांवों में रहने वाले पारंपरिक गोताखोर अत्यंत दक्ष और अनुभवशील हैं। चाहे मैथन डैम में डूबने की घटनाएं हों या अन्य जलक्षेत्रों में तलाश अभियान, हर जगह भटिंडा क्षेत्र के गोताखोरों को बुलाया जाता है। इसलिए इन गोताखोरों को आधुनिक प्रशिक्षण, आवश्यक सुरक्षा उपकरण और तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है।
उन्होंने कहा कि धनबाद जिला प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। यदि एडवेंचर स्पोर्ट्स और इको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाए तो यह क्षेत्र पर्यटन और राजस्व दोनों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। विधायक ने यह भी उल्लेख किया कि वे इस मुद्दे को पहले भी सदन में उठा चुके हैं और सरकार से अपेक्षा करते हैं कि इस दिशा में त्वरित और ठोस कदम उठाए जाएं।

## सुभाषितम्

**मुझे आने वाले कल का भय नहीं है क्योंकि मैंने बीता हुआ कल देखा है और मुझे आज से प्यार है।- विलियम ए व्हाइट**

## वोट चोरी-एसआईआर के सहारे मोदी सरकार की छवि धूमिल करने की साजिश

**अजय कुमार**

संसद के दोनों सदनों में चुनाव प्रक्रिया में सुधार, एसआईआर और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर चर्चा चल रही है। सभी दलों के नेता पक्ष-विपक्ष में अपने विचार रख रहे हैं। इसी के साथ चुनावों के दौरान मतदान प्रणाली को लेकर लगातार उठ रहे विवादों में पिछले कुछ समय से चुनाव आयोग भी विपक्षी दलों के निशाने पर है। विपक्ष की पार्टियां बार-बार यह सवाल कर रही हैं कि आखिर क्यों जनता लगातार भारतीय जनता पार्टी को चुन रही है, जबकि कांग्रेस और महागठबंधन जैसी पार्टियां हर बार चुनाव में हार रही हैं। इन दलों का आरोप है कि चुनाव आयोग चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता नहीं बरत रहा और ईवीएम में गड़बड़ी हो रही है। राहुल गांधी इस मामले में सबसे मुखर आवाज बने हुए हैं, जो ईवीएम के खिलाफ कई बार अपनी आपत्ति जता चुके हैं। विपक्ष का मानना है कि सभी चुनावों में वोटिंग मशीन के जरिए वोटिंग की बजाय फिर से बैलेट पेपर से चुनाव करवाए जाएं। उनका तर्क है कि ईवीएम में विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि इससे गड़बड़ी संभव है। इसके साथ ही वे बताते हैं कि ईवीएम के विवादों को लेकर चुनाव आयोग और सरकार पर सवाल उठाना उनकी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। विपक्ष की ओर से यह भी आवाज उठ रही है कि चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों का अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि हर वोट की गिनती सटीक और निष्पक्ष रूप से हो।

दूसरी ओर सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग का इस मामले पर मजबूत रुख है। उनका कहना है कि बैलेट पेपर के जमाने में चुनावों में बहुत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और हिंसा होती थी। उस वक्त दबंग अपने इलाकों में जबरन बैलेट पेपर डालकर चुनाव परिणामों को प्रभावित करते थे। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने से रोका जाता था, धमकियां दी जाती थीं और कई बार मारपीट भी होती थी। बैलेट पेपर के डिब्बों में स्याही या पानी डालकर मतदाता का अधिकार छीना जाता था। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र की पराकाष्ठा को खतरा था और जनता की मंशा का सही प्रतिनिधित्व नहीं हो पाता था। इन्हीं कारणों से चुनाव आयोग ने बहुत सोच-विचार के बाद ईवीएम अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को अपनाया। इसके आने के बाद चुनाव प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, त्वरित और पारदर्शी हुई है। चुनाव आयोग बार-बार यह स्पष्ट कर चुका है कि ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित और विश्वसनीय हैं। संवैधानिक दिशा-निर्देशों के तहत ईवीएम की जांच, परीक्षण और रख-रखाव नियमित रूप से किया जाता है और यह प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से होती है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए यदि कोई पार्टियां भी चुनाव आयोग के पास शिकायत दर्ज करातीं, तो उसे गंभीरता से लिया जाता और जांच का प्रावधान है।सुप्रीम कोर्ट ने भी अनेक मामलों में ईवीएम की वैधता और सुरक्षित होने की पुष्टि की है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी को ईवीएम से संबंधित कोई शिकायत हो, तो उसका समाधान ईवीएम वीवीपैट (वोटर वेरीफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल) के जरिए जांचा जा सकता है। वीवीपैट सिस्टम मतदाता को यह सुनिश्चित करने का अधिकार देता है कि उनका वोट मशीन में सही तरीके से दर्ज हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार चुनाव आयोग को निर्देश दिए हैं कि चुनाव प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। हालांकि, विपक्ष के नेताओं ने इस मुद्दे को चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने की बजाय प्रचार-प्रसार और सार्वजनिक मंचों पर ही वोट चोरी का आरोप लगाना जारी रखा है। राहुल गांधी के अलावा कई अन्य विपक्षी दलों के नेता भी ईवीएम की आलोचना करते हुए कहते हैं कि यह तकनीक शक्तिशाली दलों का पक्ष लेती है। वे दावा करते हैं कि चुनाव आयोग और सरकार मिलकर ईवीएम के माध्यम से सत्तासीन पार्टी का समर्थन बढ़ा रही है। हालांकि, इस मामले में ठोस सबूत या अदालत में जांच के लिए कोई ठोस कदम विपक्षी दलों ने नहीं उठाए हैं। चुनाव आयोग ने इस दौरान अपने बयान में स्पष्ट किया है कि वे पूरी निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ चुनाव प्रक्रिया का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईवीएम और वीवीपैट प्रणाली पर पूरी तरह भरोसा किया जा सकता है। आयोग ने विपक्ष को भी कई मौके दिए हैं कि वे ईवीएम की जांच करे और यदि कोई त्रुटि मिले तो उसका निवारण किया जाए। आयोग ने बार-बार कहा है कि भारत में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना उनकी प्राथमिकता है। इस पूरे विवाद के बीच चुनाव आयोग ने कहा है कि वोटिंग सिस्टम की समीक्षा और सुधार आवश्यक है, मगर इसे वैज्ञानिक आधार और तथ्यात्मक प्रमाणों के आधार पर करना चाहिए। वे कहते हैं कि बिना किसी ठोस सबूत के, वोटिंग मशीन पर आरोप लगाना लोकतंत्र के हित में नहीं है। इसके बजाय सभी राजनीतिक दलों को साथ मिलकर चुनाव सुधारों पर विचार करना चाहिए और मतदाताओं के विश्वास को बनाए रखना चाहिए।

# हिंदू विकास दर: भारत के साथ अमेरिका और यूरोप के आर्थिक विकास में भी अहम योगदान


**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

आजादी के बाद से नेहरूवादी नीति ने भारत को आर्थिक विकास के लिए हिंदू दृष्टिकोण के बजाय समाजवादी विकास मॉडल अपनाने पर मजबूर किया था। इस रणनीति के अनुसार, निजी उद्यमशीलता कठोर लाइसेंस राज के अधीन थी, जिसने केवल लालफीताशाही और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र को अर्थव्यवस्था में एक बड़ी भूमिका निभानी थी। इस कम्युनिस्ट, केंद्रीय रूप से नियोजित आर्थिक मॉडल द्वारा निजी निवेश की भूमिका सीमित कर दी गई। अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में इस प्रतिमान ने वर्षों तक सपाट या खराब जीडीपी विकास दरें पैदा कीं और भारत को गरीबी से बाहर निकालने में विफल रहा।

दशकों की कम विकास दरों की भारी विफलता के बारे में पूछे जाने पर कहानी- या बल्कि स्पष्टीकरण- देश के हिंदुओं को बदनाम करने और दोष देने का था। 'हिंदू विकास दर' शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले साल 1978 में दिवंगत अर्थशास्त्री राजकृष्ण ने भारत की धीमी आर्थिक वृद्धि को दर्शाने के लिए किया था, जो साल 1960 और 1980 के दशक के दौरान औसतन लगभग 4% थी। इसका मतलब यह दिखाना था कि आजाद भारत की समाजवादी नीतियों के शुरूआती दशकों के दौरान देश की हिंदू आबादी धीमी प्रगति से कैसे जूझ रही थी। आज के समय में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित है और अपनी पुरानी शान हासिल करने के लिए तैयार है। अर्थशास्त्री इस कुख्यात और भ्रामक कहावत का इस्तेमाल करना जारी रखे हुए हैं और अर्थशास्त्र के छात्रों को इसे पूरे देश में सीखना पड़ता है। यह चतुर शब्द एक मार्क्सवादी अर्थशास्त्री द्वारा जानबूझकर हिंदू समाज को आर्थिक गतिविधि के मामले में ऐतिहासिक रूप से अविकसित के रूप में वर्गीकृत करने के प्रयास में गढ़ा गया था। चूंकि नरेन्द्र मोदी प्रशासन के तहत भारत उपनिवेशवाद से मुक्ति की ओर बढ़ रहा है इसलिए इस कलंकित करने वाले शब्द को खत्म करने की जरूरत है। नेहरूवादी आर्थिक नीति के परिणामस्वरूप भारत की अर्थव्यवस्था बहुत धीमी गति से बढ़ी। अक्सर जनसंख्या वृद्धि दर से कम। नतीजतन, पश्चिमी देशों ने हमारी विकास गति का मजाक उड़ाया, जो हिंदू जनसंख्या वृद्धि दर से तेज नहीं थी। 'हिंदू' विशेषण हमारे हिंदू समुदाय को पश्चिमी देशों द्वारा समर्थित मुक्त बाजार के बजाय समाजवादी अर्थव्यवस्था को अपनाने के लिए बदनाम करने के लिए जोड़ा गया था।

**भारत का आकर्षक आर्थिक इतिहास**

पहली सहस्राब्दी ईसा पूर्व के अंत से लेकर भारत में ब्रिटिश शासन की शुरुआत तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक था। 300 ईसा पूर्व तक भारतीय उपमहाद्वीप का अधिकांश भाग मौर्य साम्राज्य द्वारा एकजुट हो गया था, जिससे व्यापार और वाणिज्य में सुधार हुआ, कृषि उत्पादन बेहतर हुआ और सुरक्षा बढ़ी। 1 से 1000 ईस्वी के बीच भारत का वैश्विक जीडीपी में 30% हिस्सा था। अंग्रेजों के आने के बाद भारत में औद्योगीकरण में गिरावट आई और कई शिल्प और अन्य उद्योग खत्म हो गए। वैश्विक औद्योगिक उत्पादन 1750 में 25% से गिरकर 1900 में 2% हो गया और विश्व अर्थव्यवस्था में इसका अनुपात 1700 में 24.4% से गिरकर 1947 में 3% हो गया। ब्रिटेन द्वारा भारत के शोषण से ही उसके 200 साल के विकास के लिए धन मिला।

इसे समझने के लिए मात्रात्मक मैक्रोइकोनॉमिक इतिहास में विशेषज्ञता वाले एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री 'एंगस मैडिसन' के काम का उल्लेख करना महत्वपूर्ण है। उनका सबसे प्रसिद्ध अध्ययन, 'द वर्ल्ड इकोनॉमी-ए मिलेनियल पर्सपेक्टिव,' जिसे डएउऊ संगठन द्वारा जारी किया गया था, उसने पश्चिम को तब चौंका दिया जब इसमें प्राचीन और आधुनिक वैश्विक इतिहास दोनों में भारत के आर्थिक प्रभुत्व का पता चला। एंगस मैडिसन के शोध के अनुसार, भारत का जीडीपी दुनिया के कुल जीडीपी का लगभग 30% था। तुलनात्मक कीमतों और विनिमय दरों में संभावित बदलावों को ध्यान में रखने के लिए अनुमानों में क्रय शक्ति समता दृष्टिकोण का उपयोग किया गया था। पश्चिमी यूरोप, जिसमें पूर्व रोमन क्षेत्र का अधिकांश भाग शामिल है, उसका बाजार में लगभग 11% हिस्सा था। यह अविश्वसनीय लगता है, खासकर यह देखते हुए कि सदियों के आक्रमणों और विदेशी कब्जे को रोकने के लिए भारतीय पीढ़ियों द्वारा किए गए संघर्षों के कारण हम अपने देश की अर्थव्यवस्था के बारे में कितना कम जानते हैं। फिर भी, अगर हम समय और प्राचीनता में बड़ी दूरी के कारण अनुमानों को नजरअंदाज करें तो यह वास्तव में एक अद्भुत काम है। एंगस मेडिसन के लेखों में भारतीय व्यापारियों के प्रभुत्व पर भी चर्चा की गई है, जो पूरे मध्य पूर्व और पूर्वी एशिया में काम करते थे, साथ ही भारत के साथ अपने देश के चालू खाते के असंतुलन (घाटे) के बारे में रोमन अधिकारियों की शिकायतों पर भी। इसका श्रेय हिंदू अर्थशास्त्र या जिसे कुछ लोग 'तीसरा रास्ता' कहते हैं, उसको दिया जा सकता है।

पहले का श्रेय डॉ. एम.जी. बोकारे को दिया जाता है, जबकि बाद वाला दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा बनाया गया था। बोकारे का दावा है कि पवित्र वेद, जो बाजार, आपूर्ति, मांग और अन्य आर्थिक अवधारणाओं पर चर्चा करते हैं, हिंदू अर्थशास्त्र में समाहित हैं। संक्षेप में, पारंपरिक पूंजीवाद या मार्क्सवाद के पश्चिमी प्रतिमान को इस तीसरे रास्ते से खारिज कर दिया जाता है। यह किसी भी कीनेसियन विचारों या एडम स्मिथ के दृष्टिकोण का पालन नहीं करता है। इस स्थिति का दिलचस्प पहलू यह है कि बोकारे और ठेंगड़ी वैचारिक रूप से एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत थे। फिर भी, दोनों का मानना था कि लोकतंत्र और हिंदू आर्थिक प्रणाली सामंजस्य में हैं।

बोकारे ने तो इस बारे में भी लिखा है कि पश्चिमी अर्थशास्त्रियों के शुरूआती संपर्क ने भारतीयों को कैसे प्रभावित किया है। मार्क्सवादी या कीनेसियन अर्थशास्त्र की तरह हिंदू अर्थशास्त्र को भी कई लोग अर्थशास्त्र के एक अलग स्कूल के रूप में देखते हैं। विकास के पश्चिमी मॉडल की कमियों को कई पश्चिमी अर्थशास्त्रियों ने स्वीकार किया है। सोवियत संघ के पतन और अमेरिका और यूरोप की बिगड़ती स्थिति ने दिखाया है कि पूंजीवाद और मार्क्सवाद के विकास मॉडल अपर्याप्त हैं। कई लोगों का मानना है कि पश्चिम आर्थिक और अन्य दोनों तरह से शक्ति संतुलन खो रहा है।

## बच्चों के भविष्य की रोशनी जगाता यूनिसेफ


**योगेश कुमार गोयल**

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तबाह हुए देशों के बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 दिसम्बर 1946 को न्यूयार्क में यूनिसेफ की स्थापना की गई थी। उस समय इसे 'यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स इमरजेंसी फंड' के नाम से जाना जाता था। विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थायी हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतरराष्ट्रीय' तथा 'आपातकालीन' (इमरजेंसी) शब्दों को हटा दिया गया। 1953 में यूनिसेफ के संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बन जाने के बाद इसका नाम 'यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड' (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) कर दिया गया लेकिन मूल संक्षिप्त नाम 'यूनिसेफ' को बरकरार रखा गया। यूनिसेफ के गठन में पोलैंड के चिकित्सक लुडविक रॉश्मन ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है, जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है। अपनी स्थापना के बाद के इन 79 वर्षों में यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। नोबेल पुरस्कार दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर यूनिसेफ का कार्य और तेज हो गया। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यूनिसेफ की शिक्षा इकाई के कारण ही वर्ष 2006 तक विश्वभर में करीब 12 मिलियन बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल वापस जा सके। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए यूनिसेफ आपात स्थितियों में कार्रवाई करता है और युद्ध, आपदा, घोर गरीबी, हर प्रकार की हिंसा और शोषण तथा विकलांगता से पीड़ित सर्वाधिक वंचित बच्चों के लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। यह बच्चों को पहला अधिकार दिलाता है और वंचित बच्चों तथा उनके परिवारों के लिए उपयुक्त नीतियां बनवाने और सेवाएं प्रदान करने की देशों की क्षमता का निर्माण करता है। 1946 में यूनिसेफ की स्थापना द्वितीय युद्ध में प्रभावित बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से ही की गई थी लेकिन अब यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण के लिए कार्यरत है। वर्तमान में यूनिसेफ के कार्यकर्ता दुनियाभर के 190 से भी अधिक देशों में बच्चों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। भारत में इस संस्था ने वर्ष 1949 में कार्य करना प्रारंभ किया था और अब हमारे यहां यह नई दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, उड़ीसा इत्यादि राज्यों में कार्य कर रही है।

बाल विकास और पोषाहार, बाल संरक्षण, शिक्षा, बाल पर्यावरण, पोलियो उन्मूलन, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, बच्चे और एड्स, सामाजिक नीति, नियोजन, निगरानी एवं मूल्यांकन, हिमायत और भागीदारी, आचरण परिवर्तन संदेश, आपात स्थिति तैयारी और कार्रवाई जैसे क्षेत्रों पर यूनिसेफ का मुख्य फोकस रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग के अलावा यूनिसेफ द्वारा दुनियाभर में मौजूद अनेक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के साथ मिलकर बच्चों को पानी, स्वच्छता, इंफेक्शंस आदि के लिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में नवजात बच्चों के टीकाकरण के लिए तीन बिलियन से भी अधिक टीके प्रदान किए जाते हैं। यूनिसेफ की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण हेतु कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, राजनीतिक विचारधारा इत्यादि के आधार पर भेदभाव नहीं करती। यह संस्था 49 से भी अधिक देशों में एचआईवी/एड्स से बचाव की लड़ाई में निरन्तर कार्यरत है। यूनिसेफ का 36 सदस्यों का कार्यकारी दल इसके कार्यों की देखरेख करता है, इसकी नीतियां बनाता है तथा यूनिसेफ के वित्तीय एवं प्रशासनिक योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान करता है। यूनिसेफ का अधिकांश कार्यक्षेत्र 190 देशों अथवा क्षेत्रों में मौजूद है। 150 से अधिक देशों के कार्यालय, मुख्यालय और यूनिसेफ के नेटवर्क से जुड़े अन्य कार्यालय तथा 34 राष्ट्रीय समितियां मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से यूनिसेफ के मिशन को पूरा करते हैं। सात क्षेत्रीय कार्यालय आवश्यकतानुसार सभी देशों में स्थित कार्यालयों को तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं।

वर्तमान में यूनिसेफ फंड एकत्रित करने के लिए विश्वस्तरीय एथलीट और टीमों की सहायता लेता है। इस संस्था का वित्त पोषण विभिन्न सरकारों तथा निजी दानदाताओं द्वारा किया जाता है। संस्था के संसाधनों का दो-तिहाई योगदान विभिन्न देशों की सरकारें करती हैं और शेष योगदान निजी समूहों तथा व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय समितियों के माध्यम से किया जाता है। यूनिसेफ के लक्ष्यों की एक लंबी सूची है, जिसमें न्यूनतम-लागत हस्तक्षेप के माध्यम से लाखों बच्चों के जीवन को बचाने, बच्चों के अवैध व्यापार और शोषण को रोकने तथा मां-बच्चे के बीच एचआईवी/एड्स के संक्रमण को समाप्त करने में सहायता करना शामिल हैं। अनुमान लगाया जाता रहा है कि यूनिसेफ के राजस्व का करीब 92 फीसदी हिस्सा सेवा कार्यक्रमों के लिए वितरित कर दिया जाता है। वर्तमान में यूनिसेफ द्वारा बच्चों का विकास, बुनियादी शिक्षा, लड़कियों की शिक्षा सहित लिंग के आधार पर समानता, बच्चों का हिंसा से बचाव, शोषण, बाल-श्रम के विरोध में, एचआईवी/एड्स, बच्चों के अधिकारों के वैधानिक संघर्ष इत्यादि के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। यूनिसेफ इस बात में विश्वास रखता है कि बच्चों का पोषण और देखभाल करना मानव प्रगति की आधारशिला है और उसका मानना है कि अगर दुनिया में फैली असमानता को मिटाया नहीं गया तो वर्ष 2030 तक लगभग 167 मिलियन बच्चे भीषण गरीबी में जीवन जीने को मजबूर होंगे। दरअसल माना जा रहा है कि 2030 तक पांच वर्ष से कम आयु के करीब 19 मिलियन बच्चों की विभिन्न कारणों से मौत हो जाएगी और करीब 60 मिलियन बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हो जाएंगे।

रूस-यूक्रेन और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध ने इन चुनौतियों को और बढ़ाया है। ऐसे में बच्चों के कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत यूनिसेफ से उम्मीदें काफी बढ़ जाती हैं, जिसकी नीति है कि कोई अन्य विकल्प नहीं होने पर ही अनाथालयों को केवल बच्चों के लिए अस्थायी आवास के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए। दरअसल, यूनिसेफ बच्चों के लिए स्थायी अनाथालयों के बड़े पैमाने पर निर्माण का विरोध करता रहा है। उसका कहना है कि जहां तक संभव हो, परिवारों और समुदायों में ही बच्चों के लिए स्थान खोजने अर्थात् उन्हें गोद देने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यूनिसेफ अनाथ बच्चों को विदेशी माता-पिता को गोद देने के बजाय स्वदेश में ही बच्चों की देखभाल करने पर जोर देता रहा है।

# विकसित भारत का मूल मंत्र बनेगा 'वंदे मातरम्'


**मृत्युंजय दीक्षित**

जिससे स्वतंत्रता का मूल मंत्र, 'वंदे मातरम' उद्घासित हुआ, जिसे गाते हुए हजारों की संख्या क्रांतिकारी फांसी के फंदे पर झूल गए, जीवन जेलों की क्रूर यातनाओं में काट दिया, जिस गीत ने माँ भारती के प्रति प्रेम और समर्पण को परिभाषित किया, जिस गीत ने स्वाधीनता की अलख संपूर्ण भारत में जगा दी वह गीत है राष्ट्रगीत- वंदे मतारम। भारत विभाजन के पूर्वाभ्यास के रूप में बंग-भंग के अंग्रेजी षड्यंत्र को पहचान कर सम्पूर्ण राष्ट्र बंगाल विभाजन के विरुद्ध खड़ा हो गया। इस आंदोलन के दो हथियार थे- स्वदेशी का स्वीकार-विदेशी का बहिष्कार और रणघोष बना था वंदे मातरम। इस गीत के रचनाकार थे बंगाल में जन्मे महान सपूत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय।

आज वंदे मातरम अपनी रचना का 150 वां वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर वंदे मातरम गीत के माध्यम से एक बार पुनः राष्ट्र में 'स्व' की भावना की अलख जगाने का आह्वान प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हें। इसी श्रृंखला में संसद के दोनों सदनों में वंदे मातरम पर व्यापक चर्चा हुई। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने चर्चा की शुरूआत की। सत्ता पक्ष के वक्ताओं ने जहां वंदे मातरम गीत के इतिहास और उसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वंदेमातरम के प्रति कांग्रेस व वामपंथी दलों की विचारधारा और सोच को बेनकाब किया। विपक्ष ने इसके पीछे बंगाल चुनावों को ध्यान में रखते हुए की गई चर्चा बताया। कुछ विपक्षी सांसदों ने कहा कि वंदे मातरम पर बहस गैरजरूरी और मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए की जा रही है। इतने गंभीर व ऐतिहासिक विषय की बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन से गायब रहे। संसद में वंदे मातरम पर हुई व्यापक चर्चा सिर्फ एक गीत पर विमर्श नहीं वरन भारत की सांस्कृतिक चेतना, स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को दोबारा केंद्र में लाने का प्रयास भी है।

चर्चा का आरम्भ करते हुए लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी और उसके बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तथा राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने वंदे मातरम के प्रति कांग्रेस व उनके नेताओं की सोच को बेनकाब कर दिया। सरकार ने वंदे मातरम गीत की प्रेरणा से संकल्प लेकर वर्ष साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ राष्ट्रगीत को जीवंत बनाने का संकल्प लिया। वंदे मातरम गीत की महानता पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि'जो वंदे मातरम साल 1905 में महात्मा गांधी को राष्ट्रगान के रूप मे दिखता था, देश के हर कोने में हर व्यक्ति के जीवन में जो भी देश के लिए जीता जागता था, उन सबके लिए वंदे मातरम की ताकत बहुत बड़ी थी। वंदे मातरम इतना महान था।

उसकी भावना इतनी महान थी तो फिर पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ? वंदे मातरम के साथ विश्वासघात क्यों हुआ? वह कौन-सी ताकत थी जो महात्मा गांधी की भावनाओं पर भी भारी पड़ गई? किसने वंदे मातरम जैसी पवित्र भावना को भी विवादों में घसीट दिया। सदन को बताया गया कि जब वंदे मातरम को 50 वर्ष हुए तब देश गुलामी में जीने को मजबूर था और जब वंदे मातरम के 100 वर्ष पूर्ण हुए तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जिस वंदे मातरम ने देश को आजादी की नई ऊर्जा दी थी जब उसके 100 वर्ष हुए तो दुर्भाग्य से एक काला इतिहास हमारे कालखंड में उजागर हो गया।'

प्रधानमंत्री ने बताया कि'वंदे मातरम के प्रति मुस्लिम लीग के विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी। मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्तूबर 1937 को वंदे मातरम के विरुद्ध नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा तो उन्होंने मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को तगड़ा जवाब देने के बजाय वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी और कहा कि कांग्रेस कार्यकारिणी में वंदे मातरम की उपयोगिता पर चर्चा होगी। इससे पूरा देश हतप्रभ रह गया। देशभक्तों ने कांग्रेस के उस प्रस्ताव के खिलाफ देश के कोने - कोने में प्रभात फेरियां निकाली और वंदे मातरम गीत गाया किन्तु देशभक्तों को अनसुना करते हुए 26 अक्टूबर 1937 को कोलकाता अधिवेशन में कांग्रेस ने वंदे मातरम पर समझौता कर लिया।' रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान जैसा सम्मान मिलने की बात कही।

राजनाथ सिंह ने यह धारणा तोड़ने का प्रयास किया कि वंदे मातरम किसी सांप्रदायिक विचार का परिचायक है। उन्होंने कहा कि कुछ कट्टरपंथियों ने जानबूझकर इसे धर्म के चश्मे से देखने की कोशिश की जबकि यह गीत भारत माता के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता की पुकार का प्रतीक है। राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के साल 1937 के अधिवेशन में वंदे मातरम के अंतिम चार छंदों का गायन रोके जाने के प्रस्ताव पर बात की और पंडित नेहरू की भूमिका पर प्रश्न उठाए। गृहमंत्री ने आरोप लगाया कि संसद में जब भी वंदेमातरम का गायन होता है तब कई विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले जाते हैं। वंदे मातरम पर चर्चा की आवश्यकता पर उत्तर देते हुए अमित शाह ने कहा कि'वंदे मातरम पर चर्चा की आवश्यकता जब वंदे मातरम रचा गया था तब भी थी, आजादी के समय मे भी थी, आज भी है और साल 2047 में जब आधुनिक भारत होगा तब भी रहेगी क्योकि वंदे मातरम में कर्तव्य और राष्ट्रभक्ति की भावना है।'

गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट रूप से कहा कि'जिस पार्टी के अधिवेशन की शुरूआत गुरुवर रवींद्रनाथ टैगोर वंदे मातरम गाकर कराते थे उस पर जब लोकसभा में चर्चा हुई तो गांधी परिवार के सदस्य सदन में नहीं थे। नेहरू से लेकर आज तक कांग्रेस ने वंदे मातरम गान का विरोध किया है। भविष्य में वंदे मातरम देश को विकसित और महान बनाने का उद्घोष बनेगा।' वंदे मातरम गीत ने राष्ट्र की सोई हुई को चेतना को जागृत किया और देशवासियों ने विदेशी वस्तुओं का प्रयोग पूरी तरह से बंद कर दिया। आज आत्मनिर्भर भारत विकसित बनाने के लिए उसी वंदे मातरम के भाव का आह्वान प्रधानमंत्री ने किया है। वंदे मातरम भारतवासियों के ह्रदय के तारों को झंकृत करे और प्रत्येक भारतीय प्राणपण से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के यज्ञ में कूद पड़े, यही वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ मनाने की सार्थकता होगी।

## आज का राशिफल

**मेष** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष** : मांगलिक कार्योक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**मिथुन** : स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**कर्क** : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा।

**सिंह** : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो उत्तम है।

**कन्या** : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

**धनु** : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में समन्वय बन जाएगा।

**कुम्भ** : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**मीन** : व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित,अलाव और कंबल वितरण की मांग तेज

**विष्णुगढ़।** प्रखंड क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। तापमान में लगातार गिरावट से राहगीरों, मजदूरों, बुजुर्गों और असहाय लोगों के सामने ठंड से बचाव की गंभीर चुनौती उत्पन्न हो गई है। इसी बीच भाजपा नेता और समाजसेवी राजू श्रीवास्तव ने उपायुक्त को पत्र लिखकर तत्काल राहत व्यवस्था शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड के बावजूद अब तक प्रमुख चौकझचौराहों पर अलाव नहीं जलाए गए हैं और गरीब परिवारों तक कंबल भी नहीं पहुँच पाए हैं। इससे आम लोगों में रोष देखा जा रहा है। पत्र में सातमील चौक, अस्पताल चौक, अखाड़ा चौक, आठमील चौक, करोंज मोड़, भेलवारा, चौथा, करबला मोड़, नवादा, बनासो चौक, गोविंदपुर चौक, गाल्होबार चौक सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर तुरंत अलाव की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है। साथ ही उन्होंने असहाय और जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल वितरण की भी मांग की, ताकि शीतलहर से प्रभावित लोगों को राहत मिल सके।

### ठंड से राहत: आंगनबाड़ी केंद्र डुबका में बच्चों के बीच स्वेटर वितरण



**विष्णुगढ़।** खरकी पंचायत के डुबका आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। पंचायत समिति सदस्य विनोद सोरेन की उपस्थिति में सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए स्वेटर 30 से अधिक बच्चों को प्रदान किए गए। इस अवसर पर विनोद सोरेन ने कहा कि लगातार बढ़ती ठंड से बच्चों को राहत देने के उद्देश्य से स्वेटर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक आहार और आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वेटर मिलने से बच्चों और अभिभावकों में खुशी देखी गई। कार्यक्रम में सेविका रूबी देवी, सहिया पार्वती देवी, बीगनी देवी, ललिता देवी और तारशिला देवी उपस्थित रहीं।

### बड़कागांव और केरेडारी से हजारों की संख्या में कुशवाहा समाज रांची धरना में शामिल

**बड़कागांव।** ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत पुनः लागू करने की मांग को लेकर झारखंड कुशवाहा महासभा द्वारा रांची में आयोजित एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन में बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र से हजारों की संख्या में कुशवाहा समाज के लोग शामिल हुए। यह दल केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष सोहनलाल मेहता के नेतृत्व में रांची पहुँचा।रांची के लिए रवाना होने वालों में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र के सचिव गिन्नी वर्मा, कोषाध्यक्ष सबुर महतो, टुकेश्वर प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, तापेश्वर कुमार तापस, भीखन महतो, उमेश दांगी, मीडिया प्रभारी ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, भवानी प्रसाद दांगी, गिरधारी महतो, दामोदर प्रसाद मेहता, उदय कुमार, शिबू मेहता, अवध किशोर कुमार सहित हजारों लोग शामिल रहे।

### लॉज में रह कर पढ़ाई कर रहे छात्र ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट बरामद



**हजारीबाग।** कोर्रा मटवारी क्षेत्र के लॉज में रहकर पढ़ाई कर रहे गिरिडीह जिले के चौरा गांव के छात्र अंकित कुमार राय पिता अजीत राय उम्र लगभग 17 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । अंकित दो सालों से हजारीबाग में रहकर पढ़ाई कर रहा था तथा पढ़ाई लिखाई में काफी अव्वल था । दसवीं में अंकित को 95 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ था इसके बाद वह पढ़ाई करने हजारीबाग आ गया था । परिवार वाले एवं उनके पिता अजीत राय ने बताया कि बेटा शुक्रवार को ही घर से लौटा था एवं सब कुछ सामान्य था। घटना से थोड़ी देर पहले उनकी अंकित से बात भी हुई थी जिसमें अंकित से उन्होंने खाना खाया कि नहीं यह भी पूछा था जिसके जवाब में उसने बताया था कि क्योंकि उसे खाना बनाने नहीं आता और उसका साथी जो उसके साथ रूम में रहता था वह भी गांव गया हुआ था वापस नहीं आया था इसलिए वह खाना अभी तक नहीं खाया है। घटना की जानकारी उसके रूममेट ने घर को फोन करके दी और बताया कि जब वह रूम पहुंचा तो रूम अंदर से बंद था काफी खटखटाने के बाद भी रूम नहीं खुला तब जाकर रूम तोड़ना पड़ा और घटना सामने आई । पुलिस को अंकित के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिस पर उसने लिखा है आई एम टायर्ड ऑफ माय लाइफ तथा थैंक यू एवरीवन लिखा है ।

### कटकमसांडी में 14 दिसंबर को खतियानी फुटबॉल टूर्नामेंट का महामुकाबला

**कटकमसांडी।** कटकमसाडी मैदान में 14 दिसंबर को खतियानी फुटबॉल टूर्नामेंट का महामुकाबला आयोजित होगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष व डुमरी विधायक जयराम महतो शामिल होंगे। उनके आगमन से खिलाड़ियों में उत्साह बढ़ गया है। टूर्नामेंट में दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला बोरोगढ़ा और कटकमसाडी के बीच होगा, जबकि दूसरा मुकाबला डहुरी और नचले की टीमों के बीच खेला जाएगा। दोनों विजेता टीमें फाइनल में आमने-सामने होंगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य पंकज कुमार महतो, उदय मेहता, पप्पू कुमार महतो, संदीप कुमार भोक्ता, राजू यादव, साजन सिंह, संतोष महतो, किश्टो महतो सहित कई युवा तैयारियों में जुटे हैं। मैदान सजाने से लेकर खिलाड़ियों की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था तक सभी कार्य तेजी से चल रहे हैं। स्थानीय युवाओं में टूनार्मेंट को लेकर उत्साह है, क्योंकि काफी समय बाद क्षेत्र में इतने बड़े स्तर की प्रतियोगिता हो रही है। आयोजकों का कहना है कि इस टूनार्मेंट का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्त कर खेल की ओर प्रेरित करना और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना है।

## कुशवाहा महासभा का लोकभवन में विशाल महाधरना

# 27प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की मांग पूरे राज्य में तेज

### डॉ. आरसी मेहता ने कहा—जागरूकता और एकता से ही समाज का उत्थान

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग/रांची।** झारखंड कुशवाहा महासभा के नेतृत्व में बुधवार को रांची स्थित लोकभवन के समक्ष 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर विशाल महाधरना आयोजित किया गया। महाधरना की शुरूआत हजारीबाग के सिद्धूझकान्हू चौक पर किसान दिवस के अवसर पर माल्यार्पण के साथ हुई। उसके बाद सैकड़ों वाहनों का काफिला रांची के लिए रवाना हुआ, जिसमें जिले और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों लोग शामिल थे।





महाधरना में संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर ओबीसी आरक्षण की लड़ाई और मजबूत हो गई है। 27 प्रतिशत आरक्षण झारखंड के पिछड़े वर्ग का हक है और इसे लागू कराने तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अब सरकार को संवैधानिक हक की इस मांग को गंभीरता से लेना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो ने की, जबकि केंद्रीय मुख्य संरक्षक एवं पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच पर केंद्रीय मुख्य सलाहकार डॉ. आरसी प्रसाद मेहता, महासचिव सत्यदेव वर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष हजारीबाग उमेश मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष गिरिडीह मुनिया देवी, महामंत्री इंद्रमणि कुशवाहा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष लीलावती मेहता, कोर कमेटी सदस्य देवीचरण दांगी, मुटुकधारी महतो, जयनारायण मेहता, टेकनारायण मेहता, मधुसूदन मेहता, गौतम कुमार, ओम प्रकाश मेहता, इंद्रदेव मेहता सहित बड़ी संख्या में प्रतिनिधि मौजूद रहे। केंद्रीय मुख्य सलाहकार डॉ. आरसी मेहता ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब तक समाज संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करेगा, तब तक समुचित उत्थान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज को कुर्मी और आदिवासी समाजों की तरह राजनीतिक चेतना विकसित करनी होगी।

उन्होंने सरकार से हर प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज निर्माण, कृषि को उद्योग का दर्जा देने और ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 37 प्रतिशत करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं हुआ, तो मोराबादी मैदान में और बड़ा आंदोलन होगा।

महाधरना के उपरांत पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता के नेतृत्व में कुशवाहा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पिछड़ा वर्ग आरक्षण सहित कई जनहितकारी मुद्दों के तत्काल समाधान की मांग रखी गई। हजारीबाग से डॉ. आरसी मेहता के नेतृत्व में प्रोफेसर ब्रज किशोर मेहता, मुकेश कुमार, मनोज प्रसाद मेहता, सौरभ कुमार, टिंकू प्रसाद मेहता, दामोदर मेहता, बसंत मेहता, अनंत कुशवाहा, चंद्रदेव समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि कुशवाहा समाज अपने अधिकार, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी के लिए संघर्ष को और तेज करेगा।

## साइबर ठगी से बचाव पर आईस्टीन कोचिंग में कार्यशाला



### एटीएम, ओटीपी और अनजान लिंक से रहें सावधान

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जागरूकता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को बाबूगांव स्थित आईस्टीन कोचिंग में छात्रों के लिए साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता और सह सचिव अरविंद राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कोचिंग संचालक राजेंद्र यादव को इस अवसर पर पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मनोज गुप्ता ने कहा कि देशभर में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है और अपराधी युवाओं को तकनीकी जानकारी की कमी का फायदा उठाकर निशाना बना रहे हैं। ठगी होने पर तुरंत 1930 पर सूचना देने, निकटवर्ती साइबर थाना में आवेदन करने और बैंक को जानकारी देने की अपील की। उन्होंने बिना सुरक्षा गार्ड वाले एटीएम का उपयोग न करने, ओटीपी, एटीएम पिन व यूपीआई पिन किसी से साझा न करने, अनजान लिंक और एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आकर्षक रिटर्न, सरकारी योजना, लोन स्वीकृति, ऑनलाइन ऑफर और डिजिटल अरेस्ट जैसी नई ठगी के तरीकों से सतर्क रहना जरूरी है। सह सचिव अरविंद राणा ने ग्राहक पंचायत की कार्यप्रणाली, उपभोक्ता अधिकारों और संगठन के आंदोलनों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को जागरूक और सशक्त बनाना है।

## कूच बिहार ट्रॉफी अंडर -19 का तीसरे दिन का खेल जारी , एचडीसीए के उपाध्यक्ष पहुंचे स्टेडियम



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग ।** संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार अंडर-19 ग्रुप में झारखंड और केरल के बीच मैच के तीसरे दिन काफी रोमांचक हो गया है। झारखंड ने बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन 206 रन बनाए थे जिसके जवाब में केरल की टीम ने पहली पारी में 333 रन बना डाला था और एक अच्छी खासी लीड झारखंड को दे डाली थी। 333 रन बनाने में केरल की मदद केरल के बल्लेबाज माधव कृष्ण ने की थी जिन्होंने शानदार 139 रनों की पारी खेली थी जिसमें 13 चौके और 9 छक्के शामिल थे । झारखंड ने दूसरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी की और न सिर्फ अपने लीड को खत्म किया बल्कि केरल को 187 रनों का विनिंग टारगेट दे डाला है। झारखंड ने दूसरी पारी में शानदार 313 रन बनाए जिसमें झारखंड के बल्लेबाज अनमोल राज ने शानदार 133 रनों की परी खली जिसमें 7 चौके और 10 गगन चुंबी छक्के शामिल थे । हालांकि उनका अच्छा सहयोग यश राठौड़ ने दिया जिन्होंने 255 बालों में 77 रन बेहतरीन पारी खेली । 187 रन का पीछा करने उतरी केरल की टीम के पास आज अंतिम दिन है। पिच की स्थिति की बात की जाए तो तीसरे दिन की खेल के बाद पिच स्पिन बोलेरो को काफी मदद कर रही है और खेल खत्म होने तक केरल की टीम ने 11 रन बना लिए थे लेकिन उनके एक बल्लेबाज संगीत सागर बिना खाता खोले ईशान ओम के शिकार बने। मैच देखने जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष करण जायसवाल भी संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे। परंतु आज यहां पर बीसीसीआई के मैच चल रहे हैं और इस मैच में दर्शकों का काफी अच्छा सहयोग आयोजकों और खिलाड़ियों को प्राप्त हुआ है ।

## अधिग्रहण के बाद भी 10 वर्षों से अधर में रैयतों की जमीन, न पेंशन मिली न परियोजना शुरू



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** एनटीपीसी की चट्टी बरीयातु कोयला खनन परियोजना के लिए वर्ष 2011 में कटकमदाग थाना क्षेत्र के डेंगुरा गांव की भूमि अधिग्रहित की गई थी। लेकिन 10 से अधिक वर्षों के बाद भी न तो रैयतों को पेंशन का लाभ मिला और न ही परियोजना स्थल पर किसी तरह का निर्माण या खनन कार्य शुरू हो सका है। लंबे समय से लंबित इस मामले को लेकर मंगलवार को डेंगुरा के पीड़ित रैयतों ने उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह को आवेदन सौंपा। रैयतों ने मांग की कि या तो उनकी पेंशन अविलंब बहाल की जाए या भूमि वापस की जाए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013-14 में मुआवजा भुगतान के बाद से पेंशन बंद है और परियोजना पूरी तरह ठप पड़ी है। रैयतों ने कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार यदि अधिग्रहित भूमि का पांच वर्षों के भीतर उपयोग नहीं होता, तो उसे रैयतों को लौटाना अनिवार्य है। इससे पहले 18 सितंबर 2024 को भी रैयतों ने जिला प्रशासन को आवेदन दिया था। इसके बाद जिला 20 सूत्री कार्यक्रम समिति की बैठक में सदस्य मोहम्मद इजहार ने यह मुद्दा उठाया था, जिस पर मंत्री ने समाधान का निर्देश दिया था। उपायुक्त कार्यालय ने 14 अक्टूबर 2024 को पत्रांक 2841 के जरिए एनटीपीसी महाप्रबंधक से जवाब मांगा था, लेकिन अब तक न पेंशन बहाल हुई और न भूमि लौटाने पर कोई निर्णय लिया गया है। रैयतों ने डीसी से अनुरोध किया है कि अधिनियम के प्रावधानों के तहत शीघ्र कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जाए।

### बच्चों के स्वास्थ्य की दिशा में सराहनीय पहल

## एचजेडबी आरोग्यम कुणाल वीमेन एंड चिल्ड्रन हॉस्पिटल और सीडलिंग्स प्ले स्कूल में नि:शुल्क बाल स्वास्थ्य शिविर



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** एचजेडबी आरोग्यम कुणाल वीमेन एंड चिल्ड्रन हॉस्पिटल एवं सीडलिंग्स प्ले स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल परिसर में निःशुल्क बाल स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के साथ अभिभावकों को विश्वसनीय एवं वैज्ञानिक स्वास्थ्य जानकारी उपलब्ध कराना था, ताकि शुरूआती उम्र से ही स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत आधार मिल सके। शिविर में शहर के विशेषज्ञ डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर प्रकाश चंद्रा और डॉक्टर सुरभि कुमारी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों की संपूर्ण जांच कर विस्तृत हेल्थ प्रोफाइल तैयार की और विकास संबंधी विभिन्न पैरामीटरों की समीक्षा की। किसी भी संभावित समस्या को ध्यान में रखते हुए समय पर आवश्यक परामर्श भी दिया गया। अभिभावकों को पोषण, टीकाकरण, बदलते मौसम में होने वाली बीमारियाँ, मानसिक विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि हॉस्पिटल का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ हर बच्चे तक पहुँचाना है और ऐसे शिविर सामुदायिक जिम्मेदारी निभाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने बताया कि यह शिविर अभिभावकों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा, क्योंकि एक ही स्थान पर जांच, परामर्श और आवश्यक स्वास्थ्य जानकारी आसानी से मिल सकी। स्कूल की प्रिंसिपल पल्लवी कृष्णा ने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने वाली ऐसी पहलें बच्चों के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करती हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय आगे भी समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि स्कूल परिसर में बच्चों की जांच होने से उन्हें काफी सुविधा मिली और स्वास्थ्य से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ सीधे विशेषज्ञों से प्राप्त हुईं। यह संयुक्त आयोजन न केवल बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रभावी साबित हुआ बल्कि समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम बनकर उभरा।

## कांग्रेस संगठन सुदृढ़ करने का संकल्प, कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय करने पर जोर

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी और वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन, बूथ लेवल एजेंट चयन तथा फॉर्म-2 भरने की प्रगति की समीक्षा को लेकर कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की।



मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि समयबद्ध तरीके से कमेटियों का गठन पूरा करते हुए कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। कमलेश ने कहा कि संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत संगठन को युद्धस्तर पर मजबूत कर आगामी लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना पार्टी का लक्ष्य है, जिसे एकजुटता और ईमानदारी से ही हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के मुद्दे पर प्रस्तुत तथ्यों ने देश की राजनीति को नई दिशा दी है। ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं को दिल्ली की रैली में शामिल होकर रामलीला मैदान को भरने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया। मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी जलेश्वर महतो, अमूल निरज खलको, सूर्यकांत शुक्ला सहित प्रदेश से आए कई पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह, पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह, एससी सेल प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, वरिष्ठ कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, कांग्रेस सेवा दल, नगर एवं प्रखंड अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों और मंच-मोर्चा के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

**सत्र** विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में खोली जर्जर सड़कों की पोल

# ग्रामीण-शहरी मार्गों के नवनिर्माण पर सरकार से मांगा जवाब

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने ग्रामीण और शहरी सड़कों की खराब स्थिति को जोरदार ढंग से उठाते हुए सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य लंबे समय से ठप पड़े हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



विधायक ने नगर निगम क्षेत्र में कंपनी द्वारा पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़कें खोदने और बाद में उनका सही ढंग से पुनर्निर्माण न करने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि शहर की कई सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं, पर विभाग केवल कागजी रिपोर्टों के आधार पर संतोषजनक नहीं, बल्कि वास्तविकता से कोसों दूर जवाब दे रहा है। उन्होंने नगर निगम, एनएच, रिंग रोड और ग्रामीण मार्गों पर रुके विकास कार्यों को तुरंत शुरू करने की मांग की।

सदन में उन्होंने सदर प्रखंड की मरहेता पौंता और केसुरा मोड़-सरौनी सड़कों की खराब हालत का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि इन सड़कों की वर्षों से अनदेखी की जा रही है, जिसके कारण स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर दैनिक यात्रियों तक सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

विधायक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुशंसित ग्रामीण सड़क और जनहितकारी योजनाओं पर अब तक कार्य शुरू न होने पर भी सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि निधि उपलब्ध न होने का तर्क जनता के साथ धोखा और सरकार की विफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जब सड़कें टूटी हों, जनता असहाय हो और सरकार सिर्फ गोलमोल जवाब दे, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

विधानसभा परिसर में विधायक प्रदीप प्रसाद ने भाजपा विधायकों के साथ राज्य सरकार की वादाखिलाफी और उदासीन रवैये के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि चुनाव में ह्यएक वोट के बदले 7 वादों की गारंटीह्न दी गई थी, पर सत्ता में आते ही उन वादों को भुला दिया गया।

उन्होंने कहा कि हजारीबाग की जनता की सुविधा, सुरक्षा और विकास के मुद्दों पर वे सदन और सड़क—दोनों जगह अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। जब तक सरकार जवाबदेह नहीं बनती और वादे जमीन पर नहीं उतरते, तब तक जनता की आवाज बुलंद करते रहेंगे

### हजारीबाग न्यू एरिया रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर की दान पेटी चोरी

**हजारीबाग। लोहसिंघना थाना क्षेत्र के यशवंत नगर स्थित हजारीबाग न्यू एरिया रोड के पंचमुखी हनुमान मंदिर में बीती रात चोरों ने दान पेटी चोरी कर ली। सुबह मंदिर खुलने पर पुजारी ने चोरी का पता लगाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। मंदिर के पुजारी ने लोहसिंघना थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है। चोरों की पहचान और उनकी लोकेशन का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही चोरी की वारदात का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मंदिर प्रशासन और स्थानीय लोग इस घटना से आहत हैं और उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।**

## अवधूत आश्रम शंकरपुर पर भूमाफियाओं की नजर, 96 वर्षों पुरानी आध्यात्मिक धरोहर खतरे में

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** शंकरपुर स्थित ऐतिहासिक अवधूत आश्रम, जिसे 1929 में संन्यासिनी कृष्णा देवी और स्थानीय जमींदार सच्चिदानंद मिश्र के प्रयासों से स्थापित किया गया था, इन दिनों गंभीर संकट का सामना कर रहा है। शांत वातावरण और आध्यात्मिक साधना का केंद्र माना जाने वाला यह आश्रम भूमाफियाओं की कुदृष्टि का शिकार बनता दिख रहा है। हाल के महीनों में बाहरी तत्वों द्वारा आश्रम की जमीन पर कब्जे की लगातार कोशिशें की गई हैं। स्पष्ट दस्तावेज होने के बावजूद कुछ असामाजिक तत्व विवाद पैदा कर रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। लगभग सौ वर्षों से समाज को शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक दिशा देने वाले इस स्थान को नुकसान पहुँचाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आश्रम की भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और ऐसे तत्वों पर कड़ी कार्रवाई हो जो धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर रहे हैं। सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि अवधूत आश्रम केवल एक भवन नहीं, बल्कि हजारीबाग की आध्यात्मिक पहचान है, जिसकी रक्षा सामूहिक प्रयास से ही संभव है।



## संक्षिप्त खबरें

### राम सुंदर राम उच्च विद्यालय बलबड्डा के हीरक जयंती समारोह की तैयारी, कमेटी का गठन



**मेहरमा।** राम सुंदर राम उच्च विद्यालय बलबड्डा के स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हीरक जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में अशोक कुमार भगत की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया। बैठक में डॉ० पी० एन० कुलदीप को अध्यक्ष, धनंजय कुमार सिंह को सचिव और नयन कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। सलाहकार के रूप में अरुण कुमार सिन्हा का चयन हुआ, जबकि कार्यकारिणी में मनोज मेहता, आलोक कुमार सिंह, पंकज कुमार अतुल, मृत्युंजय भगत, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रीतेश रंजन, मधुकर मधु, कुणाल कुमार सिंह और वंशीधर कुमार को शामिल किया गया। समारोह तीन दिवसीय होगा। जिसमें एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम 19 दिसंबर को आयोजित होगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी पूर्व शिक्षकों और उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। लगभग एक हजार ग्रामीणों और विद्यार्थियों की प्रभात फेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।
कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह, गोड्डा के उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के उपस्थित रहने की संभावना है।

### देवघर में अपराध नियंत्रण को मजबूत बनाने के लिए एसपी ने स्मार्ट ई-बीट ऐप की शुरुआत की

**देवघर।** जिले में अपराध नियंत्रण और स्मार्ट पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सौरभ ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आधुनिक तकनीक पर आधारित स्मार्ट ई-बीट ऐप का शुभारंभ किया। इस ऐप से अब गश्ती दलों की वास्तविक लोकेशन और उनकी गतिविधियों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकेगी, जिससे पुलिस की जवाबदेही और तत्परता में वृद्धि होगी। एसपी ने ऐप का उद्घाटन करने के बाद कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर राउडी पेट्रोलिंग टीम को रवाना किया। फिलहाल यह टीम शहर के छह संवेदनशील स्थानों बिलासी, सदर अस्पताल, पुराना बस स्टैंड, बेलाबगान, पुनसिया और बंधा इलाके में लगातार गश्त करेगी। स्मार्ट ई-बीट ऐप की विशेषता यह है कि गश्ती दल की हर गतिविधि रियल टाइम में रिकॉर्ड होगी। गश्ती अधिकारी की लोकेशन, मूवमेंट, समय, गश्त का मार्ग और अन्य गतिविधियां स्वतः ऐप में अपडेट होती रहेंगी। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि पेट्रोलिंग निर्धारित मार्ग पर और सही समय पर हो रही है या नहीं। किसी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति की जानकारी भी तुरंत रिकॉर्ड होगी, जिससे पुलिस की प्रतिक्रिया तेज और प्रभावी होगी। एसपी सौरभ ने कहा कि इस ऐप के माध्यम से गश्ती पदाधिकारियों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से तय होगी और ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही की जानकारी तुरंत उपलब्ध हो जाएगी। इससे मूल्यांकन और निगरानी की प्रक्रिया पारदर्शी बनेगी और कानून-व्यवस्था और भी सुदृढ़ होगी।

# जिला स्वास्थ्य समिति व जिला टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता

**साहिबगंज।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई, जिनमें मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना, मुख्यमंत्री अस्पताल प्रबंधन एवं अनुरक्षण योजना तथा आयुष्मान भारत योजना प्रमुख रूप से शामिल रहीं। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि उधवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को नए भवन में अविलंब स्थानांतरित किया जाए तथा नए चिकित्सा पदाधिकारी को शीघ्र प्रभार सौंपा जाए, ताकि स्वास्थ्य



सेवाओं में और अधिक सुधार लाया जा सके।

उन्होंने सदर अस्पताल में ओपीडी को अधिक सुचारू और व्यवस्थित रूप से संचालित करने पर विशेष बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि उपलब्ध सभी चिकित्सा संसाधनों और इन्फ्रास्ट्रक्चर का पूर्ण रूप से उपयोग किया जाना चाहिए, ताकि मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने फिजियोथैरेपी वार्ड को एक सप्ताह के भीतर शुरू करने का निर्देश दिया तथा एसएनसीयू में बेड की संख्या बढ़ाने के लिए सिविल सर्जन को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के अंतर्गत स्वच्छता, रोगी सुविधा, बायो-मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता जैसे मानकों पर सभी अस्पतालों को उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करना होगा।
बैठक में सिविल सर्जन डॉ० रामदेव पासवान सहित सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के अंत में उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी योजनाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन अनिवार्य है और यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं, त्वरित समाधान का निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता

**साहिबगंज।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार के दौरान उपायुक्त हेमंत सती ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। बड़ी संख्या में आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं और शिकायतों से उपायुक्त को अवगत कराया। इनमें मूलभूत सुविधाओं, सरकारी योजनाओं, भूमि संबंधी विवादों, पेंशन, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य विभागीय विषयों से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं। उपायुक्त ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी शिकायतों की भौतिक जांच की जाए और जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित कर इसकी प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। उपायुक्त ने लोगों को



भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समयबद्ध निपटारे के लिए प्रतिबद्ध है और कोई भी जेनुइन शिकायत लंबित नहीं रहने दी जाएगी। जनता दरबार में आए आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और जनता के बीच एक मजबूत संवाद का माध्यम है, जिसके जरिए लोगों की वास्तविक समस्याओं को समझकर उनका समाधान किया जा सकता है।

## गोड्डा में पीएम पोषण योजना की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक, उपायुक्त ने लापरवाही पर सख्ती दिखाई

झारखंड दर्शन संवाददाता

**गोड्डा।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण योजना से संबंधित जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के सही क्रियान्वयन, भोजन की गुणवत्ता, छात्रों की उपस्थिति, पोषण स्तर और विद्यालयों की समग्र तैयारी की समीक्षा करना था।

उपायुक्त ने बैठक में स्पष्ट कहा कि पोषण योजना बच्चों के स्वास्थ्य और विकास से सीधा जुड़ा हुआ कार्यक्रम है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यालयों में नियमित रूप से स्वच्छता, अनुशासन और व्यवहार कौशल से संबंधित गतिविधियों को लागू करने पर विशेष बल दिया। मध्याह्न भोजन को तय समय और



निर्धारित मेनू के अनुसार परोसने पर भी सख्त निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस समूह के सहयोग से रागी का लड्डू, हरी सब्जियां, फल, अंडा और अन्य पोषणयुक्त आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराने की बात कही, ताकि बच्चों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार हो सके।

उन्होंने पोषण वाटिका के संवर्धन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में रसोइया-सह-सहायिकाओं के मानदेय भुगतान, एसएमएस रिपोर्टिंग प्रणाली, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना तथा सेवा-निवृत्त रसोइयों को वृद्धा पेंशन से आच्छादित करने जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

मौके पर उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश कुमार पूर्णेन्दु, नगर प्रशासक-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद प्रसाद अग्रवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त मॉनिटरिंग शुरू की जाएगी।

## किसानों से किए वादों को पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री दीपिका पांडेय सिंह

झारखंड दर्शन संवाददाता

**महागामा।** महागामा की विधायक तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान किसानों से किए गए हर वादे को पूरा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से शुरू कर दिया गया है, जिसका लाभ सीधे किसानों को मिलेगा। मंत्री ने कहा कि इस बार एक महत्वपूर्ण सुधार किया गया है, जिसके तहत किसानों को उनकी उपज का भुगतान दो से सात दिनों के भीतर मिल जाएगा।

इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो जाएगी। विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि विपक्ष चाहे कुछ भी कहे, लेकिन असली सवाल यह है कि केंद्र सरकार सभी राज्यों के लिए धान का एक समान मूल्य



3200, 3500 या 4000 रुपए क्यों नहीं तय करती? यदि केंद्र न्यूनतम समर्थन मूल्य को एक समान कर दे, तो राज्य सरकारें अपनी क्षमता के अनुसार किसानों को बोनस प्रदान कर सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून लागू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

सभी आवश्यक प्रक्रियाएं और परामर्श पूरे कर फाइल को मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों के लोग लंबे समय से पेसा कानून के लागू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और बहुत जल्द इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया जाएगा।

कानून-व्यवस्था पर विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए मंत्री ने कहा कि केवल आरोप लगाने से सच्चाई नहीं बदल जाती। आंकड़े स्पष्ट रूप से बताते हैं कि वर्तमान सरकार का काम पिछले शासनकाल की तुलना में कहीं बेहतर है। सदन में इस विषय पर विस्तृत चर्चा होगी और सरकार उसके लिए पूरी तरह तैयार है।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर गोड्डा में आयोजित शिविर

झारखंड दर्शन संवाददाता

**गोड्डा।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों के शिक्षण संस्थानों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सदर प्रखंड के परसोती स्थित दिव्यांग विद्यालय में भी एक विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।।शिविर में एलएडीसी के डिप्टी चीफ अजीत कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकार मनुष्य के जन्म के साथ ही प्राप्त हो जाते हैं और ये पूरी तरह प्रकृति प्रदत्त हैं। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका के बाद दुनिया भर में मानवाधिकारों की सुरक्षा को आवश्यक माना गया, जिसके बाद 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व स्तर पर मानवाधिकारों की घोषणा की गई।




अजीत कुमार ने मानवाधिकार और मूलभूत अधिकारों के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि जब किसी व्यक्ति को अधिकार दिए जाते हैं, उसी क्षण उसके कर्तव्य भी प्रारंभ हो जाते हैं। उन्होंने छात्रों को समझाया कि यदि संविधान उन्हें शिक्षा का अधिकार देता है, तो विद्यालय समय पर पहुंचना, शिक्षकों का सम्मान करना, अनुशासन का पालन करना और पढ़ाई पर ध्यान देना उनका कर्तव्य है।

कर्तव्य के पालन से ही अधिकार सार्थक होते हैं। कार्यक्रम का संचालन अधिकार मित्र नवीन कुमार ने किया, जिन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, नागरिकों के अधिकार, मूलभूत अधिकारों और मानवाधिकारों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य इकबाल अंसारी ने किया। जिले के बसंतराय, पथरगामा, महागामा, मेहरमा, ठाकुरगंगटी, बोआरीजोर, पोड़ैयाहाट और सुंदरपहाड़ी प्रखंडों के विद्यालयों में भी इसी प्रकार के जागरूकता शिविर आयोजित कर छात्रों को कानूनी जानकारी प्रदान की गई।

## देवघर में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली, लोगों को दिया सुरक्षित यात्रा का संदेश

झारखंड दर्शन संवाददाता

**देवघर।** यातायात थाना की ओर से बुधवार को सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली यातायात थाना परिसर से प्रारंभ होकर डीटीओ कार्यालय होते हुए वीआईपी



चौक तक पहुंची। रैली में सर्राफ स्कूल के एनसीसी कैडेट भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और लोगों को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित किया।।एनसीसी कैडेटों ने अपने हाथों में पोस्टर और तख्तियां लेकर लोगों से अपील की कि वे बिना हेलमेट घर से बिल्कुल भी न निकलें, क्योंकि हेलमेट जीवन सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। वीआईपी चौक पहुंचने पर यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट पाए गए वाहन चालकों को रोका और उन्हें गुलाब का फूल भेंट कर हेलमेट पहनने की अनिवार्यता समझाई। पुलिस कर्मियों ने उन्हें बताया कि यातायात नियमों का पालन कर वे न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि दूसरों के जीवन की रक्षा भी करते हैं। यातायात थाना प्रभारी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन ही सुरक्षित यात्रा की कुंजी है। रैली के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि सड़क पर चलते समय सतर्कता और सावधानी ही जीवन की रक्षा करती है।

## मतदान केंद्रों के युक्तिकरण पर राजनीतिक दलों के साथ डीसी की महत्वपूर्ण बैठक

झारखंड दर्शन संवाददाता

**पाकुड़।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्षों, सचिवों एवं प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी भी मौजूद थे। उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार उन सभी मतदान केंद्रों का युक्तिकरण आवश्यक है, जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है। इस संदर्भ में जिले के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा राजनीतिक दलों के
प्रतिनिधियों को पूर्व में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा दी गई



थी। इसी प्रक्रिया को अंतिम चरण में पहुंचाने के उद्देश्य से आज की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि लिट्टीपाड़ा प्रखंड से सात, पाकुड़ प्रखंड से इकतालीस तथा महेशपुर प्रखंड से छह नए मतदान केंद्रों के निर्माण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

इसके अलावा जर्जर भवनों में संचालित मतदान केंद्रों के भवन या स्थल परिवर्तन संबंधित प्रस्ताव भी आए हैं, जिनमें महेशपुर के सात और पाकुड़ के चौदह केंद्र शामिल हैं। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की सूची जल्द उपलब्ध कराएं ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम तथा आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में बूथ स्तर पर सुचारू समन्वय और सहयोग सुनिश्चित हो सके।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पहरूडीह में हिंदी शिक्षक की भारी कमी, ग्रामीणों में बढ़ी नाराजगी

झारखंड दर्शन संवाददाता

**देवघर।** पालोजोरी प्रखंड के बसबुटिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पहरूडीह इन दिनों गंभीर शैक्षणिक संकट से गुजर रहा है। विद्यालय में हिंदी शिक्षक की नियुक्ति न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में दो शिक्षक तो अवश्य पदस्थापित हैं, लेकिन दोनों ही उर्दू माध्यम से शिक्षित हैं और उर्दू विषय के शिक्षक हैं, जबकि विद्यालय क्षेत्र में अधिकांश बच्चे हिंदी माध्यम के हैं।
बच्चों की भाषा-आधारित शैक्षणिक जरूरतों की अनदेखी होने से अभिभावक बेहद चिंतित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार



मांग करने और समस्या उठाने के बावजूद विद्यालय में हिंदी शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई है।

इससे बच्चों का बौद्धिक विकास और पढ़ाई का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। मुहल्ले के सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों से लिखित शिकायत कर तत्काल समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने साफ कहा कि विद्यालय में कार्यरत उर्दू शिक्षक किसी अन्य विद्यालय में स्थानांतरित किए जाएं और पहरूडीह विद्यालय में प्राथमिकता के आधार पर हिंदी भाषी शिक्षक की बहाली की जाए। इस मांग का नेतृत्व ग्रामीणों कमरुद्दीन मियां, रशीदा खातून, कांगड़ राय, मुन्नी देवी, करीमन बीबी, गुलशन बीबी, बेबी खातून, सकीना बीबी, साहिना खातून, नसीमा खातून, कामेश्वर राय, रीना देवी, शांति देवी, सागू राय, फुल कुमारी देवी, जशोदा देवी, मुजफ्फर अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, सजाउद्दीन अंसारी, मिली देवी, समरी देवी और माधो राय सहित सैकड़ों लोगों ने किया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उनकी मांग जल्द नहीं मानी गई तो आंदोलन की राह अपनाई जाएगी क्योंकि बच्चों का भविष्य किसी भी स्थिति में जोखिम में नहीं छोड़ा जा सकता।

## देवघर पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को धर-दबोचा

**देवघर।** जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक सौरभ द्वारा प्राप्त गोपनीय जानकारी के आधार पर देवघर साइबर थाना की टीम ने सारठ थाना क्षेत्र के सुरनी करहैया जंगल-झाड़ में चल रहे साइबर ठगी गतिविधि का भंडाफोड़ करते हुए चार साइबर अपराधियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। साइबर डीएसपी राजा मित्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर छापामारी के लिए रवाना हुई। वहां रोहित ठाकुर (26), निरंजन पंडित (19), अजित दास (26) और दिलीप महरा (39) को ऑनलाइन ठगी करते हुए पकड़ा गया। उनके पास से चार मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किए गए हैं, जिनसे ठगी का कार्य किया जा रहा था।

## साहिबगंज में स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, 65 छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा






झारखंड दर्शन संवाददाता


**साहिबगंज।** राजस्थान मध्य विद्यालय में ह्यसाहित्य की दुनियाह्व द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन की तैयारी के लिए बुधवार को एक शानदार स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के 65 छात्र-छात्राओं ने अपनी साहित्यिक प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया।
कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया, जवाहर नवोदय विद्यालय पीएम श्री, नगर पालिका कन्या उच्च विद्यालय, जमुना दास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय, शिबू सोरेन जनजातीय महाविद्यालय, राजस्थान इंटर विद्यालय, ईस्टर्न रेलवे उच्च विद्यालय, एनआर सेंटर सहित कई शिक्षण संस्थानों के बच्चे शामिल हुए। प्रत्येक प्रतिभागी ने अपनी भावनाओं, सामाजिक संदेशों और रचनात्मकता को कविता के माध्यम से अभिव्यक्त किया, जिससे पूरा माहौल साहित्यिक रंग में रंग गया।
प्रतियोगिता का मूल्यांकन वरिष्ठ साहित्यकार अनिरुद्ध प्रभास, सुधीर कुमार श्रीवास्तव एवं आनंद मोदी ने किया। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, भाषा-शैली, अभिव्यक्ति और प्रस्तुति की अत्यधिक सराहना की। कार्यक्रम में साहित्य की दुनिया मंच के अध्यक्ष, आयोजन समिति के सदस्य, स्थानीय शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### व्यवसायी रामनाथ प्रसाद गुप्ता के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के अररूआ खुर्द कॉलेज मोड़ के समीप रहने वाले प्रतिष्ठित 70 वर्षीय व्यवसायी रामनाथ प्रसाद गुप्ता का बुधवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। सरल स्वभाव और मेहनती व्यक्तित्व के धनी रामनाथ प्रसाद गुप्ता ने अपने परिश्रम से शहर में कई कारोबार स्थापित किए थे, जिससे उन्होंने न सिर्फ परिवार को मजबूती दी, बल्कि समाज में भी अपनी पहचान बनाई। उनके निधन की खबर फैलते ही हरिहरगंज बाजार और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक एवं बसपा प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता, राजद नेता रवि यादव, राजकुमार पासवान, महेंद्र यादव, बसपा नेता प्रमोद कुमार, मुखिया अरविंद पासवान, अवधेश मेहता, अभय कुमार सिंह, विजय यादव, शिक्षक अजय कुमार, अशोक यादव, उपेंद्र यादव, धनंजय कुमार, सुरेंद्र राम, अवधेश राय, कृष्णा ठाकुर, रामजी यादव सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी और शिक्षक उनके आवास पर पहुंचकर शोक जताया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। रामनाथ प्रसाद गुप्ता का निधन क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है, जिसकी भरपाई लंबे समय तक संभव नहीं होगी।

### मानवाधिकार दिवस पर मेदिनीनगर चेंबर द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित



**मेदिनीनगर।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा कोयल नदी के मरीन ड्राइव पर स्कूली बच्चों के साथ ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर स्ला स्कूल और गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी कल्पना और रचनात्मकता से उत्कृष्ट चित्र बनाए। चयनित बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में लायंस क्लब द्वारा निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर भी लगाया गया जिसमें दंत रोग विशेषज्ञ डॉ० निशांत ने बच्चों की जांच की और महत्वपूर्ण सुझाव दिए। चैंबर अध्यक्ष गुरबीर सिंह ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, आवश्यकता सिर्फ मंच उपलब्ध कराने की है। सचिव प्रियंका आनंद ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और कला व रचनात्मकता को बढ़ावा देना जरूरी है। कार्यक्रम में मुकेश कुमार अग्रवाल, वरुण जायसवाल, श्रीकांत कुमार, ऋषिकेश दुबे, रणजीत मिश्रा तथा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### चैनपुर थाना क्षेत्र में चला व्यापक वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन के निर्देशानुसार चैनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक व्यापक और सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान शाहपुर पिकेट एवं चैनपुर थाना के पास विशेष रूप से चलाया गया, जहां सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से पुलिस बल पूरी सतर्कता के साथ मैदान में उतरा। अभियान का नेतृत्व एएसआई वीरेंद्र राम एवं एएसआई बिनोद कुजूर के द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे दल के साथ मिलकर छोटे-बड़े वाहनों की गहन जांच की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने कुल 22 दोपहिया वाहनों को पकड़ा, जिनमें अधिकांश चालक बिना हेलमेट, बिना वैध दस्तावेज तथा ट्रिपल लोडिंग जैसे नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। इन सभी वाहनों को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। इस अभियान में पुलिस बल के जवान दीपू दुबे, मनीष दुबे, आलोक दुबे, रोहित कश्यप, संतोष कुमार, शिवम दुबे सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मुस्तैदी के साथ शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के चेकिंग अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाते रहेंगे, जिससे नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और सड़क दुर्घटनाओं तथा आपराधिक घटनाओं में कमी लायी जा सके।

### खजुरी में 24 घंटे का अखंड कीर्तन, हरे रामा हरे कृष्णा से गूंजा पूरा परिसर

**गढ़वा।** खजुरी स्थित रायल ग्रांड परिसर में बुधवार को 24 घंटे के अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न गांवों से आई कीर्तन मंडलियों ने भक्ति और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जैसे ही कीर्तन मंडलियों ने हरे रामा, हरे कृष्णा का जाप प्रारंभ किया, पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया और नगर तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। अखंड कीर्तन का आयोजन समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ० अनिल साह और डॉ० आयुष कुमार के नेतृत्व में किया गया, जो मंगलवार दोपहर तीन बजे से आरंभ होकर बुधवार दोपहर तीन बजे तक निरंतर 24 घंटे चलता रहा। रजहरा, पढुआ, लोआदाग, बंका, अधौरा, गोंदा सहित कई गांवों की कीर्तन मंडलियों ने इसमें भाग लेकर भक्ति रस से वातावरण को और अधिक पवित्र किया। कार्यक्रम में आनंद चंद्रवंशी, रघुवीर मेहता, सुंदर यादव, प्रदीप यादव, हरिहर मेहता, मानदेव चंद्रवंशी, प्रसाद राम, काशी चंद्रवंशी, दसई राम, संतोष मेहता, रोहित कुमार सहित कई कीर्तनकार शामिल हुए। मौके पर डॉ० अनिल साह ने कहा कि भगवान की भक्ति से मन को शांति मिलती है और भागदौड़ भरे जीवन में हर व्यक्ति को ईश्वर के लिए समय निकालना चाहिए, क्योंकि वही समस्त संसार के कल्याणकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि अखंड कीर्तन से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में पीएमईजीपी अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

# सभी बैंकों को आपसी समन्वय मजबूत करने का निर्देश

**झारखंड दर्शन संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में हुई, जिसमें डीसी ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान डीसी ने बताया कि सब्सिडी क्लेम में कुछ तकनीकी त्रुटियों और प्रक्रियागत कमियों के कारण कई मामलों में अनुदान स्वीकृति लंबित है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सत्यापन से जुड़े लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित किया जाए, ताकि लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। उपायुक्त ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में पीएमईजीपी के तहत तय लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए सभी बैंकों को आपसी समन्वय मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी अड़चनों को दूर कर लाभार्थियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही लंबित आवेदनों पर जल्द निर्णय लेने, वैध कारण वाले आवेदनों को प्रक्रिया के अनुसार वापस करने तथा अन्य आवश्यक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक रघुवर सिंह, एलडीएम, उद्योग समन्वयक चंद्रकांत पांडेय और विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक में पीएमईजीपी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और लाभार्थियों को अधिकतम सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया गया

## जनता दरबार में डीसी ने सुनी आम जनता की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई का भरोसा



**मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। डीसी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उंटारी रोड के उपेंद्र मेहता ने म्यूटेशन लंबित होने की शिकायत की, जबकि चैनपुर के राजेश गुप्ता ने जमीन हड़प के मामले में ऑनलाइन अद्यतन नहीं होने की बात कही। एक अन्य आवेदनकर्ता ने बड़ा बाबू द्वारा नापी के लिए घूस मांगे जाने की शिकायत की। नावाबाजार के बिपिन बिहारी मेहता ने राशन कटौती और कार्ड से नाम हटाने की समस्या रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने जांच कमिटी गठित की। जनता दरबार में राजस्व, जमीन विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, राशन, पेंशन, शिक्षा, ट्रांसफर, जमाबंदी रद्द करने सहित कई आवेदन प्राप्त हुए।**

## ब्लूमिंग बड्स स्कूल में आरबीएसके टीम ने आयोजित किया स्वास्थ्य जांच कैंप



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज-टंडवा रोड स्थित ब्लूमिंग बड्स स्कूल में बुधवार को आरबीएसके टीम की ओर से स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कैंप का संचालन डॉ० तौहीद अहमद और डॉ० अनीश जौहर की देखरेख में किया गया। दोनों चिकित्सकों ने कक्षा तीन से छह तक के लगभग 150 बच्चों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान बच्चों के कान, आंख, दांत, ऊंचाई, वजन सहित अन्य कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बिंदुओं की जांच की गई, ताकि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य स्थिति का सही आकलन किया जा सके। जांच के साथ-साथ चिकित्सकों ने बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित एवं पोषक आहार लेने तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के महत्व के बारे में जागरूक किया। डॉक्टरों का कहना था कि दैनिक दिनचर्या और खान-पान में सुधार से बच्चे कई बीमारियों से स्वतः बचाव कर सकते हैं। कैंप को सफल बनाने में विद्यालय परिवार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर अरुंजय कुमार, प्रिंसिपल रंजन शर्मा और शिक्षक गुप्ता सिंह, जूली कुमारी, अमन कुमार, राधा कुमारी, शैली कुमारी, प्रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, सिम्मी कुमारी, हेमा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, सरिता कुमारी और संगीता कुमारी मौजूद रहे। वहीं स्वास्थ्य कर्मी रवि कुमार और सुमित कुमार ने जांच कार्य में सहयोग कर कैंप को सुचारू रूप से संचालित करने में अहम योगदान दिया।

## शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 68वां जन्मदिन श्रद्धापूर्वक मनाया गया



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता डॉ० प्रेम रावत जी का 68 वां जन्मदिन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। अररूआ खुर्द, हरिहरगंज, मझिगांवां, बघना, पड़रिया, माड़ादाग, दुबरीडीह, महाराजगंज संडा, सरईवार, बलूवाड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केन्द्रों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

अररूआ खुर्द राज विद्या केंद्र में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रेम रावत जी की तस्वीर के समक्ष आरती उतारी और पूजा-अर्चना कर जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में शिक्षिका मधु कुमारी और शिक्षक श्रीराम चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ० प्रेम रावत एक ख्याति प्राप्त शांति संदेशवाहक हैं, जिनकी शिक्षाएं दुनिया भर में लोगों को प्रेम और सद्भाव का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि राज विद्या केंद्र संस्था विश्वभर में विभिन्न सेवा कार्य चलाती है, जो लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। कार्यक्रमों में ह्यटाइमलेस टुडेह्व ऐप के माध्यम से प्रेम रावत जी का शांति संदेश भी प्रसारित किया गया, जिसे बड़ी संख्या में महिलाझ्रपुरुष श्रद्धालुओं ने सुना। कई केंद्रों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भव्य भंडारे का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मधु कुमारी, कृष्णा गुप्ता, दिनेश पासवान, सरोज चौधरी, श्रीराम चौधरी, अमन गुप्ता, गुप्तेश्वर गुप्ता, सुमित्रा देवी, नवीन पांडेय, उमेश साव, गोपाल गुप्ता, घनश्याम शर्मा, अक्षय सिंह, राजन साव, सुनील पाल, राजू पासवान, रंजू देवी, बिंदा देवी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर महिला थाना में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर 2025 को महिला थाना शहर परिसर में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक पलामू के निदेर्शानुसार संचालित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को उनके मौलिक अधिकारों और मानवाधिकारों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में शहर अंचल निरीक्षक, शहर थाना प्रभारी, महिला थाना की पुलिस पदाधिकारी एवं महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहे। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त पीएलवी, विमेंस कॉलेज की प्रोफेसर और आबादगंज कोचिंग संस्थान के शिक्षक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कोचिंग संस्थान में पढ़ने वाली छात्राएं, विमेंस कॉलेज की छात्राएं और शहर की अन्य महिलाएं विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उन्हें भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने बताया कि किसी भी प्रकार के अत्याचार, उत्पीड़न, हिंसा या अधिकारों के हनन की स्थिति में महिलाओं को घबराना नहीं चाहिए, बल्कि तुरंत पुलिस, महिला हेल्पलाइन, और विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायता लेनी चाहिए। अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि कानून महिलाओं को अनेक विशेष सुरक्षाएं प्रदान करता है, जिनका उपयोग करके वे स्वयं को सुरक्षित रख सकती हैं।

## फुटवियर व्यवसायियों के साथ एसडीएम का संवाद, बाजार व्यवस्था सुधार पर हुई अहम चर्चा

**झारखंड दर्शन संवाददाता**




**गढ़वा।** सदर एसडीएम द्वारा आयोजित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम के तहत फुटवियर व्यापार से जुड़े व्यवसायियों, उद्यमियों और दुकानदारों के साथ विस्तार से बातचीत की गई। इस दौरान दुकानदारों ने स्थानीय बाजारों में फुटपाथ अतिक्रमण, भीड़झ्रभाड़, पार्किंग व्यवस्था, सफाई की कमी, लाइसेंसिंग से संबंधित कठिनाइयां और व्यापारिक कार्यों में आने वाली विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं को सामने रखा। एसडीएम संजय कुमार ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देना, सुगम और सुरक्षित बाजार वातावरण तैयार करना तथा प्रशासन और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालना हमेशा अधिक प्रभावी होता है और इसी उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बैठक में मौजूद व्यवसायियों ने प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक अभियान आइये खुशियां बांटें की सराहना की और स्वेच्छा से इसमें शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे इस मुहिम के तहत जरूरतमंद लोगों तक जूतेझ्रचप्पल उपलब्ध कराना चाहते हैं, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश और सहयोग की भावना विकसित हो सके। एसडीएम ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और प्रशासन की संयुक्त भागीदारी से ही एक बेहतर वातावरण बनाया जा सकता है और ऐसी पहलें दोनों के बीच संबंधों को और मजबूत करती हैं। बैठक में जामिया फुटवियर के प्रोपराइटर मोहम्मद मिशब-उल-हक, समाजसेवी राकेश पाल, गरीब नवाज शू स्टोर के प्रोपराइटर मोहम्मद इरफान, मोहम्मद अहसान, मोहम्मद अरमान और अजहरुद्दीन सहित अन्य फुटवियर व्यवसायी उपस्थित रहे और उन्होंने कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने सुझाव रखे।

## गढ़वा-पलामू की दयनीय स्वास्थ्य व्यवस्था पर भड़के सुधीर चंद्रवंशी

### कहा 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था केवल नाममात्र



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी ने पलामू और गढ़वा जिलों की बिगड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि दोनों जिलों में स्वास्थ्य सेवाएं दम तोड़ रही हैं, ग्रामीण इलाकों में न डॉक्टर मिलते हैं और न ही दवाइयों तथा उपकरणों की व्यवस्था है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई सरकारी अस्पतालों में कर्मचारियों का रवैया ह्लस्लीपिंग एजेंटह्व जैसा हो गया है और मरीजों को जान-बूझकर निजी अस्पतालों में भेजने का कमीशन तंत्र सक्रिय है, जो गरीबों के साथ अत्याचार है। डाल्टनगंज सदर अस्पताल की कार्यशैली को घेरते हुए उन्होंने कहा कि सुपरिटेंडेंट तक आपातकालीन स्थिति में फोन उठाना जरूरी नहीं समझते, जिससे मरीजों की जान जोखिम में रहती है। उन्होंने लंबे समय से एक ही पद पर जमे कर्मचारियों की पोस्टिंगझ्रट्रांसफर की समीक्षा और कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्रों में न साफ-सफाई है, न दवाइयां और न डॉक्टर समय पर आते हैं, जिससे गरीबों को महंगे निजी क्लीनिक का सहारा लेना पड़ता है।

**रेफरल और एम्बुलेंस व्यवस्था पूरी तरह विफल : चंद्रवंशी**

सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि गढ़वा में 108 एम्बुलेंस की सेवा तो है, लेकिन उसे केवल डाल्टनगंज तक सीमित कर दिया गया है। गंभीर मरीजों को सीधे रांची रेफर करना संभव नहीं हो पाता क्योंकि लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की भारी कमी है, जिससे कई मरीजों की जान पर सीधा खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने सिविल सर्जन से बात कर एम्बुलेंस सुविधा की कमी को झारखंड सरकार तक पहुंचाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलामू और गढ़वा की स्वास्थ्य व्यवस्था में भ्रष्टाचार और लापरवाही की वास्तविक तस्वीर प्रमाण सहित सामने रखेंगे। अंत में उन्होंने सरकार से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने और जनता से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं खुलकर बताने की अपील की, ताकि समाधान की दिशा में ठोस प्रयास हो सके।

**कार्यक्रम** केंद्रीय कारा, ऑब्जर्वेशन होम व कई संस्थानों में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम

# मानवाधिकार संरक्षण मानव समाज की सबसे बड़ी चुनौती : संतोष पांडेय

**झारखंड दर्शन संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर केंद्रीय कारा मेदिनीनगर सहित पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रमों एवं वर्कशॉप्स का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का संचालन झालसा के दिशा-निर्देश एवं पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राम शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। केंद्रीय कारा में आयोजित वर्कशॉप में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि आज भी मानव जाति शोषण, उत्पीड़न और अत्याचार की विभिन्न स्थितियों से जूझ रही है, जिसके चलते मानवाधिकारों का संरक्षण मानव समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का हनन होते ही मानवाधिकार सक्रिय हो जाते हैं, क्योंकि मानवाधिकार जन्मसिद्ध अधिकार हैं। मानवाधिकारों का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन की गरिमा, स्वतंत्रता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा, चिकित्सा, निःशुल्क विधिक सहायता, पर्यावरण संरक्षण, त्वरित न्याय जैसी आवश्यक सुविधाएं भी मानवाधिकारों के दायरे में आती हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति या कोई अन्य व्यक्ति मानवाधिकार आयोग या सक्षम न्यायालय में शिकायत दर्ज करा सकता है, और यदि मामले में उल्लंघन सिद्ध होता है तो दोषियों पर कार्रवाई की जाती है और पीड़ितों को मुआवजा दिलाया जाता है। जेल अधीक्षक भागीरथ करजी ने मानवाधिकारों को प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार बताया और कहा कि यातना, भेदभाव, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन जैसी गतिविधियाँ मानवाधिकारों के उल्लंघन का हिस्सा हैं। इस अवसर पर एलएडीसी असिस्टेंट पुष्कर राज ने भी बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि किसी भी प्रकार के अधिकार हनन की स्थिति में कानून का सहारा लेना चाहिए। कार्यक्रम में जेल पीएलवी नीरज सिंह, आलोक केरकेटा एवं दर्जनों बंदी उपस्थित थे।

मानवाधिकार दिवस पर ऑब्जर्वेशन होम में भी विशेष वर्कशॉप आयोजित किया गया, जिसमें पैनल अधिवक्ता सुधा कुमारी एवं विक्रम सहाय ने बच्चों और उपस्थित लोगों को मानवाधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। केंद्रीय कारा तथा ऑब्जर्वेशन होम में इस अवसर पर एक विशेष हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया, जिसमें पीएलवी नीरज सिंह, पूजा देवी, सुप्रिया रंजन, अंजना कुमारी एवं मुनेश्वर राम लोगों को लगातार सहायता प्रदान कर रहे थे। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं शैक्षणिक संस्थानों पांडू थाना, महिला थाना डाल्टनगंज, चैनपुर थाना, कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय चैनपुर, कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय पांकी, कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय लेस्लीगंज, हैदरनगर प्रखंड तथा पांकी रोड में भी पीएलवी टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और जनजागरूकता सत्र आयोजित कर लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

## पलामू पुलिस ने बीडी फिटनेस को हराया, केडी करन बने मैन ऑफ द मैच

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दिशोम गुरु स्व० शिबू सोरेन स्मृति पलामू कप के चौथे दिन का पहला मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें पलामू पुलिस ने बी० डी० फिटनेस पर एकतरफा जीत दर्ज की। झामुमो नेता सन्नी शुक्ला और आशुतोष विनायक के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता की शुरूआत सन्नी शुक्ला द्वारा कराए गए टॉस से हुई। टॉस जीतकर बी० डी० फिटनेस ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन पलामू पुलिस की सधी हुई और धारदार गेंदबाजी के सामने उनकी पारी लड़खड़ा गई। पलामू डीएसपी राजीव रंजन की कप्तानी में टीम ने पूरी अनुशासन के साथ गेंदबाजी की और बी० डी० फिटनेस की पूरी टीम को मात्र 68 रन पर ऑल आउट कर दिया। मैच में के० डी० करन का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा, जिन्होंने सिर्फ 15 रन देकर 5 विकेट हासिल किए और मैन ऑफ द मैच चुने गए। राजेंद्र सिन्हा ने टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि पलामू पुलिस ने मैदान में हरफनमौला खेल दिखाते हुए जिला का गौरव बढ़ाया है। इस मौके पर पुलिस विभाग ने बेहतरीन आयोजन के लिए झामुमो युवा नेता सन्नी शुक्ला, आशुतोष विनायक और पूरी आयोजन समिति का आभार जताया। टीम के सदस्यों में डीएसपी राजीव रंजन, एसआई लालाजी, एसआई नीरज कुमार, एसआई नागेंद्र चौधरी, जयप्रकाश पुरी, संयुक्त सचिव कृष्ण कुमार, केंद्रीय सदस्य मोहम्मद इसराइल और सचिव लालू उरांव उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मेजर लीग सॉकर : लगातार दूसरी बार मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर बने लियोनेल मेसी



**मियामी।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने लगातार दूसरी बार मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) का 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' (एमवीपी) अवॉर्ड जीत लिया है। इंटर मियामी को एमएलएस खिताब दिलाने और लीग में सबसे ज्यादा गोल करने के शानदार प्रदर्शन के चलते मेसी को मंगलवार को यह सम्मान दिया गया। 38 वर्षीय मेसी लगातार दो बार एमएलएस एमवीपी बनने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इसके साथ ही वह एमएलएस इतिहास में दो बार एमवीपी जीतने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले यह उपलब्धि केवल प्रेकी ने हासिल की थी, जिन्होंने 1997 और 2003 में यह पुरस्कार जीता था। मेसी ने इस सीजन के नियमित मुकाबलों में 29 गोल दागे और 19 गोल असिस्ट कर एमएलएस गोल्डन बूट अपने नाम किया। वह नियमित सत्र में गोल और असिस्ट दोनों में लीग का नेतृत्व करने वाले भी केवल दूसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले यह कारनामा 2015 में टोरंटो एफसी के सेबास्टियन जियोविन्को ने किया था।

### भारत नेपाल दिव्यांगजन टी- 20 क्रिकेट सीरीज 13 दिसंबर से रांची में



**रांची।** 13 से 15 दिसंबर को अमिताभ चौधरी क्रिकेट स्टेडियम अनगड़ा रांची में भारत और नेपाल के बीच दिव्यांगजनों का तीन अंतरराष्ट्रीय टी - 20 क्रिकेट मैच सीरीज चैंपियन स्प्रिंट कप दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन एवं राउंड टेबल इंडिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस में राउंड टेबल इंडिया के रांची चैप्टर 244 के अध्यक्ष आकाश खोसला ने कही। डीसीसीबीआई के अध्यक्ष मुकेश कंचन ने बताया कि नेपाल की टीम 12 दिसंबर को रांची आ जाएगी। नेपाल की टीम में जुझार खिलाड़ी है, भारत उन्हें हल्के में नहीं लेगा। झारखंड डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मेहता ने बताया कि इसे खेल नहीं बल्कि दिव्यांगजनों का समावेश के प्रयास के रूप में देखे। संरक्षक रमेश सिंह ने बताया कि सरकार और उद्योग जगत को ऐसे आयोजन में और ज्यादा सहयोग करना चाहिए, उन्होंने कहा कि सभी मैच 11:00 से शुरू होगा। इस मौके पर आकाश खोसला, रमेश सिंह, मुकेश कंचन, सरिता सिन्हा, पतरस तिर्की, समेत कई लोग मौजूद थे।

### कॉमनवेल्थ खो-खो चैंपियनशिप का पहला संस्करण अगले साल 9 मार्च से



**नई दिल्ली।** भारत वर्ष 2026 में पहली बार कॉमनवेल्थ खो-खो चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह ऐतिहासिक प्रतियोगिता 9 मार्च से 14 मार्च, 2026 तक आयोजित की जाएगी। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने इस आयोजन को भारत में कराने की औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रतियोगिता में 24 से अधिक कॉमनवेल्थ देशों की भागीदारी की संभावना है। प्रतिभागी देश यूरोप, अफ्रीका, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका–इन पांचों महाद्वीपों से होंगे, जिससे यह चैंपियनशिप वैश्विक स्तर पर व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगी। उल्लेखनीय है कि कॉमनवेल्थ 56 स्वतंत्र देशों का संघ है, जिनकी संयुक्त जनसंख्या लगभग 2.7 बिलियन है। इस चैंपियनशिप को भारत में पारंपरिक खेल खो-खो के विकास की दिशा में एक अहम मील का पत्थर माना जा रहा है। यह आयोजन इसी वर्ष जनवरी में नई दिल्ली में सफलतापूर्वक आयोजित प्रथम खो-खो विश्व कप के बाद सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा।

# आईओए और इटली ओलंपिक समिति के बीच ऐतिहासिक समझौता

### खेल सहयोग को मिलेगी नई मजबूती

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और इटली की नेशनल ओलंपिक कमेटी (कॉनई) के बीच खेलों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नई दिल्ली में ऐतिहासिक समझौता (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया। समझौते के तहत दोनों देशों के खिलाड़ियों, कोचों और खेल विज्ञान विशेषज्ञों को एक-दूसरे के उच्च स्तरीय खेल ढांचे और हाई-परफॉर्मेंस सेंटरों तक पहुंच मिलेगी। इस समझौते पर हस्ताक्षर समारोह में इटली के उप-प्रधानमंत्री एवं विदेश और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो ताजानी और भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम दोनों देशों की सरकारों की खेल के माध्यम से रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा कि यह दिन भारतीय ओलंपिक आंदोलन के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि कॉनई के साथ यह साझेदारी भारतीय खिलाड़ियों को विश्व के प्रतिष्ठित खेल तंत्रों में प्रशिक्षण और सीखने के नए अवसर प्रदान करेगी, जिससे भारत के वैश्विक खेल प्रदर्शन को नई ऊंचाई मिलेगी। इटली की नेशनल ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष लुसियानो बुओनफिलियो ने कहा कि भारत और इटली दोनों ही खेल के प्रति गहरी रुचि साझा करते हैं। यह समझौता दोनों देशों के खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्टता का सेतु तैयार करेगा और लंबे समय तक लाभ पहुंचाएगा।

समारोह के दौरान इटली के उप-प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि यह सहयोग दोनों देशों के बढ़ते संबंधों का प्रतीक है और खेल लोगों व संस्कृतियों को जोड़ने की अद्भुत शक्ति रखता है। वहीं, केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि यह साझेदारी भारत की ओलंपिक तैयारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इससे भविष्य के ओलंपिक चक्रों में भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी मजबूत होगी।

एमओयू के तहत संयुक्त प्रशिक्षण शिविरों, कोचिंग एक्सचेंज, खेल विज्ञान कार्यक्रमों में सहयोग और उभरते खिलाड़ियों के विकास से जुड़े योजनाबद्ध कार्यक्रमों पर काम किया जाएगा।

### 26वें जोधपुर पोलो सीजन 2025 का आगाज

**जोधपुर।** जोधपुर पोलो एवं इक्विस्टेरियन इंस्टीट्यूट जोधपुर के तत्वावधान में 26वां जोधपुर पोलो सीजन 2025 गुरुवार से महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन पोलो ग्राउंड, लेफ्टिनेंट जनरल एवीएम एच.एच. महाराजा उम्मेद सिंह एयरपोर्ट रोड पाबूपुरा पर शुरू हुआ। यह आयोजन 17 जनवरी तक चलेगा। जोधपुर पोलो एवं इक्वीस्टेरियन इंस्टीट्यूट जोधपुर के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि 26वां पोलो सीजन 2025 में पांच टूर्नामेंट व दस एक दिवसीय प्रदर्शन मैच खेले जाएंगे। पोलो सीजन में पांच टूर्नामेंट होंगे। इसमें आज लो गोल टूर्नामेंट शुरू हुआ जो 13 दिसम्बर तक होगा। इसके बाद 14 से 17 दिसम्बर तक उम्मेद भवन पैलेस कप 4 गोल, एचएच महाराजा ऑफ जोधपुर कप 8 गोल 23 से 28 दिसम्बर, राजपूताना व सेन्ट्रल इण्डिया कप 8 गोल चार से 11 जनवरी व 12 से 17 जनवरी 6 के मध्य महाराजा ऑफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप 8 गोल होगा।

## मोनाल कप 2025 : सचिवालय 'ए' और डेंजर्स सेमीफाइनल में

**देहरादून। एजेंसी**




सचिवालय 'ए' और सचिवालय डेंजर्स ने मोनाल कप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टूनार्मेंट में बुधवार को महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सचिवालय रॉयल स्ट्राइकर्स और सचिवालय 'ए' के बीच खेला गया। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल स्ट्राइकर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 138 रन बनाए। टीम की ओर से पुष्पेंद्र लटवाल ने 33 रनों की उपयोगी पारी खेली। गेंदबाजी में टिकराज ने 3 विकेट हासिल किए, जबकि सागर और आशुतोष को 2-2 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए सचिवालय 'ए' की टीम ने सागर की शानदार 59 रनों की पारी की बदौलत 17.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। गेंदबाजी में रमेश जोशी, नीरज और प्रदीप आगरी को एक-एक विकेट मिला। इस प्रकार सचिवालय 'ए' ने यह मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया। सागर कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरे क्वार्टरफाइनल में सचिवालय डेंजर्स और सचिवालय माइटी-11 आमने-सामने रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए डेंजर्स की टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 133 रन बनाए, जिसमें मनोज बिष्ट के 32 रनों का अहम योगदान रहा।

### दिनेश कार्तिक बने लंदन स्पिरिट के मेंटर और बल्लेबाजी कोच

**लंदन।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को द हंड्रेड लीग की फ्रेंचाइजी लंदन स्पिरिट (मेंस टीम) का मेंटर और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। कार्तिक वर्तमान में आईपीएल की मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भी मेंटर हैं। द हंड्रेड में यह किसी फ्रेंचाइजी के साथ उनकी पहली भूमिका होगी। दिनेश कार्तिक का अनुभव बेहद समृद्ध रहा है। उन्होंने खिलाड़ी और कोच के रूप में आईपीएल में 250 से अधिक मैचों में हिस्सा लिया है, जबकि भारत की ओर से उन्होंने 180 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। उनका यह व्यापक अनुभव लंदन स्पिरिट के लिए काफी अहम माना जा रहा है। लंदन स्पिरिट के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट मो बॉबट ने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी बयान में कहा डीके का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना हमारे लिए खुशी की बात है।

## एडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में पैट कमिंस की वापसी

**एडिलेड। एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हो गई है। यह टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें कमिंस की वापसी ही एकमात्र नया बदलाव है। पैट कमिंस ने पीठ के निचले हिस्से (लंबर बैक स्ट्रेस) में चोट के कारण एशेज सीरीज के शुरूआती दो टेस्ट नहीं खेले थे। उन्होंने आखिरी बार जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में खेले गए तीसरे टेस्ट में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था। कमिंस पिछले हफ्ते गाबा टेस्ट के लिए चयन के काफी करीब थे, क्योंकि उनकी रिकवरी उम्मीद से तेज रही थी। हालांकि, टीम प्रबंधन ने उन्हें पूरी तरह तैयार करने के लिए मैच सिमुलेशन के तहत कई स्पेल्स गेंदबाजी करवाने का निर्णय लिया। मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कहा वह हमारी उम्मीद से काफी आगे थे और ब्रिस्बेन टेस्ट के लिए उनके चयन पर गंभीर चर्चा हुई थी।

## कोहली वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे, रोहित शर्मा शीर्ष पर बरकरार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज बनने की ओर मजबूती से बढ़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी ताजा मेंस वनडे प्लेयर रैंकिंग में कोहली ने दो स्थान की छलांग लगाते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है, जबकि रोहित शर्मा नंबर-1 की कुर्सी पर बने हुए हैं। कोहली ने पाकिस्तान के बाबर आजम के हाथों अप्रैल 2021 में वनडे बल्लेबाजों की नंबर-1 रैंकिंग गंवाई थी, लेकिन अब वह एक बार फिर शीर्ष स्थान के बेहद करीब पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली को रैंकिंग में बड़ा फायदा मिला। 37 वर्षीय कोहली ने सीरीज में कुल 302 रन बनाए और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। सीरीज के आखिरी मुकाबले में विशाखापत्तनम में खेली गई नाबाद 65 रन की पारी के दम पर कोहली अब रोहित शर्मा से सिर्फ आठ रेटिंग अंकों पीछे हैं। वहीं रोहित शर्मा ने सीरीज में 146 रन बनाकर अपनी नंबर-1 पोजिशन बरकरार रखी। रोहित के 781 रेटिंग अंक हैं, जबकि कोहली के 773 रेटिंग अंक हैं। भारतीय टीम अब 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी।

## 69वीं राष्ट्रीय स्कूली शूटिंग प्रतियोगिता में झारखंड को स्वर्ण

**संवाददाता**



**रांची।** मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली शूटिंग प्रतियोगिता में झारखंड ने एक बार फिर अपना दमखम दिखाया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अधीन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (JEPC) की अगुवाई में राज्य की अंडर-17 बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। खासकर अभिनव पाठक ने 10 मीटर एयर राइफल ओपन साइट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया। 6 से 9 दिसंबर 2025 तक मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के शीर्ष प्रतिभाशाली निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अभिनव ने अपनी एकाग्रता, तकनीक और सटीक निशानेबाजी से निर्णायक बढ़त बनाई। लगातार स्थिर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने फाइनल दौर में बेहतरीन स्कोर करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

अभिनव पाठक की इस जीत के पीछे उनके कोच/मैनेजर अनुज कुमार और संजय कुमार यादव का योगदान भी अहम रहा। दोनों प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार हुए झारखंड दल ने प्रतियोगिता में अनुशासन, तकनीकी दक्षता और मनोबल का बेहतरीन प्रदर्शन किया. टीम प्रबंधन ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण प्रक्रियाओं में किए जा रहे सुधारों का सीधा लाभ खिलाड़ियों को मिल रहा है। अभिनव की इस उपलब्धि पर पूरे राज्य में खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अभिनव को बधाई देते हुए कहा कि राज्य के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा लगातार राष्ट्रीय मंच पर चमक रही है और यह झारखंड के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने कहा कि सरकार खेल बुनियादी ढांचे और खिलाड़ियों को आवश्यकता अनुसार संसाधन उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्ध है।

### पुरुष और महिला बॉक्सिंग नेशनल्स 31 दिसंबर से

**नई दिल्ली।** भारतीय बॉक्सिंग के इतिहास में पहली बार सीनियर एलीट पुरुष और महिला राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर से 6 जनवरी 2026 तक गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में होगी। इस आयोजन में देशभर के शीर्ष पुरुष और महिला बॉक्सर एक ही मंच पर प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। पुरुष वर्ग में सर्विसेज की टीम डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरेगी, जबकि महिला वर्ग में रेलवे की टीम अपने खिताब की रक्षा करने की कोशिश करेगी। प्रतियोगिता का आधिकारिक ड्रॉ 30 दिसंबर को निकाला जाएगा, जिसके साथ ही भारत के अगले हाई-परफॉर्मेंस साइकिल की शुरूआत होगी। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि देशभर की यूनिट्स पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 10-10 वजन श्रेणियों में भाग लेंगी। प्रत्येक यूनिट को हर वजन वर्ग में केवल एक बॉक्सर उतारने की अनुमति होगी और किसी भी श्रेणी में रिजर्व खिलाड़ी नहीं रखे जा सकेंगे।

## व्यापार

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी दल दिल्ली में : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली/जयपुर। एजेंसी**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत आगे बढ़ रही है। टैरिफ मुद्दों पर बातचीत के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर है। अमेरिका के ट्रेड पर नवनियुक्त डिप्टी ट्रेड प्रतिनिधि एंबेसडर रिक स्विट्जर इसका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने यहां प्रवासी राजस्थानी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सभी समझौते के कई अलग-अलग एंगल हैं, जिसमे कई डॉट्स जुड़े हैं।

इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि दक्षिण अमेरिकी देश चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बातचीत भी जल्द ही पूरी हो जाएगी। पीयूष गोयल ने कहा कि ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए बातचीत अपने अंतिम चरण में है और दोनों के जल्द ही संपन्न होने की उम्मीद है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कहा कि भारत और यूरोपीय संघ, मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत आगे बढ़ रहे हैं और समझौते की एक मोटी रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

## इंडिगो संकट के बीच स्पाइसजेट रोजाना शुरू करेगी अतिरिक्त 100 उड़ानें

**नई दिल्ली। एजेंसी**



इंडिगो के हालिया संकट के बीच घरेलू एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने इस शीतकालीन सत्र में अपने परिचालन का विस्तार करने की घोषणा की है। स्पाइसजेट ने कहा कि वह 100 अतिरिक्त दैनिक उड़ानें शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि मौजूदा विमानन क्षमता की कमी को दूर किया जा सके। कंपनी ने बताया कि रेगुलेटरी से मंजूरी मिलने के बाद यह सेवा शुरू हो जाएगी। स्पाइसजेट ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रमुख रूटों पर हवाई यात्रा की मांग लगातार बढ़ रही है, इसलिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की तैयारी की जा रही हैं। इंडिगो में चल रही परिचालन बाधाओं के बीच यह कदम एयरलाइन उद्योग में क्षमता संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इंडिगो इस समय संकट के दौर से गुजर रही है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने देर शाम एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान इंडिगो एयरलाइन की 10 फीसदी फ्लाइट्स में कटौती का निर्देश जारी किया था। स्पाइसजेट पिछले दो महीनों में 17 एयरक्राफ्ट को अपने ऑपरेशन में शामिल कर चुकी है। इनमें डैम्प-लीज्ड एयरक्राफ्ट और वे विमान हैं, जो पहले सेवाओं से बाहर थे। ये फिर से उड़ान में शामिल हो गए हैं। इससे एयरलाइन के पास ज्यादा उड़ानें भरने की क्षमता में इजाफा हुआ है।

## सूरत की अत्याधुनिक 'एलिवेटेड मार्केट' तैयार, 13 को मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण

**सूरत। एजेंसी**



खेतीबाड़ी उत्पन्न बाजार समिति (एपीएमसी) ने गुजरात ही नहीं बल्कि पूरे देश में इतिहास रचते हुए सबसे बड़ी और अत्याधुनिक 'एलिवेटेड मार्केट' तैयार की है, जिसका लोकार्पण 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के हाथों किया जाएगा। सामान्यतः सब्जी मार्केट ग्राउंड फ्लोर पर होती है लेकिन सूरत में जमीन की कमी और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को ध्यान में रखते हुए पहली बार पूरा सब्जी बाजार पहली मंजिल पर तैयार किया गया है। मार्केट की सबसे खास बात इसकी अनोखी डिजाइन है। एयरपोर्ट की तर्ज पर यहां 100 फुट चौड़ा विशेष रैंप बनाया गया है, जिससे भारी वाहन-ट्रक, टेंपो- सीधे पहली मंज़िल पर दुकानों के सामने पहुंच सकते हैं। परंपरागत मार्केट में माल उतारने-चढ़ाने में समय बर्बाद होता था और ट्रैफिक की समस्या भारी पड़ती थी, लेकिन इस नई सुविधा से किसान और व्यापारी अपना माल सीधे दुकान के दरवाजे पर उतार सकेंगे। इससे समय और मेहनत दोनों की भारी बचत होगी। भारत के कृषि मार्केट सेक्टर में यह इंफ्रास्ट्रक्चर एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। नई एलिवेटेड मार्केट में कुल 108 बड़ी दुकानें बनाई गई हैं। हर दुकान के साथ–बड़ा गोदाम,दो ऑफिस और बाहर माल रखने की पर्याप्त जगह जैसी सुविधाएं दी गई हैं ताकि हाजिरी, बोली और व्यापार प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के हो सके।

15 राज्यों से जुड़ा व्यापार, 3700 करोड़ रुपये का वार्षिक टर्नओवर सूरत एपीएमसी आज गुजरात की सीमाओं से बाहर निकलकर देश भर में बड़ा ट्रेडिंग हब बन चुकी है। देश के 15 राज्यों से व्यापारी यहां सब्जी और फल बेचने आते हैं। हर दिन करीब 15,000 किसान-व्यापारी-फेरियाओं की आवाजाही रहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### दस हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**हरिद्वार।** स्मैक तस्करी मामले में डेढ़ साल से फरार चल रहे दस हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित है। जानकारी के मुताबिक जनपद की कोतवाली मंगलौर में 27 फरवरी 24 को एनडीपीएस ज्ञान आलम आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने स्मैक तस्करी के मामले में ज्ञान आलम को 262 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में अन्य आरोपित जावेद लगातार फरार चल रहा था। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने पूर्व में संभावित स्थानों पर दबिश दी, परन्तु वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में ड्रग तस्कर की 2 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर।** श्रीनगर पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक कनाल जमीन के साथ एक तीन मंजिला आवासीय घर को जब्त कर लिया है, जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ है। यह संपत्ति शाल्टांग निवासी फैयाज अहमद भट के कब्जे में है, जो कुख्यात ड्रग तस्कर मंजूर अहमद भट के पिता हैं। फैयाज अहमद थाना परिम्पोरा के एनडीपीएस अधिनियम की एफआईआर संख्या 98/2025 यू/एस 8/22, 29 के मामले में शामिल था। जांच के दौरान पता चला कि उक्त संपत्ति मादक पदार्थों की तस्करी से अवैध आय के माध्यम से अर्जित की गई थी।

### अब कुपोषण दूर करेगा लौहयुक्त शिटाके मशरूम



**पंतनगर।** उत्तराखंड के जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने आयरन नैनोकणों से शिटाके मशरूम का बायोफोर्टिफिकेशन कर 35 फीसदी अधिक लौहयुक्त शिटाके मशरूम तैयार करने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस नैनो तकनीक से मशरूम ऊतकों में आयरन का अवशोषण, संचलन और जैव उपलब्धता काफी बढ़ जाती है। वैज्ञानिकों ने इस तकनीक का पेटेंट भी फाइल कर दिया है। सीबीएसएच कालेज के पूर्व अधिष्ठाता और वैज्ञानिक डॉ. संदीप अरोड़ा ने एक भेंट वार्ता में बताया कि शिटाके मशरूम (लेंटिनुला इडोडस) विश्व का सबसे मूल्यवान खाद्य और औषधीय कवक है। पूर्वी एशिया के जंगलों, विशेषकर जापान और चीन, में उत्पन्न इस मशरूम की खेती लगभग एक हजार वर्ष पुरानी है। जब इसे पारंपरिक रूप से ओक की लकड़ियों पर उगाया और स्वास्थ्य लाभ के कारण 'जीवन अमृत' के रूप में जाना जाता था। जबकि भारत जैसे राष्ट्र तकनीकी नवाचार और वैल्यू एडिशन रणनीतियों से इसके उत्पादन का विस्तार कर रहे हैं।

### पुलिस ने तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

जम्मू। नरवाल जम्मू पुलिस ने आपराधिक तत्वों पर कार्रवाई करते हुए उसकी नरवाल चौकी ने धारदार हथियारों के साथ तीन कुख्यात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। शांति और जनसुरक्षा बनाए रखने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए जम्मू पुलिस ने त्वरित और समन्वित कार्रवाई में तीन कुख्यात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से टोका, तलवार और खोखरी सहित धारदार हथियार बरामद किए।

### गांजे के साथ अंतरजनपदीय तस्कर गिरफ्तार

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नरैनी पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने 4.2 किलोग्राम अवैध सूखे गांजे के साथ एक अंतरजनपदीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। उप निरीक्षक नीरज कुमार के अनुसार बीती रात्रि गश्त व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अवैध गांजा लेकर अजयगढ़ रोड स्थित ग्राम लहुरेटा पुलिया के पास खड़ा है।

### कंटेनर-पिकअप में टक्कर, सहायक की मौत

**जींद।** जींद-गोहाना मार्ग पर गांव निडानी के निकट बुधवार सुबह कंटेनर तथा पिकअप गाड़ी के बीच हुई भिड़ंत में पिकअप चालक की मौत हो गई। जबकि उसका सहायक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पीजीआई रोहतक रैफर किया गया है। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुनाम (पंजाब) निवासी शक्ति अपने सहयोगी 75 वर्षीय शमशेर के साथ पिकअप गाड़ी लेकर बुधवार को गोहाना की तरफ जा रहा था।

### नहर में गिरा ट्रैक्टर, तीन किसानों की मौत

**भिंड।** मध्य प्रदेश के भिंड जिले में लहार थाना क्षेत्र अंतर्गत नानपुरा गांव के पास मंगलवार देर रात एक ट्रैक्टर टूटी पुलिया से नहर में जा गिरा। इस हादसे में ट्रैक्टर में सवार तीन किसानों की मौत हो गई। तीनों के शव ट्रॉली के नीचे दबे गए। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकलवाकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राजस्थान भक्ति, शक्ति और लक्ष्मीपुत्रों की धरती : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

- राजस्थान अब सूखा क्षेत्र नहीं है, यह हरा भरा क्षेत्र है
- भव्य सम्मेलन भविष्य के लिए निवेश संभावनाएं लिए है




**जयपुर। एजेंसी**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया है कि वे मातृभूमि का कर्ज चुकाने यहां अधिक से अधिक निवेश करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने राजस्थान के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में सदा मदद की है। प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन राजस्थान के प्रवासियों के आर्थिक योगदान को राष्ट्रीय विकास से जोड़ने का बहुत बड़ा माध्यम है। उन्होंने राजस्थान को भक्ति और शक्ति के साथ लक्ष्मीपुत्रों की धरती बताया। उन्होंने महाकवि कन्हैयालाल सेठिया जी की पंक्तियां 'धरती धोरा री' सुनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान में स्थाई वास कराने की भी पहल करें। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी पहल से एक साथ इतने प्रवासी राजस्थानियों का यह भव्य सम्मेलन भविष्य के लिए बहुत बड़ी निवेश संभावनाएं लिए है। राज्यपाल बागडे ने प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया कि वे राजस्थान आएं, यहां उन्हें मानव शक्ति और जमीन आदि सभी सुविधाएं समयबद्ध प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान अब सूखा क्षेत्र नहीं है। यह हरा भरा क्षेत्र है। बागडे बुधवार को राजस्थानी प्रवासी दिवस पर आयोजित सम्मेलन में सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी, प्रेमचंद बैरवा, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ आदि की उपस्थिति में राज्यपाल बागडे ने वाल्मीकि रामायण का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब भगवान श्री राम ने लंका विजय की तो सोने की लंका की लक्ष्मण ने प्रशंसा की। इस पर श्री राम ने कहा कि सोने की लंका मुझे नहीं सुहाती। श्री राम ने कहा 'जननी जन्म भूमि स्वर्गादपि गरीयसी'। जननी और जन्म भूमि स्वर्ग से भी महान होती है। उन्होंने मातृभूमि राजस्थान के विकास के लिए प्रवासियों को यहां हर क्षेत्र में सहयोग करने, उद्यमिता से युवाओं को रोजगार देने के प्रयासों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने राजस्थान की अपनत्व भरी 'पधारो म्हारे देश' की संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। प्रवासी यहां पधारें। उनका स्वागत और अभिनंदन है। राज्यपाल बागडे ने इससे पहले मुख्यमंत्री शर्मा और पंजाब के राज्यपाल कटारिया के साथ राज्य में निवेश करने वाले विशिष्ट उद्यमियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया। उन्होंने प्रवासी सम्मेलन पर प्रकाशित पुस्तक का लोकार्पण किया।

### सीकर में स्लीपर बस-ट्रक में भीषण भिड़ंत, तीन की मौत

**सीकर।** जयपुर-बीकानेर नेशनल हाईवे पर फतेहपुर के पास मंगलवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में स्लीपर बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बस कंडक्टर को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। हादसे में कुल 28 यात्री घायल हुए, जिनमें 6 की हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार बस बीकानेर से जयपुर की ओर आ रही थी, जबकि ट्रक झुंझुनूं की ओर से बीकानेर की तरफ जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रक सीधे बस में घुस गया, जिससे जोरदार धमाका हुआ और बस का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। केबिन और उसके पीछे बैठे यात्री सबसे ज्यादा घायल हुए। कई घायलों के शरीर में कांच और मेटल के टुकड़े धंस गए। हादसे में बस यात्री मयंक, ड्राइवर कमलेश और एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल कंडक्टर मितेश को एसके हॉस्पिटल, सीकर से जयपुर रेफर किया गया। घायलों में 28 लोगों को फतेहपुर अस्पताल लाया गया।

# नेपाल के ऊर्जा मंत्री और भारतीय अतिरिक्त सचिव की बैठक संपन्न

**काठमांडू। एजेंसी**



नेपाल के ऊर्जा, जलस्रोत तथा सिंचाई मंत्री कुलमान घिसिंग और भारत के विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनु महावर के बीच मंगलवार को सिंहदरबार स्थित मंत्रालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में नेपालभारत के बीच ऊर्जा, जलस्रोत तथा सिंचाई क्षेत्र में सहयोग, बिजली व्यापार, प्रसारण लाइन विस्तार तथा भारत की सरकारी कंपनियों के निवेश में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके तहत द्विपक्षीय ऊर्जा व जलस्रोत संयंत्रों की बैठक आयोजित करने, महाकाली सिंचाई (तीसरा चरण) की नहर से शुष्क मौसम में नेपाल की ओर पानी भेजने, भारतीय सरकारी कंपनियों द्वारा निर्माणाधीन 900 मेगावाट अरुण तृतीय और 669 मेगावाट लोअर अरुण जलविद्युत परियोजनाओं में वन भूमि उपयोग से जुड़ी समस्याओं के समाधान, नेपाल से भारत को अतिरिक्त बिजली निर्यात की स्वीकृति तथा शीतकाल में बिजली आयात जैसे विषयों पर वार्ता हुई। ऊर्जा मंत्री घिसिंग ने बताया कि शीतकाल के कुछ महीनों के लिए आवश्यक बिजली आयात की स्वीकृति केवल दिसंबर के आखिरी सप्ताह तक ही मिली है इसलिए, आगे के महीनों के लिए भी 24 घंटे बिजली आयात की अनुमति देने का आग्रह किया गया है। उन्होंने भारत के डे-अहेड और रियल टाइम मार्केट में बिजली निर्यात के दौरान हर वर्ष नई स्वीकृति लेने की अनिवार्यता को समाप्त कर एक बार स्वीकृति मिलने के बाद पुनः स्वीकृति न लेनी पड़े, ऐसा प्रावधान करने का अनुरोध किया। इसके साथ ही भारत के प्रसारण ढांचे का उपयोग कर बांग्लादेश को अतिरिक्त 20 मेगावाट बिजली भेजने की संभावना देखते हुए इसके लिए आवश्यक सहमति प्रदान करने की मांग भी की। घिसिंग ने कहा कि अरुण तृतीय और लोअर अरुण परियोजनाओं में वन भूमि उपयोग से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु मंत्रालय और निवेश बोर्ड समन्वय कर रहे हैं।

### आरपीएससी भवन पर 250 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के भवन में 250 किलोवाट क्षमता के एक सोलर रूफ टॉप प्लांट की सफल स्थापना की गई है। यह महत्वपूर्ण कदम राज्य सरकार के ह्रीन बजट के तहत उठाया गया है, जिसका उद्देश्य सरकारी भवनों को सौर ऊर्जा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना और कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। आयोग अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने बुधवार को प्लांट का शुभारंभ किया। इस प्लांट से प्रतिमाह लगभग 30 हजार से 36 हजार यूनिट नवीकरणीय (रिन्यूएबल) ऊर्जा का उत्पादन होने की उम्मीद है। यह न केवल आरपीएससी भवन की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि इससे आयोग को प्रति माह 3 से 3.5 लाख रुपए की बिजली बिल में बचत होने का अनुमान है। इस अवसर पर साहू ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से, राजस्थान सौर ऊर्जा के उत्पादन के लिए दुनिया के सबसे उपयुक्त स्थानों में से एक है। राज्य में वर्ष के अधिकांश दिनों में तेज और सीधी धूप उपलब्ध रहती है, जो सौर ऊर्जा उत्पादन की दृष्टि से अत्यंत अनुकूल है।

### नेपाल आम चुनाव में हिस्सा लेने के लिए 100 दलों ने कराया पंजीकरण



**काठमांडू। एजेंसी**

नेपाल में अगले साल 5 मार्च को होने वाले संसदीय चुनावों में हिस्सा लेने के लिए कुल 100 राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग में आवेदन दायर किया है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि समाप्त होने तक कुल 100 दलों ने आवेदन जमा किए। आवेदक दलों में संयुक्त चुनाव चिन्ह प्रयोग करने वाले दल और अपने अलग-अलग चुनाव चिन्ह वाले दल दोनों शामिल हैं। आयोग ने कहा कि आवश्यक समीक्षा प्रक्रिया पूरा करने के बाद 12 दिसंबर तक इन आवेदनों को अंतिम रूप देकर स्वीकृत किया जाएगा। आयोग की चुनाव समयसीमा के अनुसार दलों को 28 और 29 दिसंबर को आनुपातिक प्रणाली के लिए अपनी बंद सूची जमा करनी होगी। सत्यापन के बाद 18 जनवरी को प्रारंभिक सूची प्रकाशित की जाएगी, जबकि आपत्तियों, दावों और आवश्यक जांच के बाद अंतिम सूची 3 फरवरी को जारी होगी। प्रतिनिधि सभा की कुल 275 सीटों में से 165 सदस्य प्रत्यक्ष प्रणाली से चुने जाएंगे, जबकि शेष 110 सदस्य समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से चयनित होंगे।

### चेकिंग में 16 ट्रक सीज, लाखों का जुर्माना वसूला

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद में भारी वाहनों को ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए परिवहन विभाग (आरटीओ) ने सघन चेकिंग अभियान को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को जनपद में अलग अलग कार्यवाही के तहत चेकिंग में एआरटीओ ने 16 ट्रकों को सीज करते हुए लाखों का जुर्माना वसूला है। यह जानकारी एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने दी। एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि वाहनों की चेकिंग में 5 ओवरहाईट ट्रकों को सीज कर दिया। इसके अलावा 3 ओवरलोड ट्रकों को सीज करते हुये उन पर 97 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त बिना रिफ्लेक्टिव टेप लगे 4 वाहनों को सीज करते हुये 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जबकि कर बकाया 4 वाहनों को सीज करते हुये 1.80 लाख रुपये का कर आरोपित किया है। एआरटीओ ने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से चलाई गई इस कार्यवाही में 2.50 लाख रुपये जुर्माना व 1.80 लाख कर वाहनों स्वामियों पर आरोपित किया गया है।

### 799 पीएमश्री स्कूलों में 4.80 लाख विद्यार्थियों को मिली अध्ययन की सुविधा

पीएमश्री स्कूल अपने क्षेत्र के स्कूलों का कर रहे हैं नेतृत्व

**भोपाल। एजेंसी**



मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष-2020 के अनुरूप 799 स्कूलों को पीएमश्री विद्यालय के रूप में संचालित किया जा रहा है। इन पीएमश्री विद्यालयों में 4 लाख 80 हजार विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पीएमश्री स्कूलों में स्मार्ट कक्षाएँ, लायब्रेरी, खेल उपकरण और कला कक्ष जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित कराकर इनको आधुनिक रूप दिया गया है। ये पीएमश्री स्कूल अपने क्षेत्र के अन्य स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिये नेतृत्व कर रहे हैं। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने बुधवार को बताया कि पीएमश्री स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास में दक्ष किया जा रहा है। उन्हें कॅरियर काउंसिलिंग से भविष्य में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जा रही है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पीएमश्री योजना में 124 स्कूलों में कॅरियर काउंसलर और 137 स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर नियुक्त किये गये हैं। कक्षा 9 से 12 तक के करीब 2 लाख 41 हजार बच्चों को कॅरियर विकल्प का मार्गदर्शन दिया गया है। पीएमश्री स्कूलों में सोलर पैनल, एलईडी लाइट, प्राकृतिक खेती, पोषण उद्यान, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त परिसर, जल और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित परम्पराओं की जानकारी देते हुए हरित स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीएमश्री स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को आईआईएम इंदौर, रायपुर और टीआईएसएस मुम्बई में शिक्षण कला की विधाओं का प्रशिक्षण भी दिलाया गया है।

# राजस्थान हाईकोर्ट परिसर में बम धमाके की लगातार तीसरे दिन भी मिली धमकी

**जयपुर। एजेंसी**



राजस्थान हाईकोर्ट में लगातार तीसरे दिन भी बम विस्फोट करने की धमकी मिली है। इस सप्ताह की शुरूआत से लेकर रोजाना ऐसी धमकी भरा ईमेल मिल रहा है। धमकी की जानकारी मिलने के बाद हाईकोर्ट प्रशासन ने मुकदमों की सुनवाई करीब एक घंटे के लिए टाल दी है। दूसरी ओर बम विस्फोट की धमकी को देखते हुए गुरुवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के होने वाले चुनाव में प्रशासन से अतिरिक्त सुरक्षा बल की मांग की गई है। पूर्व की तरह धमकी की सूचना मिलने के बाद उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी देकर परिसर की जांच की गई। इस दौरान वकीलों और पक्षकारों सहित अन्य सभी को मुख्य परिसर से बाहर कर तलाशी अभियान आरंभ किया गया। हाईकोर्ट चौकी प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि बम की सूचना मिलते ही पुलिस के बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की ओर से पूरे हाईकोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की जांच की गई। वहीं हाईकोर्ट के मुख्य परिसर से न्यायिक कर्मचारियों, अधिवक्ताओं व पक्षकारों को बाहर निकाला गया है। मौके पर किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस तैनात की गई है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा का कहना है कि हाईकोर्ट परिसर में सुरक्षा के माकूल इंतजाम किए गए हैं, लेकिन अब यह गंभीर मुद्दा बन चुका है कि रोजाना कौन यहां बम विस्फोट की धमकी दे रहा है। इसके पीछे किसी खास मुकदमे की सुनवाई टालना है या रोजाना धमकी देकर प्रशासन को इसके प्रति उदासीन कर बाद में कोई बड़ी घटना अंजाम देने की योजना है। शर्मा का कहना है कि हाईकोर्ट बहुत संवेदनशील स्थान है और कई अहम मुद्दों की यहां सुनवाई होती है। ऐसे में जांच एजेंसी को चाहिए की वह तत्काल यह पता लगाए कि आखिर इस तरह की धमकी कौन दे रहा है और इसके पीछे क्या उद्देश्य है। हाईकोर्ट प्रशासन को सबसे पहले गत 31 अक्टूबर को बम विस्फोट की पहली धमकी मिली थी। इसके बाद एक माह की शांति के बाद 5 दिसंबर को दूसरी धमकी मिली।

# जनसंकल्प सम्मेलन में श्रमिकों को मिलेगी 62.5 करोड़ की सौगात : कंवर

- श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा और उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए मदद की जा रही है
- चार लाख 73 हजार 237 श्रमिक पंजीकृत हैं



**मंडी। एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का सपना है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। कामगार कल्याण बोर्ड श्रमिकों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में चार हजार कामगारों के खाते में मुख्यमंत्री करीब साढ़े बासठ करोड़ से अधिक की राशि आरटीजीएस के माध्यम से डालेंगे। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में इस समय चार लाख 73 हजार 237 श्रमिक पंजीकृत हैं। वर्ष 2023 से लेकर 2025 तक 30 हजार 562 श्रमिक नए पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि श्रमिक कल्याण बोर्ड के तहत 14 स्कीमों के माध्यम से भवन एवं अन्य कामगारों के लिए योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रमिक कामगार बोर्ड के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए सेस पोर्टल बनाया जा रहा है। इसके अलावा जिला स्तर पर श्रम कार्यालयों के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के तहत कंप्यूटर और फोटो स्टेट मशीनें स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रमिक कल्याण बोर्ड सभी पंजीकृत श्रमिकों का डाटा ऑन लाइन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों को अन्य लाभ देने के अलावा श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा और उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए मदद की जा रही है। नरदेव सिंह ने बताया कि पहली से आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को 8400 रुपए सालाना, आठवीं से स्नातक तक साठ हजार रूपए और इससे आगे की पढ़ाई के लिए एक लाख रूपए सालाना मदद की जा रही है। इसके अलावा बीस हजार रूपए सालाना हॉस्टल फीस अदा की जा रही है। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा पर नौ करोड़, पचीस लाख से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने बताया कि वीरवार को मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान होने वाले आत्मनिर्भर हिमाचल जनसंकल्प सम्मेलन में अकेले मंडी जिला के पंजीकृत श्रमिकों को एक करोड़ के करीब राशि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा उनके खातों में डाली जाएगी। उन्होंने दावा किया है कि श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से मजदूरों को सेवानिवृत्ति के बाद एक हजार रूपए की राशि पेंशन के रूप में दी जा रही है। इसके अलावा कामगारों की मृत्यु पर दो लाख रूपए की राशि और बीस हजार रूपए अंत्येष्टी के लिए प्रदान की जा रही है। जबकि दुर्घटना मृत्यु पर चार लाख रूपए प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा फर्जी रूप से पंजीकृत श्रमिकों की जांच के लिए वे व्यक्तिगत रूप से जिला स्तर पर जाकर जांच कर रहे हैं। जिसके चलते वे अब तक 11 जिलों के 41 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के सपने को साकार करने की दिशा में श्रमिक कामगार कल्याण बोर्ड प्रयासरत है। इस अवसर पर एचपी रेगुलेटरी कमिशन के सदस्य विजय पाल सिंह, एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, सदस्य जोगिंद्र गुलेरिया, दीपक शर्मा और दर्शन ठाकुर मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश में होने वाले हर गैर कानूनी काम में भाजपाइयों का हाथ : अखिलेश

**गौतमबुद्ध नगर। एजेंसी**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज भारतीय जनता पार्टी पर करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि कहा कि जितने भी गैर कानूनी काम उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं, सब भाजपा के लोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर दूसरे लोग कुछ करते हैं तो बुलडोजर चलाया जाता है। जब से कफ सिरप वाला मामला आया है, बुलडोजर का ड्राइवर चाबी लेकर बुलडोजर छोड़कर भाग गया है। अब मुख्यमंत्री के पास ना ड्राइवर है ना चाबी है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यहां एक कार्यक्रम के भाग लेने आए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पहले बुलडोजर से न्याय मिलता था। अब बुलडोजर क्यों नहीं चल रहा है। अब बुलडोजर इसलिए नहीं चल रहा है कि कफ सिरप के मामले में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों के सजातीय लोग शामिल हैं। इस मामले की जिससे जांच कराई जा रही है, वह भी उनके सजातीय है। उन्होंने कहा कि एसटीएफ के लोग भी कफ सिरप मामले में शामिल थे। इसलिए इस मामले में जब से भाजपा के लोगों के नाम आए हैं तब से बुलडोजर का ड्राइवर चाबी लेकर भाग गया है। यादव ने कहा कि जितने भी गैर कानूनी काम उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं, सब भाजपा के लोग कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कोई भी घुसपैठिया नहीं है।



# 'धुरंधर' में रहमान डकैत बनकर छाए अक्षय खन्ना

5 दिसंबर को रिलीज हुई फिल्म 'धुरंधर' की हर तरफ तारीफ हो रही है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन तो कर ही रही है, लेकिन साथ ही इसका हर किरदार फैंस का दिल जीतने में कामयाब रहा है। इस मल्टीस्टारर फिल्म में सबसे ज्यादा चर्चा अक्षय खन्ना के रहमान डकैत के किरदार की हो रही है। अपने किरदार में जान डालने के लिए एक्टर ने एक्सप्रेशन से लेकर शानदार डायलॉग डिलीवरी की है। फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान भी अभिनेता की एक्टिंग देखकर हैरान हैं। फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान ने अक्षय खन्ना की एक्टिंग की तारीफ की है और उन्हें ऑस्कर से सम्मानित करने की बात कही है। फराह खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट की, जिसमें एक तरफ अक्षय खन्ना रहमान डकैत बने दिख रहे हैं और दूसरी तरफ अक्षय कुमार के साथ कॉमेडी करते दिख रहे हैं। यह सीन फिल्म 'तीस मार खान' का है। वीडियो को पोस्ट कर फराह खान ने लिखा, 'अक्षय खन्ना, आप सच में ऑस्कर डिजर्व करते हैं। सोशल मीडिया पर भी अक्षय खन्ना की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। उनके आंखों के एक्सप्रेशन बेचैनी पैदा करते हैं और हत्या के जिस सीन को उन्होंने किया है, उससे सिहरन पैदा होती है। अभिनेता ने किरदार में इतनी नेगेटिव ऊर्जा डाल दी कि मानो रहमान डकैत दहशत लेकर दोबारा पैदा हो गया हो। दर्शकों को उनका किरदार इसलिए भी पसंद आया क्योंकि उन्हें अभी तक कॉमेडी के हल्के-फुल्के अंदाज में फिल्मों में देखा गया था, लेकिन फिल्म 'धुरंधर' में उनका नया ही रूप देखने को मिला है। इसी वजह से सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ हो रही है। फिल्म में उनके किरदार को दमदार बनाने के लिए एक अरबी गाना भी फिल्माया गया, जिसमें वे आंखों में दहशत लिए मस्ती भरे अंदाज में डांस कर रहे हैं। इस गाने की तुलना एनिमल के 'जमाल कुडू' सॉन्ग से की जा रही है। इन दोनों ही गानों ने विलेन की एंट्री को धांसू बनाया है।



लाइव कॉन्सर्ट के दौरान

# स्टेज पर कनिका संग शख्स ने की गंदी हरकत

मशहूर सिंगर कनिका कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है. दरअसल, एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान उनके साथ एक शख्स ने बदतमीजी की है. पॉपुलर सिंगर कनिका कपूर ने कई बेहतरीन गाने गाए है और लोगों का मनोरंजन किया है. उनकी प्यारी आवाज फैंस को बहुत पसंद आती है. कनिक कपूर एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं और इसकी वजह लाइव कॉन्सर्ट में उनके साथ हुई बदसलूकी. दरअसल सिंगर के लाइव कॉन्सर्ट के दौरान एक शख्स ने ऐसी हरकत की है, जिसे देखकर किसी को भी गुस्सा आए जाए. सिंगर स्टेज पर परफॉर्म कर रही थीं तभी एक शख्स ने स्टेज पर उनके बदसलूकी की और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. आइए देखते हैं कि कनिका कपूर के वीडियो में क्या है.

### कनिका कपूर का वीडियो वायरल

कनिका कपूर का एक वीडियो सामने आया है, जिसको देखकर किसी का खून खौल जाए, दरअसल, कनिका कपूर मे-गोंग फेस्टिवल के दौरान लाइव परफॉर्मेंस दे रही थीं और उनके तमाम चाहने वाले फैंस एंजॉय कर रहे थे. इस दौरान एक शख्स स्टेज पर चढ़ा और उनके साथ बदतमीजी करने लगा. तभी मौके पर मौजूद सिक्योरिटी ने उस शख्स को स्टेज से नीचे उतारा. इसके बाद भी कनिका कपूर ने बिना रुके अपनी परफॉर्मेंस जारी रखी. सिंगर वीडियो वायरल होते ही लोग इस पर रिएक्शन दे रहे हैं. कनिका कपूर के फैंस इस तरह की हरकत से नाराज नजर आ रहे हैं. वहीं, सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने इसे पब्लिसिटी स्टंट बताया और कहा है कि ये पहले से प्लानिंग में था.

### कनिका कपूर ने गाए कई बेहतरीन गाने

सिंगर कनिका कपूर के करियर पर नजर डालें तो उन्होंने 'बेबी डॉल', 'जुगनी जी', 'चिट्टियां कलाइयां', 'कमली', 'देसी लुक' जैसे चर्चित गानों को अपनी आवाज दी है. लखनऊ की रहने वाली कनिका कपूर ने साल 2012 में मुंबई का रास्ता पकड़ लिया था.

# 'राजी' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुकी हैं मेघना



मेघना गुलजार की गिनती इंडस्ट्री के चुनिंदा निर्देशकों में होती है। जो इससे पहले 'राजी', 'छपाक' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुकी हैं। तीनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से जबरदस्त सराहना मिली है।

वहीं 'छपाक' को छोड़कर बाकी दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही हैं। मेघना की आखिरी फिल्म 'सैम बहादुर' है, जिसमें विक्की कौशल प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। यह फिल्म भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है।



सब धुरंधरों की छुट्टी तय!

# 460 करोड़ी इस फिल्म का पार्ट 2 बना रहे आमिर खान

साल 2009 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म 3 Idiots सुपरहिट रही और सालों बाद भी ये फिल्म लोगों के बीच इतनी ही पॉपुलर है. रिपोर्ट्स की मानें तो अब 16 सालों के बाद इस फिल्म का सीक्वल बनने वाला है, जिसकी स्क्रिप्ट भी फाइनल कर दी गई है. बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान अपने करियर में एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दे चुके हैं. उनकी कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्हें लोग आज भी बार-बार देखना पसंद करते हैं. इन्हीं फिल्मों में शुमार है 3 इडियट्स. साल 2009 में रिलीज हुई इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स ने बहुत पसंद किया था और इसे IMDb पर भी तगड़ी रेटिंग मिली. आमिर के फैंस आज भी इस फिल्म का जिक्र करते हैं. फिल्म के चाहने वालों के लिए खुशखबरी मिल गई है. राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में बनी 3 इडियट्स में आमिर खान, आर माधवन, और शरमन जोशी ने सिनेमाघरों में जो धमाल मचाया था, अब दोबारा यह तीनों लोगों को एंटरटेन करने के लिए तैयार हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो राजकुमार हिरानी ने 3 इडियट्स के दूसरे पार्ट यानी 3 इडियट्स 2 की स्क्रिप्ट फाइनल कर ली है और फिल्म 2026 में फ्लोर पर आएगी.

रणवीर सिंह को लेकर सारा अर्जुन ने कहा-

# 'एक फरिश्ता ऐसा ही करता है'



अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। ऐसे में उन्होंने सोशल मीडिया पर अभिनेता के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए एक शानदार पोस्ट लिखी है। सारा ने रणवीर की न सिर्फ उनके काम के लिए तारीफ की, बल्कि फिल्म के पूरे सफर में उनके सपोर्ट के लिए भी उनकी सराहना की। रणवीर की तारीफ करते हुए सारा ने लिखा 'कहते हैं कि एक सच्चा एक्टर लगभग सुपर ह्यूमन होता है। आप बिल्कुल वैसे ही हैं। जहां दुनिया आपकी काबिलियत देखती है, वहीं मुझे हर दिन आपकी दरियादिली देखने का मौका मिला। आपने ईमानदारी से लीड किया।

आपके बारे में सबसे खूबसूरत बात यह है कि आप हर किसी के लिए वह इंसान बनने को तैयार रहते हैं, जो उनका साथ देता है। सबसे मुश्किल दिनों में भी रोशनी लाता है। एक फरिश्ता यही करता है। आप उन बहुत कम लोगों में से हैं जो दूसरों को खुश देखकर सच में खुश होते हैं। आपकी एक बात मैं हमेशा अपने करीब रखूंगी, वह यह है कि आप मेरे लिए हर वक्त मौजूद रहे। आपने ऐसा सपोर्ट दिया जो काम से कहीं ज्यादा था।

# लोकेश कनगराज निर्देशित इरुंबु काई मायावी में हीरो बनेंगे अल्लू अर्जुन

निर्देशक लोकेश कनगराज अपनी ड्रीम साइंस-फिक्शन फिल्म इरुंबु काई मायावी को फिर से शुरू करने की तैयारी में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने इस फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन से मुलाकात की है और अल्लू ने कहानी सुन भी ली है। हालांकि अभी तक अल्लू की ओर से कन्फर्मेशन नहीं आया है। इससे पहले इस फिल्म में सूर्या को कास्ट किया गया था लेकिन यह प्रोजेक्ट अज्ञात कारणों से ठंडे बस्ते में चला गया था। लोकेश ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने 10 साल पहले यह स्क्रिप्ट लिखी थी लेकिन बाद में इसकी कई महत्वपूर्ण आइडियाज अपनी नई फिल्मों में इस्तेमाल कर लिए। इसलिए इसका नया वर्जन पहले से काफी अलग होगा। अल्लू फिलहाल निर्देशक एटली की बिग बजट फिल्म में बिजी हैं। इस फिल्म में वह एक ही परिवार के चार किरदार निभाते दिखेंगे। दीपिका पादुकोण भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं, हालांकि उनका रोल उजागर नहीं किया गया है। लोकेश की पिछली फिल्म कुली रजनीकांत के साथ थी। अब वह अपनी सातवीं फिल्म की प्री-प्रोडक्शन में लगे हैं, जो संभवतः उनकी पहली तेलुगु फिल्म हो सकती है। इसके अलावा वह एक्टर के रूप में भी डेब्यू कर सकते हैं।





# सोशल मीडिया 'रोस्टिंग' को तान्या ने बताया अपनी ताकत

सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर तान्या मित्तल बिग बॉस 19 की थर्ड रनरअप रहीं। शो में उनकी बातों ने फैंस को काफी एंटरटेन किया और किसी को उम्मीद नहीं थी कि तान्या मित्तल शो के टॉप फाइव कंटेस्टेंट में शामिल हो पाएंगी। अब शो से बाहर आने के बाद उन्होंने उन्हें 'फेक' कहने वालों और ट्रोल करने वालों को दो टूक जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें लोगों की बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता है। शो के फिनाले के बाद तान्या मित्तल ने अपनी बिग बॉस जर्नी पर बात करते हुए कहा, 'घर के अंदर मेरी खूब रोस्टिंग हुई और मीडिया ने मुझ पर खूब प्यार बरसाया। मैं उस दौर का अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं जहां मुझे दर्शकों का प्यार देखने को मिले, क्योंकि हम अभी-अभी घर से बाहर आए हैं। मुझे यह समझने के लिए थोड़ा समय दीजिए कि मुझे कितना प्यार मिला है। मैं इस सफर को एक सीखने का दौर कहूंगी। बिग बॉस वाकई आपको एक बेहतर इंसान बनाता है। उन्होंने कहा कि जब मैं बिग बॉस के घर का हिस्सा बनी थी, तब मैं बहुत सीधी-साधी और चुपचाप रहने वाली संस्कारी लड़की थी और मुझे छोटी-छोटी बात पर रोना आ जाता था, लेकिन बिग बॉस में चिल्लम-चिल्ली और गाली देने वाले लोगों के बीच रही। पहले मुझे उन सब बातों से फर्क पड़ता था, लेकिन धीरे-धीरे मैंने इन बातों को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया। मैंने शो में लड़ाई भी की और कुछ लोगों से दोस्ती भी की, ये सब मुझे बिग बॉस ने सिखाया है। बिग बॉस के बाकी कंटेस्टेंट पर बात करते हुए तान्या ने कहा कि मुझे नहीं लगता है कि कोई मेरा दोस्त बना है क्योंकि हर किसी ने मेरा दिल दुखाया है।

# बजट के कारण रुकी ईशान खट्टर की मेजर ध्यानचंद बायोपिक फिल्म

जिन्हें पूरी दुनिया हॉकी का जादूगर कहती रत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद, है, उनकी जीवन गाथा को बड़े परदे पर देखने के लिए खेल प्रेमियों और सिनेमा दर्शकों को वर्षों से इंतजार है। हालांकि यह इंतजार अब भी जारी है। मेजर ध्यानचंद की कहानी को फिल्माने के अधिकार एक दशक से भी अधिक समय से बॉलीवुड स्टूडियोज के पास घूम रहे हैं, लेकिन यह महत्वाकांक्षी बायोपिक अब तक ठहरी हुई है। उनसे हुई बातचीत के आधार पर, इस फिल्म के निर्माण में सामने आ रही चुनौतियों का विस्तृत ब्योरा यहां प्रस्तुत किया गया है।



**फिल्म को बनाने में लगेंगे लगभग 100 करोड़..**

सूत्रों के मुताबिक... मेजर ध्यानचंद की बायोपिक का वर्तमान स्टेटस रुका हुआ है। इस फिल्म के निर्माण में सबसे बड़ी चुनौती बजट की है। निर्माता पक्ष का कथित दावा है कि इस ऐतिहासिक और बड़े पैमाने पर बनने वाली फिल्म के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए का भारी बजट आवश्यक है। वर्तमान में, इस फिल्म के अधिकार जाने-माने स्टूडियो आरएसवीपी मूवीज और एक अन्य जॉइंट पार्टी के पास हैं, जिन्हें यह राइट्स 2018-19 में मिले थे। सबसे अहम बात यह है कि ये राइट्स 2029 तक उनके पास सुरक्षित रहेंगे।

2021-22 में शूट हुआ था फिल्म का फिल्म के मौजूदा मेकर्स ने 2021-22 में एक शुरुआत की थी, जिसे पायलट शूट या फ्लोर शॉट कहा गया। यह शूट झांसी में किया गया और इसका उद्देश्य केवल कानूनी प्रक्रिया पूरी करना था ताकि अधिकारों की अवधि बनी रहे।

# 'तन्वी द ग्रेट' के लिए शुभांगी को मिला बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में किया गया सम्मानित

शुभांगी दत्त को ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड शुभांगी को उनकी डेब्यू फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए दिया गया है। अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने अनुपम खेर की निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इसी फिल्म के लिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

यह कार्यक्रम 6 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। 'तन्वी द ग्रेट' के लिए शुभांगी दत्त को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस फेस्टिवल में 'तन्वी द ग्रेट' को बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड भी मिला। स्क्रीनप्ले अनुपम खेर, अभिषेक दीक्षित और अंकुर सुमन ने मिलकर लिखा था।

**अवॉर्ड मिलने पर शुभांगी की खुशी**

शुभांगी ने खुशी जताते हुए कहा, 'यह अवॉर्ड जीतना बहुत खास और अजीब सा लग रहा है। तन्वी का किरदार बहुत ईमानदारी, कमजोरी, अनुशासन और ताकत मांगता था।'



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741